3 | राजधानी
राज्य निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों पर कसा शिकंजा

6 | अभिमत
उर्वरक उद्योग पर युद्ध का प्रभाव

10 | विदेश
बलूचिस्तान में विस्फोट तीन मरे, 29 जख्मी

11 | विविध
रूस-यूक्रेन युद्ध के संभावित परिणाम

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 122
नई दिल्ली, बुधवार, 9 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



कपिल बनने के लिए मध्यम तेज गेंदबाजी करता था: अश्विन

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# यूक्रेन के सूमी से सभी भारतीय छात्र निकाले गए

● आपरेशन गंगा अभियान के तहत उड़ानों में उन्हें भारत वापस लाया जाएगा: विदेश मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि युद्धग्रस्त यूक्रेन के सूमी शहर से सभी भारतीय छात्रों को निकाल लिया गया है और आपरेशन गंगा अभियान के तहत उड़ानों में उन्हें भारत वापस लाया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमने सूमी से सभी भारतीय छात्रों को निकाल लिया है। वे अभी पोलतावा शहर के लिए रास्ते में हैं जहां से वे पश्चिमी यूक्रेन के लिए रेलों पर सवार होंगे।

उन्होंने कहा कि आपरेशन गंगा अभियान के तहत उड़ानों में उन्हें भारत वापस लाया जाएगा। बागची ने हालांकि इस बात का उल्लेख नहीं किया कि इन्हें किस सीमा चौकी के जरिए और कब यूक्रेन से बाहर निकाला जाएगा ताकि वे भारत वापसी के लिए उड़ान ले सकें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी साझा किया जिसमें भारतीय छात्रों को खड़ी बसों के पास जलपान करते देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत, 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू होने के बाद से, पूर्वी यूरोपीय देश में फंसे 17,100 से अधिक भारतीय छात्रों को अब तक वापस ले आया है। सूमी में रूसी और यूक्रेनी सैनिकों के बीच कई दिनों से जंग चल रही है। इससे पहले, केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि युद्धग्रस्त यूक्रेन के सूमी शहर से भारतीय छात्रों को निकालना शुरू कर दिया गया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, मैंने नियंत्रण कक्ष में बात की है, बीती रात तक सूमी में 694 भारतीय छात्र थे। वे सभी आज बसों से पोलतावा के लिए रवाना हो गए हैं।

वहीं, यूक्रेन में भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में यूक्रेन में फंसे सभी भारतीय नागरिकों से देश के विभिन्न हिस्सों में घोषित मानवीय गलियारे का उपयोग करने तथा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर ट्रेन, वाहन या अन्य माध्यमों के जरिए बाहर निकलने का आग्रह किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की थी और सूमी से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के तरीकों पर चर्चा की थी, जो पूर्वी यूरोपीय देश पर रूस के हमले के बाद वहां फंस गए हैं। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने सोमवार को कहा था कि सूमी में फंसे भारतीय छात्रों की पोलतावा से होते हुए पश्चिमी सीमाओं तक सुरक्षित निकासी में समन्वय के लिए मिशन का एक दल पोलतावा शहर में तैनात है।



यूक्रेन के सूमी से निकाले गए भारतीय विद्यार्थी मंगलवार को पोलतावा शहर में सुरक्षित पहुंचे

## संघर्ष-विराम की घोषणा के बीच लड़ाई जारी

**लवीव (एपी)।** रूस ने नागरिकों को निकालने के लिए सोमवार सुबह से संघर्ष-विराम के साथ कई क्षेत्रों में मानवीय गलियारों को खोलने की घोषणा की है। हालांकि निकासी मार्ग ज्यादातर रूस और उसके सहयोगी देश बेलारूस की ओर जा रहे है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि क्या नागरिकों को निकाला जा रहा है। गलियारों की नई घोषणा के बाद भी रूसी सेना ने कुछ यूक्रेनी शहरों पर रॉकेट हमला जारी रखा और कुछ क्षेत्रों में भयंकर लड़ाई जारी रही। उत्तर, दक्षिण और मध्य यूक्रेन के शहरों में रूस की लगातार जारी गोलीबारी के बीच हजारों यूक्रेनी नागरिक वहां से सुरक्षित निकलने की कोशिश में जुटे हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि यह संघर्ष-विराम राजधानी कीव, दक्षिणी बंदरगाह शहर मारियुपोल, यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव और सूमी से नागरिकों की निकासी के लिए घोषित किया गया है। वहीं, रूस और यूक्रेन के बीच सोमवार को तीसरे दौर की वार्ता हुई। वार्ता संपन्न होने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के एक सलाहकार ने कहा कि सुरक्षित गलियारा बनाने के संबंध में मामूली प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने बैठक का अधिक विवरण साझा नहीं किया। इस बीच युद्ध में मरने वालों की संख्या (शेष पेज 9)

# मतगणना से पहले अखिलेश ने लगाए धांधली के आरोप



● एग्जिट पोल्स में बीजेपी की जीत की भविष्यवाणी पर भी सवाल उठाए

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव की मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला। अखिलेश ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव पर मतगणना में गड़बड़ी की कोशिश के आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह जिलों में फोन करके मतगणना प्रक्रिया को धीरे करने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वाराणसी में ईवीएम की एक गाड़ी पकड़ी गई, दो भाग गईं।

यदि सरकार वोट की चोरी नहीं कर रही थी तो बताए दो गाड़ियां क्यों भागीं? सुरक्षा का इंतजाम क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बनारस के अलावा बरेली में ईएवीएम के तीन बाक्स और 500 बैलेट पकड़े गए। इसके अलावा सोनभद्र में घोरावल के एसडीएम ईवीएम पकड़ी गई। सपा मुख्यालय में मंगलवार की शाम आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एग्जिट पोल्स में बीजेपी की जीत की भविष्यवाणी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल से ऐसी धारणा बनाना चहते हैं। कि भाजपा जीत रही है। ताकि चोरी भी करें तो पता ना लगे कि चोरी हुई है।

अखिलेश ने कहा कि यदि हमने वोट दिया है तो मैं नौजवानों, किसानों और आम लोगों से कहूंगा कि हमारी जिम्मेदारी है कि वोट को बचाएं। वोट नहीं गिना जाएगा तो लोकतंत्र कहां जाएगा। यह लोकतंत्र की आखिरी लड़ाई है। इसके बाद तो जनता को क्रांति करनी पड़ेगी। तभी बदलाव आएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि इसलिए मैं अपनी पार्टी के लोगों से सच्चे ईमानदार सिपाही, अधिकारी, पत्रकार आगे आएं और लोकतंत्र बचाने के लिए खड़े हों।

जब तक काउंटिंग ना हो जाए तब तक नजर रखें। जहां मशीने रखी हैं वहां किसी का आना जाना ना हो। यह लोकतंत्र के लिए खतरे का समय है। जो दल हार गया अब उसके बस में यही है जो वह करने जा रहे हैं। अब ईवीएम पकड़ी गई है, अधिकारी कोई ना कोई बहाना बताएंगे। वाराणसी के डीएम की प्रतिक्रिया पर अखिलेश ने कहा कि डीएम क्या होता है, इस डीएम को मैं भी जानता हूं। मैंने (शेष पेज 9)

### हार के भय से ऐसी बाते कर रहे हैं अखिलेश: मौर्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पराजय के डर से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों का स्वागत करने की जगह सपा प्रमुख पराजय के बाद का मीडिया के लिए जारी होने वाला प्रेस नोट मतगणना से पहले तैयार कर रहे हैं, सपा की करारी हार सरकार में रहते किए काले कारनामों के कारण हो रही है। मौर्य ने ट्विटर पर लिखा, सपा गठबंधन के तथाकथित सभी बड़े नेता चुनाव हार चुके हैं, मतगणना के पहले नौटंकी बंद कीजिए, चुनाव आयोग से सभी प्रत्याशियों को ईवीएम मशीन की रखवाली की अनुमति है, परंतु उत्तर प्रदेश अब जातिवादी, परिवारवादी, गुंडागर्दी, दंगाईयों के विरूद्ध ईमानदारी से काम करने वाली पार्टी की सरकार के साथ है और रहेगी।

# आयकर विभाग ने आदित्य ठाकरे के करीबी के परिसरों में छापे मारे


● शिवसेना ने इसे दिल्ली से किया गया आक्रमण बताया

**भाषा ।** मुंबई

**आयकर** अधिकारियों ने मंगलवार को शिवसेना पदाधिकारी राहुल कनाल के कार्यालयों और घरों तथा एक केबल ऑपरेटर एवं एक आरटीओ अधिकारी के परिसरों में तलाशी ली। कनाल, महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे के करीबी बताए जाते हैं, जबकि केबल ऑपरेटर और आरटीओ अधिकारी राज्य के परिवहन मंत्री अनिल परब (शिवसेना) से संबद्ध हैं।

शिवसेना प्रमुख एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ने कनाल के खिलाफ आयकर विभाग की तलाशी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों से पहले दिल्ली से संचालित कार्रवाई बताया। कनाल, शिरडी साईंबाबा मंदिर न्यास के सदस्य हैं। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कनाल के घर और कार्यालय में सिलसिलेवार तलाशी ली गई। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तृत रूप से नहीं बताया। केबल ऑपरेटर सदानंद कदम और आरटीओ अधिकारी बजरंग खारमते के परिसरों में भी तलाशी ली गई। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने इन लोगों के कुल 20 परिसरों की तलाशी ली जिनमें से 12 मुंबई में और शेष पुणे में हैं। कनाल के यहां तलाशी, बीएमसी स्थाई समिति के अध्यक्ष एवं शिवसेना के वरिष्ठ नेता यशवंत जाधव के खिलाफ जारी जांच से संबद्ध है। आयकर विभाग को दी गई जानकारी में संपत्ति का कथित तौर पर खुलासा नहीं करने को लेकर जाधव के परिसरों में पिछले महीने तलाशी ली गई थी।

खारमते के खिलाफ कार्रवाई सचिन वाझे से उनके कथित संपर्क को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की जारी जांच के तहत की गई है। वाझे, उद्योगपति मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास एंटीलिया के बाहर एक संदिग्ध वाहन पाए जाने और ठाणे के कारोबारी मनसुख हिरेन की हत्या के मामले में अभी जेल में है। वाहन से जिलेटिन की छड़ें (विस्फोटक सामग्री) बरामद हुई थी। बीएमसी स्थाई समिति से अनुबंध देने में भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर जाधव आयकर विभाग की जांच के दायरे में आए हैं। जाधव बीएमसी स्थाई समिति के अध्यक्ष हैं जबकि उनकी पत्नी (शेष पेज 9)



# तेल कीमतों में वृद्धि पर रखेंगे जनता के हित का ख्याल: पुरी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**पेट्रोलियम** एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच देश में कच्चे तेल की कमी नहीं होने देने का भरोसा दिलाते हुए मंगलवार को कहा कि पेट्रोलियम कंपनियां ही ईंधन कीमतों पर कोई निर्णय करेंगी। इसके साथ ही पुरी ने कहा कि सरकार तेल कीमतों के बारे में कोई भी फैसला नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर करेगी।

पुरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आप सबको आश्वस्त करता हूं कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं होगी। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी ऊर्जा जरूरतें पूरी हो सकें। हालांकि, हमारी जरूरतों का 85 प्रतिशत तेल और 55 प्रतिशत गैस हम आयात करते हैं। उन्होंने इस आरोप को भी नकार दिया कि ईंधन कीमतों में कमी सरकार ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की थी और चुनाव खत्म होते ही फिर से इनके दाम बढ़ा दिए जाएंगे। इन राज्यों में मतदान की



प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है और 10 मार्च को परिणाम आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को तेल कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में कोई भी राय बनाने के पहले इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि रूस-यूक्रेन संकट जैसे वैश्विक कारणों से दाम बढ़ते हैं। उन्होंने कहा, तेल कीमतों का निर्धारण वैश्विक कीमतों पर निर्भर करता है। दुनिया के एक हिस्से में जंग के हालात हैं तो पेट्रोलियम कंपनियां इसे ध्यान में रखेंगी। पेट्रोलियम कंपनियां खुद ही कीमतों के बारे में कोई निर्णय करेंगी। हम नागरिकों के हित में ही फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि महामारी के प्रसार के समय आर्थिक गतिविधियां ठप होने से तेल कीमतों में गिरावट का रुख रहा था लेकिन अब हालात बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम कंपनियां इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कोई निर्णय करेंगी।

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं 24 मार्च से शुरू होकर 12 अप्रैल तक चलेंगी

**पायनियर समाचार सेवा ।** प्रयागराज

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित होने वाली 2022 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कुल 51,92,689 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 मार्च से एक साथ प्रारम्भ होंगी और 12 अप्रैल तक चलेंगी। हाईस्कूल की परीक्षाएं 12 दिनों और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 दिनों में संपन्न होंगी। यूपी बोर्ड के निदेशक विनय कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को बोर्ड ऑफिस में पत्रकारों को बताया कि हाईस्कूल की परीक्षाएं 12 दिन तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 15 दिन होंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 की हाईस्कूल परीक्षा में 15,53,198 छात्र तथा 12,28,456 छात्राएं यानि कुल 27,81,654 विद्यार्थी हैं। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में 13,24,200 छात्र तथा 10,86,835 छात्राएं यानि कुल 24,11,035 विद्यार्थी हैं। इस प्रकार दोनों मिलाकर कुल 51,92,689 परीक्षार्थी (शेष पेज 9)

# अबु सलेम की सजा पर आडवाणी के आश्वासन पर केंद्र रुख स्पष्ट करे

**भाषा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा कि क्या वह तत्कालीन उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा पुर्तगाल सरकार को दिए गए इस आश्वासन से बंधी है कि गैंगस्टर अबु सलेम को अधिकतम सजा 25 साल से अधिक नहीं दी जाएगी। न्यायालय ने कहा कि अगली बार किसी भगोड़े अपराधी को भारत लेकर आने के वक्त पुर्तगाल के साथ किए गए वायदे पर केंद्र सरकार के रुख का व्यापक असर होगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दाखिल हलफनामे से संतुष्ट नहीं है, जिसमें कहा गया है कि मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के दोषी सलेम के प्रत्यर्पण के दौरान पुर्तगाल सरकार के साथ भारत का आश्वासन भारतीय अदालतों पर बाध्यकारी नहीं हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौनल और न्यायामूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ



ने केंद्रीय गृह सचिव को एक हलफनामा देने का निर्देश दिया जिसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो कि क्या भारत सरकार तत्कालीन उप प्रधानमंत्री द्वारा पुर्तगाल को दिए गए आश्वसान से बंधी है।

सुनवाई के प्रारम्भ में पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज से कहा कि एजेंसी ने वैसा हलफनामा नहीं दायर किया है जैसा न्यायालय चाहता है। पीठ ने कहा, आपको किसने हलफनामा दायर करने को कहा है? सीबीआई केवल एक अभियोजन एजेंसी है। हमने यह जानकारी देने के लिए कहा है कि क्या आप दिए गए आश्वासन से बंधे हैं? क्या सरकार (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,424 | ↑ | 581 | |
| निफ्टी | 16,013 | ↑ | 150 | |
| सोना | 53,812 | ↑ | 406 | /10g |
| चांदी | 71,297 | ↑ | 985 | /kg |

## क्विक न्यूज

### 400 करोड़ रुपए के ऋण घोटाले में पीएनबी का मुख्य प्रबंधक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ग्रेटर नोएडा शाखा के एक मुख्य प्रबंधक को 400 करोड़ रुपए के ऋण घोटाला मामले के मुख्य आरोपी लक्ष्य तंवर के साथ कथित मिलीभगत के आरोप में गिरफ्तार किया। गाजियाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) निपुण अग्रवाल ने कहा कि ऋण घोटाले की जांच कर रहे एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मुख्य प्रबंधक उत्कर्ष कुमार को ग्रेटर नोएडा में बैंक की शाखा से गिरफ्तार किया। घोटाले के वक्त कुमार पीएनबी की चंद्रनगर शाखा में नियुक्त थे। तंवर विभिन्न बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से जाली दस्तावेजों के आधार पर 400 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक ऋण जुटाने में कामयाब रहा था।

# दो साल बाद 27 से अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं फिर शुरू करेगा भारत

**भाषा ।** नई दिल्ली

**सरकार** ने अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं 27 मार्च से फिर शुरू करने का फैसला किया है। कोविड-19 महामारी की वजह से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें करीब दो साल से बंद हैं। नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण देश में अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं 23 मार्च, 2020 से स्थगित थीं। हालांकि, जुलाई 2020 से करीब 35 देशों के साथ एयर बबल व्यवस्था के तहत भारत से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन हो रहा है।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिराज्य सिंधिया ने कहा, उद्योग से जुड़े लोगों के साथ विचार-विमर्श और कोरोना वायरस के नए मामलों में कमी को देखते हुए हमने 27 मार्च, 2022 से अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं को फिर से



शुरू करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के साथ एयर बबल व्यवस्था को हटा दिया गया है। सिंधिया ने कहा, इस निर्णय के साथ मैं आश्वस्त हूं कि विमानन उद्योग नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि 27 मार्च से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 10 फरवरी को जारी दिशानिर्देशों के सख्ती से अनुपालन के (शेष पेज 9)

# कोविड संक्रमण: मस्तिष्क कार्यक्षमता को करता है प्रभावित

● गंध से जुड़े क्षेत्र और ऊतकों होता है नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 का हल्का संक्रमण भी मस्तिष्क और सोच को प्रभावित या नकारात्मक कर सकती है। वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पाया कि कोविड बीमारी मानसिक कार्यक्षमता खतरनाक स्तर तक प्रभावित करती है। इसके साथ शोधकर्ताओं स्पष्ट किया कि यह अध्ययन कोविड से ठीक हुए लोगों को मानसिक रूप से डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी इस संबंध में जांच होनी बाकी है कि क्या मस्तिष्क में हुआ परिवर्तन पहले जैसा ठीक हो सकता है। शोधकर्ताओं ने कोविड संक्रमण के कई महीने बाद मस्तिष्क से जुड़े क्षति की पहचान की, जिसमें गंध से जुड़े क्षेत्र भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मस्तिष्क के आकार में सिकुड़न हुई



जो सामान्य उम्र बढ़ने के एक दशक के बराबर हो सकती है। नेचर पत्रिका में सोमवार को प्रकाशित अध्ययन मस्तिष्क क्षेत्र में परिवर्तन और संज्ञानात्मक गिरावट से जुड़ा है।

माना जा रहा है कि इस अध्ययन में उन लोगों को शामिल किया गया, जिनको कोविड होने से पहले ही अनुबंधित किया गया था, जिनके ब्रेन का स्कैन संक्रमण से पहले और संक्रमण होने के महीनों बाद किया गया। अनुसंधान में शामिल नहीं होने वाले न्यूरोलॉजिकल विशेषज्ञों ने कहा कि यह अध्ययन मूल्यवान और अद्वितीय था, लेकिन उन्होंने आगाह किया कि मस्तिष्क परिवर्तनों के निहितार्थ अस्पष्ट थे और जरूरी नहीं कि लोगों को स्थायी नुकसान हो, या यह कि परिवर्तन सोच, स्मृति या अन्य को गहराई से प्रभावित कर सकते हैं। अध्ययन में मुख्य रूप से शामिल 51 से 81 वर्ष की आयु के लोगों को गंध की भावना से संबंधित मस्तिष्क क्षेत्रों में सिकुड़न और ऊतकों की क्षति पाई गई।

शोधकर्ताओं ने कहा कि उनमें से कुछ क्षेत्र मस्तिष्क के अन्य कार्यों में भी शामिल हैं। अध्ययन में यूके बायोबैंक में 785 प्रतिभागियों को शामिल किया गया, जो ब्रिटेन में लगभग आधे मिलियन (पांच लाख) लोगों के चिकित्सा और अन्य आंकड़ों का भंडार है। प्रतिभागियों में से प्रत्येक ने दो मस्तिष्क स्कैन किए, साथ ही कुछ बुनियादी संज्ञानात्मक परीक्षण भी किए। अपने दो स्कैन के बीच 401 प्रतिभागियों ने कोरोना वायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण किया, सभी मार्च 2020 और अप्रैल 2021 के बीच संक्रमित हुए। अन्य 384 प्रतिभागियों का एक नियंत्रण समूह गठित किया गया जो कोरोनवायरस से संक्रमित नहीं थे। लेकिन दोनों समूहों के रोगियों की उम्र, लिंग, चिकित्सा इतिहास और सामाजिक आर्थिक स्थिति जैसे क्षेत्रों में समान विशेषताएं थीं। शोधकर्ताओं ने कहा कि सामान्य उम्र बढ़ने के साथ लोग हर साल ग्रे पदार्थ का एक छोटा सा अंश खो देते हैं। उदाहरण के लिए स्मृति से संबंधित क्षेत्रों में, सामान्य वार्षिक हानि 0.2 फीसदी और 0.3 फीसदी के बीच होती है। लेकिन कोविड के रोगियों के अध्ययन में जिन्होंने संक्रमण के साढ़े चार महीने बाद अपना (शेष पेज 9)

### अध्ययन की मुख्य बातें

- संक्रमित प्रतिभागियों में मस्तिष्क का समग्र आकार 0.2 से 2 फीसदीके बीच सिकुड़ गया था।
- सूंघने क्षेत्रों, गंध से जुड़े, और स्मृति से जुड़े क्षेत्रों में ग्रे पदार्थ में नुकसान हुआ था।
- जो लोग हाल ही में कोविड से ठीक हुए थे, उनके लिए जटिल मानसिक कार्य करना थोड़ा कठिन था।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बसेगा ओलंपिक विलेज और पार्क

## दोनों परियोजनाओं को 2300 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में किया जाएगा विकसित, प्राधिकरण ने शुरू की तैयारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 2300 एकड़ से अधिक क्षेत्रफ ल में ओलंपिक पार्क और ओलंपिक विलेज खेल गांव विकसित किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2041 में इसका प्रावधान किया गया है। यहां अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत सभी खेलों के स्टेडियम बनाए जाएंगे। जबकि खेल गांव में खिलाड़ियों के रहने, अभ्यास करने और दफ्तर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। दरअसल यमुना अथॉरिटी भविष्य में देश में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना चाहती है इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।


फाइल फोटो

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि प्राधिकरण ने अपने क्षेत्र में ओलंपिक जैसे आयोजन कराने की तैयारी का खाका बना लिया है। प्राधिकरण ने ओलंपिक पार्क और ओलंपिक विलेज बनाने की तैयारी की है। दोनों परियोजनाओं को 2300 एकड़ से अधिक क्षेत्रफ ल में विकसित किया जाएगा। ओलंपिक पार्क में खेलों के स्टेडियम बनाए जाएंगे। यहां हॉकी, फु टबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट, टेबल टेनिस समेत तमाम खेलों के स्टेडियम बनेंगे। यमुना अथॉरिटी की ओर से बताया गया है कि ओलंपिक विलेज और पार्क में बनाए जाने वाले यह सभी स्टेडियम राष्ट्रमंडल और ओलंपिक के मानकों के अनुसार बनाए जाएंगे। खेल गांव में खिलाड़ियों के लिए आवास, अभ्यास करने की सुविधाएं, दफ्तर बनाए जाएंगे।

ओलंपिक पार्क और खेल गांव यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बनाया जाएगा। इसके लिए सेक्टर-23 और सेक्टर 22-एफ को चिन्हित किया गया है। सेक्टर 23 में 1600 एकड़ और 22-एफमें 750 एकड़ जमीन है। यहां पर दोनों सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यमुना प्राधिकरण का मास्टर प्लान-2041 मार्स प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना रही है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने सोमवार को यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह के समक्ष मास्टरप्लान के ड्राफ्ट का प्रेजेंटेशन दिया है। इसमें सीईओ ने ओलंपिक पार्क और ओलंपिक विलेज बनाने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने बताया कि सीईओ ने कहा है कि ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजनों को ध्यान में रखकर इसकी योजना तैयार की जाए। सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है। इसके आसपास के क्षेत्र को एक्रोपोलिस के रूप में विकसित किया जाएगा।

### पूरी दुनिया से जुड़ने वाला है यह इलाका : सीईओ



यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने कहा, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की बदौलत इस इलाके की कनेक्टिविटी न केवल देश के महानगरों बल्कि पूरी दुनिया से होने वाली है। अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि जेवर को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ा जा रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे यहां पहले से है। पेरीफेरल एक्सप्रेसवे यहां से गुजर रहा है।

गंगा एक्सप्रेसवे भी जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। बुलेट ट्रेन, रैपिड मेट्रो, सिटी मेट्रो और एयरपोर्ट टैक्सी जैसी अत्याधुनिक यातायात सुविधाएं इस शहर में आ रही हैं। डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने आगे कहा अगर आप ओलंपिक का आयोजन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय शहरों टोक्यो, बर्लिन, मॉस्को और लंदन जाएंगे तो इन सारी सुविधाओं से रूबरू होंगे।

इस तरह के आधारभूत ढांचे वाला यह देश में इकलौता शहर बन रहा है। देश के किसी महानगर के पास यह जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। लिहाजा, भविष्य में ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स जैसे बड़े आयोजनों को ध्यान में रखकर सुविधाएं विकसित करनी हैं।

# मतगणना के बाद जुलूस नहीं निकाल सकेंगे विजयी प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● बैठक में डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर जिले के विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों को 10 मार्च को मतगणना के बाद विजयी जुलूस नहीं निकालने को कहा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में 10 मार्च को होने वाली मतगणना के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं निर्देश दिए गए। निर्वाचन अधिकारी ने सभी से स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीत की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशी जुलूस नहीं निकाल सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि नोएडा के फेज-2 स्थित फूल मंडी में 10 मार्च को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी तथा इस दौरान प्रत्याशी और उनके मतदान एजेंट (अभिकर्ता) वहां मौजूद रह सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रत्याशी और एजेंट को मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल, कैलकुलेटर और लैपटॉप सहित किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाने की अनुमति नहीं होगी।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रत्याशियों और एजेंट को मतगणना के दौरान कैलकुलेटर ले जाने की अनुमति देने की मांग की, ताकि वे मतों की गिनती का हिसाब-किताब लगा सके। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा वे लिखित रूप में यह अनुरोध करें और यदि निर्वाचन आयोग स्वीकृति दे देता है तो उस पर अमल किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार


नोएडा स्टेडिय में आयोजित पिंक मैराथन में भाग लेतीं महिलाएं व छात्राएं।

### प्राधिकरण ने कराया पिंक मैराथन

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नोएडा अथॉरिटी की तरफ से पिंक मैराथन का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और स्कूली छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया।यूपी सरकार के आदेश पर महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को जागरूक के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पिंक मैराथन का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर की। इस दौड़ में बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। प्राधिकरण की तरफ से मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई। सीईओ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित पिंक मैराथन का उद्देश्य यह है कि महिलाओं को आगे लाया जाए। महिलाओं का विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस पिंक मैराथन का मकसद है कि महिलाएं आत्मनिर्भर बने।


रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन के लिए लगी युवाओं की भीड़।

### रोजगार मेले में युवाओं ने दिखाई दिलचस्पी

**नोएडा।** जनपद में पांच दिवसीय रोजगार मेला लग रहा है। इस रोजगार मेले के माध्यम से हजारों लोग नौकरी पा सकते हैं। ग्रेटर नोएडा में स्थित लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में पांच दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 8 मार्च से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगा। लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में पांच दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जो 8 मार्च से शुरू हो गया है। सैकड़ों युवा नौकरी पाने के लिए गए हुए हैं। भारत की काफी नेशनल कंपनियां ग्रेटर नोएडा और नोएडा के बच्चों को रोजगार देने के लिए आई है। रोजगार मेले में आईटीआई, 10वीं और 12वीं पास, डिप्लोमा और ग्रेजुएट युवक.युवतियों को रोजगार दिया जा रहा है। यह सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक चलेगा।

# चार साल पहले हुई युवक की हत्या का खुलासा

## आरोपी लड़की को मिली 10 साल की सजा, कोर्ट ने 5 हजार का जुर्माना भी लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में 4 साल पहले एक युवक की हत्या हो गई थी। इस मामले में अब आरोपी लड़की को 10 साल की सजा हुई है। इसके अलावा 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी लड़की और लड़के के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके कारण लड़की ने लड़के के सिर पर वार करके मौत के घाट उतार दिया था।

दनकौर थाना प्रभारी ने बताया कि जितेंद्र और सोनम की दोस्ती थी। आज से करीब 4 साल पहले सोनम और जितेंद्र का किसी बात को लेकर



विवाद हो गया था। विवाद के बाद सोनम ने 22 जून 2018 को जितेंद्र को ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर गांव में स्थित एक आम के बाग में बुलाया था और वहां पर उसके सिर पर वार कर के मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मृतक जितेंद्र के भाई के द्वारा पुलिस को लिखित तौर पर शिकायत दी गई।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। जांच में पाया गया कि जितेंद्र और सोनम की दोस्ती काफी गहरी थी, लेकिन दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस विवाद के चलते सोनम ने जितेंद्र को बिलासपुर में स्थित आम के बाग में बुलाया और वहां पर सिर पर वार करके हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पिछले 4 सालों से इस मामले में सुनवाई चल रही थी और अब जाकर सुनवाई पूरी हुई है।

गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय ने सोनम को 10 साल की सजा और 5 हजार रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

# 9वीं मंजिल से छलांग लगाकर युवती ने की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी मृतका

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-104 में रहने वाली एक युवती ने अपनी सोसाइटी के नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। वह सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-104 स्थित एटीएस हैमलेट सोसाइटी में रहने वाले राजेश सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि बीती रात को उनकी 31 वर्षीय बेटी निकिता सिंह ने अपने फ्लैट के 9वीं मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना में उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतका सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी। परीक्षा में पास ना होने की वजह से वह कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों के दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सुसाइड के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए हैं।

# हवाई फायरिंग करना पड़ा महंगा, 2 धरे

**नोएडा।** नॉलेज पार्क थाना के अंतर्गत डेरी गुजरान गांव में हथियारबंद लोगों को गोलीबारी करके दहशत पैदा करना भारी पड़ गया है। बंदूकधारियों ने गांव में घुसकर घरों में और दुकानों के सामने हवाई फ ायरिंग की। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि डेरी गुजरान गांव में कुछ दिनों पहले कार सवार 3 लोगों ने दुकानों और मकानों पर रात के समय अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसके कारण गांव में दहशत पैदा हो गई थी।

# असम के बांस उत्पाद और मध्य प्रदेश की साड़ियां बनी पसंद

## *अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सरस मेले में महिलाओं ने जमकर की खरीदारी*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा सेक्टर 33 नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेले में मंगलवार को महिला दिवस पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेले में सुबह से ही महिलाओं के समूह के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो रात तक निरंतर जारी रहा। असम के बांस के बने उत्पाद एवं मध्य प्रदेश की साड़ियां सूट तथा दुपट्टे महिलाओं की खास पसंद बने रहे।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के अधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सभी स्वयं सहायता समूह से संपर्क किया। मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न समूहों ने मेला प्रांगण में पहुंची



महिलाओं ने यहां जमकर खरीदारी की। असम बजाली जिले के नवनीता स्वयं सहायता समूह ने स्टॉल लगाया है। जिसका संचालन पंपी तालुकदार करती हैं। इनके सभी उत्पाद बांस द्वारा हाथों से बनाए गए हैं। इनमें कप, दलिया, ट्रे तथा होम डेकोरेशन आइटम की जमकर खरीदारी हो रही है। वही बंबू गोवर्धन देव ब्लॉक से अमीना खातून, जेवती स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। इनके उत्पादों में असम सिल्क साड़ी असम में खिला साड़ी तथा मेखला चादर शामिल है। मध्य प्रदेश के रायसेन की रुखसाना का सहेली एकता स्वयं सहायता समूह है। इनके उत्पाद में साड़ी सूट दुपट्टे तथा फैब्रिक शामिल है। पन्ना की रितु अहिरवार के चंडी माता स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में साड़ी सूट दुपट्टे शामिल है।

सतना जिले से अम्बे स्वयं सहायता समूह का संचालन प्रीति सेन करती हैं। इनके उत्पादों में कपड़े की सिलाई से प्लाजो तथा फ्र ॉक शामिल है। अनूपपुर जिले की रीता गोंदी चित्रकला स्वयं सहायता समूह चलती है। इनके उत्पादों में वुडवर्क की ट्रे, कटोरी चम्मच तथा पेंटिंग शामिल है। छतरपुर जिले की सीमा आर्य का बाला देवी स्वयं सहायता समूह इनके उत्पादों में बेडशीट, चादर चावल तथा शॉल शामिल है।



सूरजपुर कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार सटोरिए।

# चिड़िया-कबूतर और सांप पर सट्टा लगाने वाले 16 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

आपने सुना होगा कि लोग पैसे और कीमती चीजों पर सट्टा लगते हैं, लेकिन कभी नहीं सुना होगा कि चिड़िया, कबूतर और सांप पर भी सट्टा लगाया गया है। यह मामला ग्रेटर नोएडा का है। ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने पक्षी और जानवरों पर सट्टा लगाने वाले 16 सटोरियों को गिरफ्तार किया है।

सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए सटोरियों की पहचान श्रीकांत, राज कपूर, रोहित, छोटे चौटाला, अजय कुमार, अशोक कुमार, कालू, रविंदर, जगपाल सिंह, राजू, छत्रपाल, नानक, अंकित, विनोद, भगवानदास और दिनेश निवासी सूरजपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक चिड़िया कबूतर का पत्ता, एक चिड़िया कबूतर का फ्लेक्स और 18200 नगद बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया एक व्यक्ति द्वारा सट्टा का लगवाया जाता था। एक सटोरिए को 10 जमा करने होते थे। सटोरिया किसी एक पक्षी पर सट्टा लगाता था। यदि पक्षी निकल आता था तो उसे 10 के बजाय 100 मिलते थे। हारने पर कुछ नहीं मिलता था। इसी तरह सट्टेबाज सटोरियों से पैसे वसूल रहा था।

# चोरी के वाहनों के बनवाते थे फर्जी कागजात

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● क्राइम ब्रांच ने पिता पुत्र को दबोचा

पंजाब और नगालैंड के संभागीय परिवहन विभाग में साठगांठ कर वाहनों की फर्जी आरसी, परमिट और एनओसी तैयार करवाने वाले चंद्रमोहन उर्फ भोला और उसके बेटे अरुण को क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार किया है।

चंद्रमोहन फ र्जीवाड़ा करके पुराने और चोरी के वाहनों के कागज तैयार करने काम करता था। चंद्रमोहन पहले भी दो बार जेल जा चुका है। चंद्रमोहन के जेल जाने पर उसका बेटा अरुण इस काम को देखता था। पुलिस ने इनके पास नौ फर्जी आरसी, 10 फ र्जी परमिट, आरटीओ की छह मुहर बरामद की हैं। एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा ने बताया कि पूर्व में 32 ट्रकों के साथ एक गैंग को गिरफ्तार किया था। इसमें चंद्रमोहन उर्फ भोला का नाम भी सामने आया था जो वांछित चल रहा था।

टीम ने कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को भी पकड़ लिया। पूछताछ में चंद्रमोहन ने बताया कि परिवहन संभागीय परिवहन विभाग पटियाला, लुधियाना, भटिंडा के साथ कोहिमा नगालैंड के क्लर्क, व्हीकल इंस्पेक्टर से लेकर अन्य अधिकारियों से सांठगांठ है। इनकी मदद से वह चोरी के वाहनों पर फर्जी इंजन और चेसिस नंबर डालकर उनके कागज तैयार करवाते हैं।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वाहनों की चोरी दिखाकर उनके बीमे का क्लेम ले लेते हैं और इसके बाद उन्हीं वाहनों के नंबर बदलकर नए कागज तैयार कराकर फिर से सड़क पर चलाते थे। आरोपी कागज बनवाने के लिए 30 से 40 हजार रुपये लेते थे। अभी करीब 200 वाहनों के फर्जी कागज तैयार करवा चुके हैं।

# अवैध स्त्व से गांजा बेचने के दो आरोपी धरे

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बेचने के आरोप में सोमवार रात दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से सवा किलोग्राम गांजा बरामद किया। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार रात को गश्त पर निकली थाना पुलिस ने निक्को मोड़ के पास से तारा तथा शक्ति नाथ झा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से पुलिस ने करीब सवा किलोग्राम गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी सूरजपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को गांजे की पुड़िया बेचते थे।

# मथुरा-वृंदावन तक बनेगा नया एक्सप्रेसवे

## टूरिस्ट और श्रद्धालुओं को होगा बड़ा फायदा, परियोजना पर 7 हजार करोड़ होंगे खर्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मथुरा-वृंदावन की यात्रा करने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए जल्दी ही राया से यमुना एक्सप्रेसवे और वृंदावन होते हुए मथुरा तक नया एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। यह एक्सप्रेसवे यमुना अथॉरिटी बनाएगी। यह सिक्स लेन वाला 100 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे होगा। इससे मथुरा और अलीगढ़ जिलों में रियल एस्टेट और टूरिज्म सेक्टर को बड़ा फायदा मिलेगा। दिल्ली-एनसीआर से जाने वाले लाखों टूरिस्ट और श्रद्धालु सुगम यात्रा कर सकेंगे। सोमवार को यह जानकारी यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से दी गई है।

यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे राया हेरिटेज सिटी बसाने का फैसला यमुना प्राधिकरण ने करीब 2 साल पहले लिया था। राया हेरिटेज सिटी को



मथुरा-वृंदावन से जोड़ने के लिए नया एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। छह लेन का यह एक्सप्रेसवे 100 मीटर चौड़ा होगा। इस परियोजना की डीपीआर बनाने वाली कंपनी से फिज़बिलिटी रिपोर्ट मांगी गई है। सीईओ ने एजेंसी से कहा है, डीपीआर में नेचुरोपैथी सेंटर, योगा केंद्र, ध्यान और दर्शन केंद्र, हाट और स्थानीय कला को प्रदर्शित करने के लिए योजना बनाई जाए। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने इन बिंदुओं को शामिल करते हुए जल्द डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट को देने के लिए कहा है। यमुना प्राधिकरण एक्सप्रेसवे के किनारे राया में 9350 हेक्टेयर में हेरिटेज सिटी विकसित करेगा। इसमें 731 हेक्टेयर में पर्यटन जोन और 110 हेक्टेयर में रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। इसे विकसित करने में करीब 7000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि अगर पर्यटक यमुना एक्सप्रेसवे से होकर गुजरें तो वह राया में रुकें। मथुरा-वृंदावन जैसी स्थिति का एहसास कर सकें। उसी के अनुरूप यहां पर राया हेरिटेज सिटी विकसित की जानी है।

इसके लिए सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बना रही है। आपको बता दें कि दुनिया की जानी-मानी कंपनी सीबीआरई को ही यमुना अथॉरिटी ने जेवर के पास फिल्म सिटी बसाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# यमुना अथॉरिटी बसाएगी पहला ऐयरोट्रोपोलिस

● मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बाद यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने एक और महत्वकांक्षी परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश का पहला एयरोट्रोपोलिस यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बसाया जाएगा। यह नया शहर जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से लेकर अलीगढ़ और आगरा तक फैला होगा।

इसके लिए मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस एयरोट्रोपोलिस के पहले चरण का क्षेत्रफ ल करीब 2300 एकड़ रहेगा। यह पूरी परियोजना अगले कुछ दशकों में मूर्त रूप लेगी।

यमुना प्राधिकरण वर्ष 2041 का मास्टर प्लान बना रहा है। इसी मास्टर प्लान में एयरोट्रोपोलिस प्रोजेक्ट को समाहित किया जा रहा है। अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक मार्स प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नया मास्टरप्लान बना रही है।

### क्या होता है एयरोट्रोपोलिस

एयरोट्रोपोलिस एक महानगरीय उपसमूह होता है, जिसका बुनियादी ढांचा, भूमि उपयोग और अर्थव्यवस्था एक हवाईअड्डे पर केंद्रित होते हैं। मतलब, हवाईअड्डे और उसके साथ संचालित होने वाली तमाम गतिविधियां एयरोट्रोपोलिस का हिस्सा होती हैं। यह शब्द एयरो और मेट्रोपोलिस से होकर बना है, जो उड्डयन और महानगर शब्दों को एक साथ जोड़ता है। एयरोट्रोपोलिस शब्द का सबसे पहले इस्तेमाल न्यूयॉर्क के वाणिज्यिक कलाकार निकोलस डेसेंटिस ने किया था। न्यूयॉर्क शहर की ऊंची आसमान को छूने वाली इमारतों के साथ हवाईअड्डे का चित्र डिसेंटिस ने बनाया और उसे नवंबर 1939 में लोकप्रिय पत्रिका साइंस के अंक में प्रकाशित किया गया था।

# बैंक ने गलती से तुड़वा दिया दूसरे का लॉकर

**गाजियाबाद।** शहर के पंजाब नेशनल बैंक की नेहरू नगर शाखा में लॉकर से 70 लाख रुपये के जेवर चोरी होने के मामले में नाटकीय मोड़ आ गया है। दरअसल, लॉकर धारक महिला की गलती से दूसरी सीरीज के लॉकर को अपना समझ बैठी, जिसके चलते उसमें चाबी नहीं लग पा रही थी। पुलिस ने जांच के दौरान महिला के असली लॉकर का पता चला तो उसमें रखे जेवर भी सुरक्षित मिले।

इस पूरे मामले में बैंक अधिकारियों की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। अपनी ही बैंक के लॉकरों से अनजान अधिकारी किसी दूसरे व्यक्ति का लॉकर तुड़वा बैठे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बैंक अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए विधिक राय ली जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राज्य निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों पर कसा शिकंजा

## गाइड लाइन के अनुसार स्टार प्रचारकों की अधिकतम संख्या 10 तय की गई

**संजय राय।** नई दिल्ली




अप्रैल में संभावित दिल्ली नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुटा राज्य चुनाव आयोग एक्शन में आ गया है। निगमचुनाव को लेकर आयोग की तरफ से लगातार जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। अब उसने राजनीतिक दलों के लिए नई गाईड लाइन जारी की हैं। जिनका ध्यान उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान रखना होगा।

आयोग के इस कदम के बाद एमसीडी चुनावों की तारीखों की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने इस साल अप्रैल में होने वाले नगर निगम चुनाव की आदर्श आचार संहिता में कोविड-19 के मद्देनजर मान्यता प्राप्त सियासी दलों के लिए स्टार प्रचारकों की अधिकतम संख्या 10 और गैर मान्यता प्राप्त दलों के लिए पांच तय की है। इसके अलावा भी संहिता में कई पाबंदियां लगाने की बात कही गई है।

संहिता के दिशा-निर्देशों के अनुसार रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक सभाएं करने या जुलूस निकालने पर रोक होगी। साथ ही बिना पूर्वानुमति के बाइक या साइकिल रैली निकालने की अनुमति नहीं होगी। नुक्कड़ सभाओं में केवल 50 लोगों को शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। केवल पांच लोगों को घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार करने की इजाजत होगी। नगर निगम चुनाव की तारीख घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि निर्वाचन आयोग कुछ ही दिन में तारीख की घोषणा कर सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संहिता दस्तावेज के अनुसार, कोविड-19 महामारी के मद्देनजर राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त दलों के लिए स्टार प्रचारकों की अधिकतम संख्या 10 और और गैर-मान्यता प्राप्त दलों के लिए पांच तय की गई है।

स्टार प्रचारकों से चुनाव प्रचार कराने की जानकारी कम से कम 48 घंटे पहले जिलाधिकारी को देनी होगी। दिशा-निर्देशों के अनुसार, वैध अनुमति के बिना और मौजूदा डीडीएमए दिशानिर्देशों के तहत किसी भी रोड शो और मोटरसाइकिल या साइकिल रैलियों की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### जल्द घोषित हो सकते हैं चुनाव के कार्यक्रम

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिल्ली निगम चुनाव के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से जल्दी चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। इसके लिए सभी दलों के संभावित उम्मीदवार अपने-अपने वार्डों में अभी से ही सक्रिय हैं। राजनीतिक दल भी चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। पिछले डेढ़ दशक से निगम की सत्ता में भाजपा काबिज है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी सत्ता में आने के लिए कोशिश कर रही हैं। आम आदमी पार्टी निगम में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच ही है। हालांकि कांग्रेस भी निगम में काबिज होने के लिए कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती।

### भाजपा और आप के बीच सीधी लड़ाई



भाजपा और आम आदमी पार्टी में आमने-सामने की लड़ाई है। हालांकि कांग्रेस भी पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुटी है। राजनीति विशेषज्ञों का मानना है कि इस चुनाव में आप बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। इस तरह की विचारधारा के लोग भी लगातार आप में शामिल हो रहे हैं। कुछ निगम पार्षद हैं, कुछ पूर्व निगम पार्षद हैं तो कुछ दूसरे दलों के इलाके में दमखम रखने वाले कार्यकर्ता हैं। यही वे लोग हैं जो पार्टियों के जमीनी कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे हैं। उन्हें डर है कि कहीं टिकट के लिए उनका पत्ता न कट जाए, जबकि वह पांच साल से इलाके में मेहनत कर रहे हैं।

### बाहरी नेताओं से कार्यकर्ता बेचैन

*दिल्ली नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे है राजनीतिक दलों में सक्रियता भी बढ़ती जा रही है। लेकिन, इसे लेकर भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बेचैनी भी बढ़ रही है। इसका कारण बड़ी संख्या में दूसरे दलों के नेताओं का पार्टी में शामिल होना है। ऐसे में पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती दिख रही है। उन्हें यह डर सता रहा है कि टिकट कहीं उनकी जगह पार्टी में शामिल हो रहे दुसरे दल के नेताओं को न मिल जाए। इसे लेकर कई कार्यकर्ता मन मसोसकर रह जा रहे हैं तो कुछ ने इसकी शिकायत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भी की है।*

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



महिलाएं जीवन में मेहनत व संघर्ष कर आगे बढ़ रही हैं और उन्हें सफलता नई-नई कहानियां गढ़ रही है। आधी आबादी किसी से भी कम नहीं हैं और हर क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं। ऐसी महिलाओं को अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली महिला आयोग की तरफ से आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराने के साथ ही उन्हें आगे बढ़ने का अवसर भी दे रही है। इसके अलावा दिल्ली महिला आयोग को सशक्त कर रहे हैं, ताकि महिलाओं की सुरक्षा कर सके। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल दिल्ली की लेडी सिंघम हैं। आज देश ही नहीं दुनिया के अंदर सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे राजधानी दिल्ली में लगे हैं। केजरीवाल ने एसिड अटैक की शिकार यू-ट्यूबर रेशमा कुरैशी, नदी में डूब रही बच्ची की जान बचाने के दौरान जान गंवाने वाली अनुष्का के माता-पिता, मनोवैज्ञानिक लेफ्टिनेंट कर्नल मेहरौता शिखा, माउंटेनियर लेफ्टिनेंट कर्नल पूनम सांगवान, शूटर लेफ्टिनेंट कर्नल अनिला खत्री, 20-22 किमी साइकिल चलाकर काम करने जाने वाली जबलपुर की 89 वर्षीय शांति बाई यादव, ऑटो चलाने वाले 78 वर्षीय हरजिंद सिंह, यू-ट्यूबर प्रजक्ता कोहली, वालीबुड की अदिती गोवत्रिकर, किन्नरों के हितों के लिए काम कर रहीं गौरी सावंत, शहीद विधवा रेखा देवी, हॉकी महिला टीम की सदस्य, सिविल डिफेंस मार्शल मानव ठाकुर, वैज्ञानिक भानुमति भारत व वैज्ञानिक डॉ. पीआर राधा देवी, बिक्रम साराभाई स्पेस सेंटर केरला डिप्टी डायरेक्टर अथुला देवी, नौसेना की कमांडर रिचा वर्मा, सर्जन व लेफ्टिनेंट कमांडर, हेड कांस्टेबल सीमा, कांस्टेबल पूरी डेमन, कांस्टेबल सुनिता, एएसआई प्रियंका, हेड कांस्टेबल ज्योति देवी, दिल्ली सरकार के बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की मेघा, योगिता और रिया जैन समेत अन्य महिलाओं को सम्मानित किया।

## स्कूल-कॉलेजों के पास विशेष सुरक्षा : अस्थाना



**नई दिल्ली।** पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने कहा कि वर्ष 2025 तक दिल्ली पुलिस में 25 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उसके बाद महिलाओं की भागीदारी की इस संख्या को क्रमिक रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। डीपी में अभी करीब 13 प्रतिशत महिला पुलिसकर्मी हैं। केंद्र सरकार की योजना है कि हर बल में 33 प्रतिशत महिलाएं हो। उसे यहां भी लागू किया जाएगा। अस्थाना ने यह बात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में तरंगिनी में की। राकेश अस्थाना ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूलों व कॉलेजों के निकट 500 से अधिक पीसीआर वैन तैनात की गई हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पॉडकास्ट के जरिए लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस प्रमुख ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी बात की।

# छात्रों को यूपीएससी तैयारी के दिए टिप्स




सरकारी बच्चों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए टिप्स देती जिलाधिकारी सोनालिका जीवानी व साथ में शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **मुश्किलों से डरने के बजाय उसे सीखने का मौका मानकर आगे बढ़ते रहे : जीवानी**

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए शुरू की गई अनूठी पहल मोटिवेशनल स्पीकर सीरीज यूपीएससी का सपना देखने वाले बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जहाँ युवा आईएएस आईपीएस अधिकारी सीधे संवाद के जरिए बच्चों के साथ पढ़ाई और तैयारी से जुड़े अपने अनुभव शेयर करते है।

इस श्रृंखला के पांचवे सत्र में मंगलवार को वर्ष 2017 बैच की आईएएस ऑफिसर व दक्षिणी दिल्ली की जिला मजिस्ट्रेट सोनालिका जीवानी ने छात्रों के साथ तैयारी संबंधी अपने अनुभव साझा किए। सर्वोदय कन्या विद्यालय कालकाजी में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 75 बच्चों के साथ प्रत्यक्ष संवाद के अलावा इस कार्यक्रम में लगभग 13000 बच्चे यूट्यूब लाइव के माध्यम से भी जुड़े।

जीवानी ने कहा कि छात्रों की जिस क्षेत्र में रूचि है पूरी मेहनत के साथ उसे पूरा करने में जुट जाए।

इस मौके पर शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि कि तैयारी के दौरान खुद को नेगेटिव विचारों से दूर रखें ऐसे विचार आने पर आत्म विश्लेषण करे और उसके बाद दोबारा तैयारी में लग जाए।

### स्वच्छ पिंक मैराथन दौड़

***नई दिल्ली।*** *अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मंगलवार को स्वस्थ एवं स्वच्छ पूर्वी दिल्ली की थीम पर स्वच्छ पिंक मैराथन दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ में पूर्वी निगम विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा निगमकर्मियों ने भाग लिया। पूर्वी दिल्ली के निगमायुक्त विकास आनंद ने स्वच्छ पिंक मैराथन दौड़ का आगाज किया। इस मौके पर अपर आयुक्त शिल्पा शिंदे तथा अल्का शर्मा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।*

### महिलाओं का निशुल्क चेकअप सेनेटरी पैड का वितरण

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हैदरपुर कलस्टर एरिया में गरीब महिलाओं का निशुल्क चेकअप करने साथ मुफ्त सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण माय स्टोरी ने एसके ट्रेडर्स के सौजन्य से किया। इसके साथ ही हर माह 300 पैड मुफ्त पैड देने का भी वादा किया।

### महिला चौपाल का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वराज इंडिया दिल्ली देहात मोर्चा ने खेड़ा डाबर गाँव और सुरनहेड़ा गांव में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में डीडीए की लैंड पूलिंग पॉलिसी में दिल्ली के गाँवों और किसानों के साथ हो रहे अन्याय को रेखांकित करते हुए महिलाओं ने स्मार्ट विलेज बसवाने की सामूहिक शपथ ली। चौपाल में मनोज राजीव यादव, सिंचिता रॉय, अमित कुमार, गोपाल तिवारी और सोनू उपस्थित रहे। यूथ फॉर स्वराज की ओर से अंजलि और विशाल उपस्थित रहे।

### शिवाजी एनएसएस ईकाई ने महिलाओं को किया जागरूक

**नई दिल्ली।** शिवाजी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सपना : मासिक धर्म पैड दान अभियान चलाकर महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य प्रो शिवकुमार सहदेव के निर्देशन में तीन एनएसएस टीमों ने रघुबीर नगर के स्लम व रैनबसेरा में 350 सेनेटरी पैड वितरित किए। कार्यक्रम में प्रो. रुचिरा, डॉ. सरिता, डॉ. अमिता, डॉ. पूजा, डॉ. रितु ने सहयोग किया।

# फैक्ट्री की आग बुझाने में ड्रोन का इस्तेमाल

- **आग के फैलाव की देता है जानकारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली दमकल सेवा ने बवाना में प्लास्टिक के दाने बनाने की एक फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने के लिए अन्य संसाधनों के साथ-साथ ड्रेन का भी इस्तेमाल किया।

दमकल विभाग ने आग बुझाने के लिए पहली बार ड्रोन का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक यह फैक्ट्री आई-55, सेक्टर-5, डीएसआईडीसी बवाना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 25 गाड़ियां मौके पर भेजी गई और आग पर काबू पाने के लिए करीब 100 कर्मचारियों को तैनात किया गया था।

दिल्ली दमकल विभाग के निदेशक, अतुल गर्ग ने कहा, यह पहली बार है कि हमने आग पर काबू पाने के लिए और संसाधनों के बेहतर समन्वय तथा उपयोग के लिए एक ड्रोन का इस्तेमाल किया है। कोविड-19 लहर के दौरान, आग की इतनी बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली थी। उन्होंने कहा, गर्मियां की शुरुआत के साथ, आग से संबंधित घटनाओं में वृद्धि होगी। स्थापित कैमरों वाले ड्रोन आग नियंत्रण में बेहतर मदद करते हैं। दमकल विभाग ने कहा कि वर्तमान में उसके पास केवल एक ऐसा ड्रोन है जो मूल रूप से अग्निशामकों को यह अनुमान लगाने में मार्गदर्शन करता है कि आग किस हद तक और कितने क्षेत्र में फैली है और इसके अनुसार संसाधनों का उपयोग विशिष्ट दिशा में आग को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि बवाना में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। नए ड्रोन से अब आग को जल्द बुझाने में जल्द और आसानी होगी।

# न्यायिक सेवा परीक्षा: उम्र सीमा में छूट संबंधी याचिका पर सुनवाई

- **हाईकोर्ट ने दिया परीक्षा टालने का आदेश**




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने उम्मीदवारों के लिए 32 वर्ष की अधिकतम उम्र सीमा में ढील को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान निर्देश दिया कि दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा-2022 के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को पुनर्निर्धारित किया जाए और परीक्षा स्थगित की जाए।

सुनवाई सात अप्रैल को होगी। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति डी के शर्मा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया और उसे एक सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। आवेदन प्राप्त करने की तारीख को सुनवाई की अगली तारीख के बाद की तारीख में बदल दिया जाएगा। इसलिए तारीख भी स्थगित कर दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि मामले को उसी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए जो मुख्य न्यायाधीश का आदेश प्राप्त करने के बाद मामले को देखती है। जिला न्यायाधीश के पद पर आवेदन के लिए निर्धारित 35 वर्ष की न्यूनतम आयु मानदंड को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए परीक्षा को 20 मार्च तक टाल दिया है।

## शराब पर छूट पाबंदी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर किसी तरह की छूट पर प्रतिबंध लगाने के दिल्ली सरकार के फैसले पर रोक लगाने के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति कामेश्वर राव ने आदेश सुनाते हुए कहा, मैंने आवेदनों को खारिज कर दिया है, आदेश अपलोड किया जाएगा। अदालत ने मुख्य याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 25 मार्च की तारीख तय की।

## अभाविप-डूसू का दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यशस्विनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत में कोलंबिया की राजदूत मारियाना पाचेको मोंटेस रहीं। अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर रजनी अब्बी और डूसू की संयुक्त सचिव शिवांगी खरवाल ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं को संबोधित किया।

# स्कूल में बनी विश्वस्तरीय सुविधाओं वाली मोंटेसरी लैब

- **देश के दूसरे स्कूल में नहीं हैं ऐसी सुविधाएं : मनीष सिसोदिया**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केवल बड़ी कक्षाओं को ही बेहतरीन शिक्षा मुहैया कराकर नहीं बन सकते देश दुनिया में नंबर एक। शीर्ष पर आने के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एजुकेशन को भी बेहतर बनाना बनाना होगा।

इसी कड़ी में राज्य सरकार ने हर तबके के नौनिहालों को शानदार बचपन देने के लिए सभी सरकारी स्कूलों में मोंटेसरी लैब करने की योजना बनाई है। इसे देखते हुए केजरीवाल सरकार ने राणा प्रताप सर्वोदय विद्यालय में स्टेट-ऑफ-आर्ट सुविधाओं से लैस मोंटेसरी लैब शुरू किया है। यहां मौजूद सुविधाएं विश्वस्तरीय है और देश के किसी दूसरे स्कूल में नहीं हैं ऐसी सुविधाओं वाला अनूठा मॉडल। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को राजेन्द्र नगर स्थित राणा प्रताप सर्वोदय विद्यालय में मोंटेसरी लैब का उद्घाटन किया।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि उनकी सरकार हर बच्चे को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने स्कूलों में शिक्षा संबंधी नए, अनूठे व बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित कर रही है। इस दिशा में मोंटेसरी लैब का उद्घाटन किया। सिसोदिया ने दावा किया कि सरकारी स्कूल में बना ये मोंटेसरी लैब में मौजूद सुविधाएं देश के किसी दूसरे स्कूल में नहीं होंगी। ये स्कूल बच्चों के माता-पिता को भरोसा देगा कि यहां शानदार पढ़ाई होती है और वे ये जरूरत सोचेंगे की उनके बच्चे भी इस स्कूल में पढ़े। मोंटेसरी लैब का ये शानदार मॉडल पूरी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अपनाया जाएगा।

सिसोदिया के मुताबिक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों में हर तबके को चाहे वो अमीर हो या गरीब विकसित देश जैसी शानदार शिक्षा सुविधाएं मिल रही है।

अब उनकी सरकार अर्ली चाइल्डहुड केयर एजुकेशन को भी वर्ल्ड क्लास बनाएगी क्योंकि ये बच्चों के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। शोध बताते हैं कि बच्चे के पैदा होने से लेकर दूसरी कक्षा तक आने के बीच के समय तक बच्चों की बहुत सारी कंडीशनिंग हो जाती है क्योंकि ये सीखने का महत्वपूर्ण समय होता है। इसलिए इस उम्र में बच्चों में भरोसा पैदा करना, डर खत्म करना और उनमें समझ विकसित करना बेहद जरुरी है। यदि इस समय बच्चों में कॉन्फिडेंस डेवलप नहीं हुआ तो आगे आने वाले समय में बच्चा टॉपर होने का बावजूद डरेगा।

बच्चों को सर्वांगीण विकास के अवसर उपलब्ध करवाना। उसमें पढ़ने की आदत डालने के लिए प्रोत्साहित करना। वेल-बींग व लाइफ स्किल्स विकसित करना।

### मौजूदा सुविधाएं

मोंटेसरी लैब को दो भागों में बांटा गया है। यहां मौजूद लैब बच्चों के सीखने संबंधी विश्वस्तरीय सुविधाओं व गतिविधियों के लिए लर्निंग-मटेरियल से लैस है जो बच्चों में रिसर्च, कम्युनिकेशन, थिंकिंग, सोशल, सेल्फ-मैनेजमेंट आदि जैसे कौशल सीख सके और उनमें भविष्य के लिए मजबूत नींव तैयार हो सके। इसके अतिरिक्त स्कूल में लैब से जु ?I हुआ एक ओपन एरिया भी तैयार किया गया है, जहाँ मौजूद विभिन्न खेल-सामग्री व अन्य चीजें का इस्तेमाल बच्चों को बेहतर ढंग से लर्निंग देने में किया जाएगा।

## ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत: पराशर

**नई दिल्ली।** आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ आर. पी. पाराशर ने महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डीएवी रिसर्च सोसायटी फॉर हेल्थ द्वारा रोहिणी सेक्टर 9 में 'महिला स्वास्थ्य के विभिन्न आयाम' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ पाराशर ने कहा कि महिलाओं में जीवन शैली से संबंधित रोगों के साथ-साथ मानसिक रोगों और कैंसर जैसी ऑटो- इम्यून बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अभाव और पार्क जैसे सार्वजनिक स्थानों की कमी महिलाओं की खराब सेहत के लिए जिम्मेवार हैं।

सफदरजंग अस्पताल के मेडिसिन विभाग व ईएसआई कॉरपोरेशन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से की गई स्टडी के अनुसार दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में एक तिहाई महिलाएं हड्डियों तथा मांसपेशियों से संबंधित रोगों से ग्रस्त हैं। साथ ही उन्होंने महिला से जुड़े स्वास्थ्य विषयों को चिंता व्यक्त की है।

## तालाब की भूमि के अतिक्रमण पर गौर करे डीडीए: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीडीए को एक तालाब की भूमि पर अतिक्रमण के आरोपों पर गौर करने का मंगलवार को निर्देश दिया। याचिका में कहा गया है कि तालाब की भूमि को दिल्ली साहित्य कला परिषद को अवैध रूप से आवंटित किया गया है। यह अवैधता का मामला है और अधिकारियों को इस पर से परिषद का कब्जा हटाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एक पीठ ने बुढेला के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए डीडीए को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद कानून के अनुसार फैसला करने का निर्देश दिया।


**दक्षिणी दिल्ली नगर निगम**

कार्यालय कार्यपालक अभियंता (ईएंडएम)-I
कमरा नं. 2, गेट नं. 9 के नजदीक, डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम, दिल्ली गेट, नई दिल्ली-110002
सं. ईई (ईएंडएम)-I/एसडीएमसी/2021-22/डी-392 दिनांक: 07.03.2022

**प्रेस निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी नं.-07)**

आयुक्त, एसडीएमसी की ओर से कार्यपालक अभियंता (ईएंडएम)-I, एसडीएमसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए दो भाग (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) में ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | ईएमडी (रु. में) | निविदा शुल्क (रु. में) | पूर्णता समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसडीएमसी के अधीन पॉकेट-03, बिंदापुर, द्वारका में प्रचालन एवं रखरखाव के साथ स्टोर्म वाटर पम्प हाउस में ईएंडएम सम्बद्ध कार्यों के साथ इलेक्ट्रिकल पम्पों का एसआईटीसी। | 1,25,43,793/- | 2,51,000/- | 1000/- | 90 दिन |

निविदा वेबसाइट **http://etenders.gov.in** से ऑनलाइन डाउनलोड की जा सकती है। निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 23.03.2022 को अप. 14.00 बजे तक है। निविदादाताओं को अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने होंगे। यद्यपि, उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि के रूप में आयुक्त, एसडीएमसी के पक्ष में देय निविदा शुल्क एवं ईएमडी राशि केवल ऑनलाइन माध्यम से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.03.2022 को दोप. 14.00 बजे से पूर्व जमा करनी होगी। निविदा-पूर्व बैठक 14.03.2022 को प्रातः 11.30 बजे **कार्यालय एसई (ईएंडएम) एसडीएमसी, दूसरा तल, कमरा नं. 205, डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर, नई दिल्ली-110002 में आयोजित की जाएगी।**

परिशिष्ट/शुद्धिपत्र आदि (यदि कोई हो), को केवल उपरोक्त कथित वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। सभी भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे विषय निविदा के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए कथित वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

Ro. No. 76/DPI/S/2021-22 ईई (ईएंडएम)-I, एसडीएमसी



गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में सम्मानित नर्सिंग ऑफिसर।

# प्रदेश के बजट में समृद्ध, स्वस्थ और समर्थ हरियाणा की तस्वीर : धनखड़

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ लाइव देखी बजट की कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को समृद्ध, समर्थ और स्वस्थ हरियाणा की तस्वीर करार दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा वित्त मंत्री के रूप में पहले से ही मजबूत हरियाणा को और मजबूत करने की एक ईमानदार कोशिश की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बजट कार्यवाही को लाइव देखने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस बार के बजट को कर मुक्त मनोहारी बजट बताते हुए कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र और हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। पिछली बार के मुकाबले इस वर्ष 2022-23 के लिए 15.6 प्रतिशत अधिक एक लाख 77 हजार 255.99 करोड़ रुपये का बजट पेश करना बताता है कि भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है। सुषमा स्वराज पुरस्कार घोषणा को मनोहर सरकार द्वारा महिला दिवस पर महिलाओं के दिया गया तोहफा बताते हुए धनखड़ ने कहा कि खेल और राजनीति में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार ने सुषमा स्वराज राज्यस्तरीय पुरस्कार के तहत पांच लाख रुपये की राशि की घोषणा कर न केवल प्रदेश की समस्त नारी शक्ति को सम्मान दिया है बल्कि इससे सुषमा स्वराज के महान कार्यों को भी नमन किया गया है। त पत्र दिया जाएगा। धनखड़ ने व्यापार के लिए महिलाओं को तीन लाख तक का लोन दिए जाने, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पंचकूला में हॉस्टल बनाए जाने, तथा भिवानी और सोनीपत में तीन नए कॉलेज खोले जाने, 1000 महिला कांस्टेबल की भर्ती, पुलिस कर्मचारियों के लिए 2000 नए रिहायशी आवास बनाने के निर्णय को भी बेहतर बताया। धनखड़ ने बताया कि कॉलेजों, औद्योगिक शैक्षणिक संस्थानों, नर्सिंग कॉलेजों के लिए राज्य की लड़कियों को परिवहन सुविधा दी जाएगी।



गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ लाइव बजट देखते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

इसके लिए साथी सुरक्षित एवंम सुलभ हरियाणा पहल योजना शुरू की, अप्रैल 2023 से शुरू हो जाएगी। वर्ष में दो बार विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, सचिव समय सिंह भाटी, प्रवक्ता सूरज पाल अम्मू, सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, हरविन्द कोहली, बोधराज सीकरी, जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी समेत काफी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नागरिक अस्पताल में डॉक्टर्स और नर्सिंग ऑफिसर्स का सम्मान

### ओम स्वीट्स प्रा. लिमिटेड की ओर से किया गया आयोजन

### नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में किया गया सम्मान समारोह

### नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय ने सभी को महिला दिवस की बधाई दी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। ओम स्वीट्स प्रा. लिमिटेड की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ओम स्वीट्स प्रा. लिमिटेड से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील दत्त ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अच्छा काम करती हैं। वे अपने कार्यस्थल पर महिलाओं को ही तवज्जो देंगे। उनके संस्थान में महिलाओं की संख्या अधिक होगी। इस अवसर पर डा. मीनाक्षी बसवाना, डा. सुशीला यादव, डा. रितु नांदल, डा. सुनीता यादव, डा. उपासना, डा. सुमन खरब, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर वर्षा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कमलेश सिवाच, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर इंद्रा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मंजू, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मधु बाला, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नीरू, निर्मल, नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय, नर्सिंग ऑफिसर जपिन्द्र, नर्सिंग ऑफिसर नीलम, नर्सिंग ऑफिसर शुभलता, नर्सिंग ऑफिसर सरोज, नर्सिंग ऑफिसर रितु मलिक, आदि को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डा. मीनाक्षी बसवाना ने सभी महिला अधिकारियों, कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सभी महिलाओं के लिए सम्मान का दिवस है। इस दिवस को सभी को मनाना चाहिए। डा. सुशीला यादव ने भी यहां सभी को महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने सभी नर्सिंग ऑफिसर्स व अन्य महिला कर्मचारियों के काम की सराहना की। साथ ही प्रेरणा दी कि अपने प्रोफेशन में काम को पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। महिला चाहे किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हों, वे अपना सम्पूर्ण योगदान देकर काम को अंजाम तक पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को उनके जज्बे के लिए सेल्यूट है।

नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय ने सभी को महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे लिए खास होता है। इस दिन को सेलिब्रेट करने के साथ अपने-अपने प्रोफेशन में और बेहतर करने का रेज्यूलेशन हमें बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर आर्य समाज मंदिर में महिलाओं का सम्मान



गुरुग्राम के सेक्टर-7 स्थित आर्य समाज मंदिर में महिलाओं को सम्मानित करते पंजाबी बिरादरी संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** आर्य समाज सेक्टर-7 एक्सटेंशन व पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा सामूहिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी व प्रमुख समाजसेविका श्रीमती सुरेश सीकरी मुख्य अतिथि रहे। सुबह 5:00 से 6:30 तक योग में 40 आर्यजनों ने भाग लिया। सुबह 6:15 से 6:45 बजे तक यज्ञ, भजन किए गए। इस अवसर पर बोधराज सीकरी ने महिला दिवस के लिए प्रेरणादायक विचार प्रकट किए। 50 महिलाओं को पंजाबी महासंगठन गुरुग्राम एवं आर्य समाज सेक्टर-7 एक्सटेंशन की ओर से शॉल व गुलाब गुच्छ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंजाबी महासंगठन के धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओमप्रकाश कालरा, रमेश चुटानी उपस्थित थे। इसके अलावा ओम योग संस्थान गुरुग्राम शाखा के रमेश मुंजाल, राजपाल आहूजा,चंद्र प्रकाश रहेजा, तिलक राज बागा व आर्य समाज सेक्टर-7 एक्सटेंशन गुरुग्राम की प्रधान श्यामा जैन, कृष्णा गांधी, कोषाध्यक्ष सुदेश आर्य, ज्योत्सना बजाज, सरला आर्य, शकुंतला चुटानी, सुंदरी कालरा, किरण कामरा, राज कामरा, शन्नो रहेजा, वंदना रेलन, गीता आर्य, राज अरोड़ा, बलदेव कृष्ण गुगलानी, मंत्री विकास रेलन समेत 100 से अधिक सदस्यों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। अंत में शांति पाठ राजपाल आहूजा ने प्रसाद वितरण कराया।

### किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का गुरुग्राम में स्वागत



गुरुग्राम के मानेसर में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते सुंदर लाल सरपंच व अन्य नेता।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर का मानेसर के सेक्टर-1 में निजी कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर लाल यादव समेत क्षेत्र के कई लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए प्रधान शशि यादव, सेक्टर-1 आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर यादव, मैप्सको कासा बेला सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान सुनील पंवार, सचिव हर्ष देसवाल, नव मानेसर सोसायटी के प्रधान अरुण थेनुवा, डेंसो अपार्टमेंट्स सचिव देवेंद्र नेगी, संजीव काकरान, धर्मेंद्र यादव मानेसर, सुरेंद्र यादव समेत अनेक लोगों उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यूपी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है। चार राज्यों में भाजपा की सरकार बन रही है। उन्होंने मानेसर अपार्टमेंट्स एसोसिएशन के सचिव भूपेंद्र चौधरी के आवास पर संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के लिए जिस मजबूती से कार्यकर्ताओं ने काम किया है, वह पार्टी के सच्चे कार्यकर्ताओं को दर्शाता है।

### हथियार सहित पकडा गया आरोपी सीआइए की गिरफ्त में

**सोहना।** सांप की नंगली में युवक को घर ले जाकर पीटा। बचाव में आये युवक के चाचा को भी आरोपी ने पीटा और आरोपी पर हवाई फायर करने का आरोप लगाया। नगर परिषद के वार्ड-20 के गांव सांप की नंगली निवासी राकेश पुत्र जीतराम ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह बाजार आया था। बाजार से गांव जाते समय उसे रास्ते में गांव का ही नरेश का लड़का संजू मिल गया। जिसने अपनी बाइक पर बैठा लिया। वह अपने घर उसे ले गया। जहां उसके साथ मार-पीट की गई। उसका शोर सुनकर चाचा वेदपाल बचाव में आया तो संजू ने उसे भी पीटा। कुछ देर बार संजू वेदपाल के घर गया। उसे गालियां दी और वापस आते समय घर के पीछे हवाई फायर किया। वेदपाल को जान से मार देने की धमकियां दे रहा था। सोहना सिटी थाना पुलिस ने राकेश की शिकायत पर संजू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला को फार्म के अंदर लाठी-डंडों से पीटा, मामला दर्ज

**सोहना।** सोहना ढाणी के पास बने फार्म हाउस में महिला को लाठी व डंडों से पीटने का मामला सामने आया है। अपनी सास-ससुर व देवरों पर पिटाई कराने का आरोप लगाया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दो नामजद समेत दर्जनभर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोहना ढाणी के पास बना बंसल फार्म हाउस में रहने वाली अनीता बंसल ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसके फार्म हाउस में श्रवण व नीरज समेत 10-12 अन्य लोग आ गए। जिन्होंने उसे बिना वजह मारना व पीटना शुरू कर दिया। उसकी कमर व कूल्हे पर चोट आई। उसके सास-ससुर व देवर ने पहले भी कई बार उसकी पिटाई अन्य लोगों को बुलवाकर इस तरह से कराई है। वह हर बार पुलिस को शिकायत देती रही है, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। सिटी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

# महिला दिवस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन

कैलाश मंगला। होडल

**महिला** दिवस के पावन अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत एडवांस इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल औरंगाबाद के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल रहे जबकि अध्यक्षता प्राचार्या डॉ लक्ष्मी शर्मा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्राचार्य एआईटीएम डॉ आर आर पांडेय, प्राचार्य एआईपी डॉ अर्पणा राणा, एच आर मैनेजर दिव्या वर्मा, आशुतोष सिंह द्वारा शिरकत की गई।

कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत व स्काउट लीडर मनवीर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक बघेल द्वारा मां शारदा के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण करते हुए प्राचार्य डॉ लक्ष्मी शर्मा ने प्रशिक्षित बीएड व डीएड शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा नारी आस्था प्रेम तथा वात्सल्य की प्रतिमूर्ति है। नारी को सम्मान प्रदान करके ही सबल, समृद्ध, सुरक्षित भारत का निर्माण किया जा सकता है। ध्वजारोहण का नेतृत्व गाइड कैप्टन प्रवक्ता मधु हंस व गीता हर्शाना डॉक्टर विन्ती दुआ द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला के कमिश्नर हरिश चन्द, डीओसी कब बुलबुल भारत दहिया तथा संजू वाला रोहतास ने स्काउटिंग के सिद्धांत, आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देते हुए विद्यार्थियों को नारी सम्मान तथा देश प्रेम की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी पलवल जिला प्रशिक्षण महेश मलिक तथा विक्रम सिंह यात्री द्वारा पर छात्राओं को फर्स्ट एड व रोड सेफ्टी का विशेष प्रशिक्षण दिया।



प्रशिक्षण शिविर में ध्वजा रोहण करती।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेती महिलाएं।

**होडल।** कस्बा हसनपुर में स्थित मां ओमबती कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएड कॉलेज की प्रिंसिपल डा. नीलम चौहान ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिकाओं से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में एचओडी डा. संगीता रानी ने महिलाओं काखेल जगत में उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं है। कार्यक्रम में महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. रेखा शर्मा, डा. ममता देवी, आशा रानी, सीमा रानी के अलावा स्टॉफ व सैकडों छात्राएं मौजूद थीं।

# महिला दिवस पर महिलाओं को वित्तीय बचत योजनाओं की जानकारी दी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** से लगता गांव इंडरी में वित्तीय साक्षरता केन्द्र में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय बचत के लिए प्रधानमंत्री योजना के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मंगलवार को वित्तीय साक्षरता केन्द्र के तत्वाधान में इंडरी में महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर विभाग के मैनेजर पंकज कुमार, केन्द्र प्रबंधक उमर दीन तथा फिल्डकोडिनेटर पिंकी यादव सहित आस पास के गांवों से आई महिलाएं मौजूद थी। करीब दो घंटा तक चला कार्यक्रम में महिलाओं को प्रधानमंत्री बिमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री समृद्धि योजना के विषय में जागरुक किया। ताकि महिलाएं इन योजनाओं के तहत अपने आय बचत के लिए बैंकों में खाते खोल सके। जिससे योजना के तहत महिलाएं अधिक से अधिक लाभ ले सके। महिलाओं को सामुहिक बैंक बचत खाते से लेकर एकल बैंक खाते खोलने और उनमें पैसे जमा करके योजना के अनुसार वित्तीय लाभ लेने के विषय में बारिकी से जानकारी दी।



वित्तीय साक्षरता केन्द्र द्वारा इंडरी में मनाया गया महिला दिवस।

### केआर मंगलम विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**सोहना।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, आंतरिक शिकायत समिति और लिंग संवेदीकरण समिति के तत्वाधान में प्रणब मुखर्जी फाउंडेशन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मंगलवार को केआर मंललम यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए प्रोफेसर और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने वाक्य में छात्रों को लैंगिक भेदभाव, बालिकाओं के लिए बनाए गए अधिकारों और दुनिया की हर लड़की का सम्मान करने के बारे में जागरूक किया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, श्रीमती वंदना सिंह ने अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि इस दुनिया में हर लड़की कल्पना चावला और रानी लक्ष्मी बाई है जो दुनिया में लड़कियों के महत्व को बता रही है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, श्री अंशुमन कालरा और तनुश्री गुप्ता ने महिला स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन को प्रस्तुत किया। साथ ही, महिलाओं के उज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के बारे में सभी को जागरूक किया। इस वर्ष विश्वविधालय में एक सतत कल के लिए, लैंगिक समानता पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर बायोक्रेडेंस के संस्थापक श्री अंशुमन कालरा, ष्हर पल्सष् की संस्थापिका श्रीमती तनुश्री गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर पुष्पलता त्रिपाठी, रजिस्ट्रार महाजन एवं अन्य अतिथियों को कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

# मंडी परिसर में अतिक्रमण करने की मची होड़, जनता परेशान

### आढ़तों के सामने बने फड, टीन शैड, पार्क और नालों पर भी हो रहा अतिक्रमण

### किसानों को फसल बिक्री के दौरान अतिक्रमण से होना पड़ेगा परेशान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अनाज** मंडी में परिसर में रेहड़ी मालिकों से लेकर आढ़तियों तक अतिक्रमण करने की होड़ मची है। जिससे मंडी का परिसर छोटा होता जा रहा है। जिससे आने वाले समय में किसानों को अपनी फसल बिक्री करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनाज मंडी के परिसर में अतिक्रमण करने वालों की बाढ़ सी आ गई है।

मंडी परिसर की आम रास्तों से लेकर आढ़तों के सामने बने फड, टीन शैड, पार्क और नालों पर भी अतिक्रमण करने की होड़ मची है। जिसका जैसे दांव लग रहा है। वह वैसे ही अतिक्रमण करके बैठ रहा है। वहीं मार्केट कमेटी प्रशासन सब कुछ देखकर अंजान बना हुआ है। मंडी में सरसों की आवक धीरे-धीरे होने लगी है।

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में गेहूं की आवक भी शुरू होने की संभावना है। लेकिन मंडी परिसर के अंदर सब्जी, फ ल, घरेलू सामान से लेकर मशालों की लगने वाले रेहड़ियों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती रही है। इसके साथ सब्जी आढ़तियों से लेकर अनाज खरीदने वाले आढ़तियों और परचून दुकानदार भी हर दिन यहा के आम रास्ते और फ ड़ों के ऊपर सामान रखकर अतिक्रमण को बढ़ाते जा रहे हैं। मंडी का परिसर दो से तीन स्थानों पर अवैध पार्किंग बन चुका है। अतिक्रमण करने वालों ने मंडी में जा रहा गंदे पानी का नाले को भी नहीं छोड़ रहे हैं। इस गंदे पानी के खुले नाले को सीमेंट की सिलेब या पत्थर की टुकड़ियां डालकर बंद कर दिया है। जिससे नाले की सफाई न होने से पानी सही ढंग से नहीं निकल रहा है।

> **मंडी** परिसर को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। गेंहू व सरसों की सरकारी खरीद से पहले सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया जाएगा। रेहड़ियों को मंडी परिसर से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।
>
> **कृष्ण कुमार**
> **(सचिव मार्केट कमेटी)**

**सब्जी आढ़तियों का मचा है आतंक** :मंडी परिसर में सब्जी आढ़तियों का स्थान निर्धारित हुआ है। उसके बावजूद सब्जी की बोली किसानों के लिए बना टीन शैड के नीचे लगाई जा रही है। सब्जी आढ़तियों ने सब्जियों के गोदाम टीन शैड के नीचे स्थाई रूप से लगा दिए हैं।

**अतिक्रमण के चलते नालियों की सफाई नहीं हो रही** : दुकानदार व आढ़तियों के अतिक्रमण करने से यहां बनी नालियों की सफाई नियमित नहीं हो रही है। दुकान व आढ़त के कूड़े को नालियों में फेंका जा रहा है। जिससे नालियों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। सफाई कर्मियों को नालियां साफ करने के लिए स्थान ही नहीं मिल रहा है।

# बाईपास चौक पर लगी खराब ट्रैफिक लाइट ठीक कराईं



सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर फिर से जलने लगी बत्तियां।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** का एकमात्र बाईपास चौक की लाल बत्तियां जलने के साथ ही जाम मुक्त हो गया। समस्या को पायनियर समाचार पत्र में 19 फरवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

पायनियर समाचार पत्र ने शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर लगी लाल बत्तियां पिछले करीब तीन माह से खराब पड़ी थी। जिसको लेकर नगर परिषद प्रशासन भी कुंभकर्णीय नींद में सोया हुआ था। पायनियर समाचार पत्र ने 19 फरवरी को समस्या को प्रकाशित किया था। जिसके असर से चौक की बत्तियां फिर से चालू को गई है। बत्तियां चालू होने के साथ ही चौक जाम मुक्त हो गया है।

यहां से गुजरने वाले वाहन अब आराम से निकल रहे हैं। इससे पहले चौक पर हादसा होने का पूरा-पूरा खतना बना रहता था। कई बार चौक पर बत्तियां खराब होने के कारण छोटे वाहन चालक बड़े वाहनों की चपेट में आने घायल भी हुए हैं। ट्रैफिक पुलिस के स्थानीय प्रभारी एएसआई धर्मबीर सिंह ने बताया कि बत्तियां खराब होने के दौरान उन्हें चौक पर काफी परेशानी हो रही थी।

# अपग्रैड ने की लघु फिल्मों के संकलन 'खुद के लिए' की विशेष स्क्रीनिंग

### फिल्मों की खास विशेषता है कि विकास के लिए सतत सीखना और अपने आप को परिवर्तित करना अनिवार्य है

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



**अपग्रैड** ने लघु फिल्मों के संकलन खुद के लिए की रविवार, छह मार्च को विशेष स्क्रीनिंग की। इस अवसर पर फिल्म के कलाकारों के साथ अपग्रैड के रॉनी स्क्रूवाला, मयंक कुमार, फाल्गुन कोमपल्ली और अर्जुन मोहन उपस्थित रहे। इन तीनों फिल्मों में ऐसे लोगों को दिखाया गया है जो परिस्थितियों के आगे झुके हुए चौराहे पर खड़े हैं और अपनी व्यक्तिगत चुनौतियों को दूर करने के लिए कठोर निर्णय लेते हैं और अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्रण करते हैं।

इन फिल्मों में शारिब हाशमी, प्रिया बापट, तन्मय धनानिया, जिहान होदर और अन्य कलाकारों ने जोरदार भूमिका निभाई है। ये नायक की भावनाओं को सामने लाते हुए अपने भीतर जवाब तलाशते हैं। तीनों फिल्मों की खास विशेषता है कि विकास के लिए सतत सीखना और अपने आप को परिवर्तित करना अनिवार्य है। इन फिल्मों को राहुल नांगिया, स्मृतिका पाणिग्रही और प्रांजल वैद द्वारा निर्देशित हैं और इनकी कहानियां आंतरिक संघर्ष को उजागर करती हैं जो हम सभी अपने जीवन परिवर्तनों से पहले अनुभव करते हैं।अपग्रैड अपने इन फिल्मों को इसी सप्ताह लांच करने जा रहा है। इन फिल्मों 'खुद के लिए' के प्रतिभाशाली कलाकारों में प्रिया बापट, शारिब हाशमी, तन्मय धनानिया, माया सराव, आलम खान, जॉय सेनगुप्ता, शिवांगी पेसवानी हैं और इसे प्रांजल वैद, स्मृतिका पाणिग्रही, राहुल नांगिया द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्में शीघ्र ही सोनीलिव प्लेटफॉर्म्स के साथ अपग्रैड के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होंगी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 9 मार्च, 2022



# बीके : कर्मचारियों की मनमानी से मरीज हो रहे परेशान

**कविता।** फरीदाबाद

### दो रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद होने का पता चलते ही पीएमओ ने खुलवाए

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल की ओपीड़ी में कर्मचारियों की मनमानी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंजीकरण काउंटर के बाहर मरीजों की कार्ड बनवाने को लम्बी लाइनें लगी हुई थी और सुबह से दो काउंटर बंद थे। जिस कारण मरीजों को यहां भारी परेशानियां झेलनी पड़ी।

जिस पर पायनियर द्वारा पीएमओ डॉ. सविता यादव को इस बारे में बताया गया, तो उन्होंने दोनो काउंटरों को तुरंत चालू करवा दिया। जिससे मरीजों को यहां राहत मिली और जल्दी कार्ड बनवा कर वह चिकित्सक से इलाज करवाने को पहुंचे।

बीके सिविल अस्पताल में नौ बजे से शुरू होने वाली ओपीड़ी में पंजीकरण सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू कर दिया जाता है। लेकिन बीके सिविल अस्पताल में मंगलवार को चार में से मात्र दो ही काउंटरों पर पंजीकरण किया जा रहा था।



बीके अस्पताल में मौजूद पंजीकरण काउंटर बंद।

जिस कारण सैंकड़ों मरीजों व तीमारदारों की भीड़ लग गई। मात्र दो काउंटर होने से मरीजों ने यहां हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे लोगों का कहना था कि वह सुबह से लम्बी लाइनों में खड़े हैं, ऐसे में यहां मात्र दो ही काउंटर चल रहे हैं। जिस कारण से उन्हें अब दो काउंटरों पर लगी लम्बी लाइनों के अंत में खड़ा होना पड़ेगा। मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए पायनियर की तरफ से पीएमओ के द्वारा काउंटरों को जल्द से जल्द शुरू करवाया गया।

**मनमानी करते है कर्मी:** अस्पताल के पंजीकरण काउंटर पर चार खिड़कियों पर कार्ड बनाने की सुविधाएं है, सोमवार, मंगलवार और बुधावार, शुक्रवार को अस्पताल की ओपीड़ी में करीब दो से तीन हजार की संख्या में मरीज अपने इलाज को आते है। लेकिन अस्पताल में तैनात कर्मचारी मनमानी करते हुए समय पर ड्यूटी नहीं कर रहे है। मंगलवार को मात्र दो काउंटरों पर कर्मचारी थे। बाकि के काउंटर सुबह साढ़े 9 बजे तक खाली थे। जिसके कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**होती है परेशानी:** मरीजों का कहना है कि सुबह यहां पहले रजिस्ट्रेशन के लिए लम्बी लाइनों में लगना पड़ता है। इसके बाद उन्हें चिकित्सक से जांच करवाने के लिए घंटो परेशान होना पड़ता है। नम्बर आने पर चिकित्सक से जांच करवाने के बाद उन्हें दवा के लिए लम्बी लाइनें लगानी पड़ती है। दवा काउंटर और पंजीकरण काउंटरों पर खिड़कियां बंद होने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ती है।

# गरीब कल्याण और प्रदेश की प्रगति को समर्पित बजट : भाजपा

### सर्वस्पर्शी और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



भाजपा कार्यालय में हरियाणा प्रदेश का बजट देखते भाजपा कार्यकर्ता।

**हरियाणा** प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वित्त मंत्री के रूप में वर्ष 2022-23 के लिए 1,77,255.99 करोड़ रुपये के बजट पेश किया जो पिछले साल से 15.6 प्रतिशत अधिक है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने जिला कार्यालय पर भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक में डिजिटल माध्यम से सीधा प्रसारण सुना।

इस अवसर पर स्थानीय निकाय के प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल और आर एन सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि अंत्योदय की भावना से गरीब कल्याण और प्रदेश की प्रगति को समर्पित, यह एक शानदार बजट है। प्रदेश के गरीब, किसान, महिला, युवा और बुजुर्ग सबको ध्यान में रखकर अंत्योदय की भावना से बनाया गया यह बजट आर्थिक विकास और मानव विकास को बढ़ाने, ईज ऑफ लीविंग, गरीबों व वंचित समूहों के उत्थान और नई प्रौद्योगिकी को अपनाकर उत्पादकता बढ़ाने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने वाला बजट है।

भाजपा स्थानीय निकाय के प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि वित्तमंत्री के तौर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश यह बजट आने वाले 25 सालों में विकास की दिशा निश्चित करेगा और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा। अंत्योदय के मूलमंत्र को सार्थक करते हुए बजट गरीब, किसान, मज़दूर का कल्याण करने वाला बजट है। उन्होंने इस सर्वस्पर्शी और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित बजट के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल ने कहा की इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए बजट में बहुत धनराशि का प्रावधान किया गया है। यह बजट हरियाणा के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को सुगम बनाने का कार्य करेगा। स्टार्ट-अप की सहायता के लिए उद्यम पूंजी कोष स्थापित किया जाएगा। जिससे युवाओं को रोज़गार के नए मौक़े उपलब्ध होंगें। गरीबों के कल्याण और प्रदेश की उन्नति के लिए प्रस्तुत इस बजट के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई।

वित मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रस्तुत बजट की तारीफ करते हुए फरीदाबाद भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रस्तुत बजट सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी, प्रदेश की तरक्की और जन जन के कल्याण को समर्पित बजट है। नई प्रौधोगिकी से नए नए उद्योग लगाकर उत्पादन बढाना और रोजगार के नए अवसर पैदा करने वाला बजट है। यह बजट कोरोना काल से निकल रहे प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचायेगा।

# फर्जी लूटपाट की घटना का हुआ खुलासा, गिरफ्तार

### लूटपाट की शिकायत देने वाला ही निकला साजिशकर्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने तिगांव बाईपास रोड पर कल शाम हुई लूट के मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए सभी क्राइम ब्रांचों को तुरंत कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए थे जिन पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी रविन्द्र कुमार की टीम कल श्याम को हुई लूट में मुख्य आरोपी वीरपाल उर्फ पीलू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी वीरपाल उर्फ पीलू स्थाई रुप से उत्तर प्रदेश के गोन्डा तथा अस्थाई रुप से एसजीएम नगर में रहता है जो अजय सिंगला सीमेंट व्यापारी के पास सीमेंट बिक्री के पैसे इकट्ठे करने का काम करता है। फरीदाबाद शहर में सीमेंट डिस्ट्रीब्यूटरशिप के पैसो की कलेक्शन के लिए उन्होंने वीरपाल उर्फ पीलू को अपने पास रख रखा था जिसकी ड्यूटी थी कि वह अगले दिन जहां-जहां सीमेंट की सप्लाई की गई है वहां से पैसे इकट्ठे करके लाने की थी। आरोपी के मन में पैसे को देख कर लालच आ गया और पैसे लूटने की योजना बनाई। आरोपी ने योजना के तहत उसके पास कोलेक्शन के आए हुए करीब 2 लाख 12 हजार रुपये को लूटने की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने अपनी शादी में लिए कर्ज को उतारने के लिए रची लूट की घटना को अंजाम दिया है। लूट की घटना को सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर रविंदर के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार, हवलदार संदीप कुमार और सिपाही मनोज शामिल के साथ इस वारदात को सुलझाने में मात्र 24 घंटे लगाए है। इस वारदात को सुलझाने में सिपाही मनोज का अहम योगदान रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को कल अदालत में पेश कर मामले की पूर्ण जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कानूनी जागरुकता शिविर

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के चेयरमैन एवं जिला व सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के आदेशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में एक मोबाइल वैन स्वराज मजदा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद में आई है, जोकि फरीदाबाद जिला में गांव गांव जाकर वह घर घर जाकर लोगों को कानूनी जागरूकता फैला रही है। इसी कड़ी में मोबाइल वैन स्वराज माजदा द्वारा गांव फरीदपुर में घर घर जाकर महिलाओं को महिला दिवस पर जागरूक किया। गांव फरीदपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैं लड़कियों को कानून के बारे में संपूर्ण जानकारी दी तथा महिला दिवस का मतलब समझाया गया और उनकी समस्याओं को सुना गया बुकलेट व पंपलेट का डिस्ट्रीब्यूशन भी किया। वैन पर प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता रविंदर गुप्ता, राजेंद्र गौतम, रामवीर तंवर, ओम प्रकाश सैनी व करण भारद्वाज पैरा लीगल वालंटियर ने मोबाइल वैन द्वारा 10 महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान की गई।

# कुंगफू ननों को महिला आयोग ने किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के मौके पर दिल्ली के स्टेन ऑडिटोरियम में दिल्ली महिला आयोग ने कुंगफू में पारंगत ननों के समूह को सम्मानित किया। इन कुंग फू ननों महिला सशक्तीकरण, आपदा राहत और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ दिल्ली महिला आयोग के मेंबर सेक्रेटरी पीपी ढल, डब्ल्यूसीडी डायरेक्टर रश्मि सिंह, डीसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल, दिल्ली विधानसभा के स्पीकर राम निवास गोयल, डिप्टी स्पीकर राखी बिड़ला उपस्थित रहीं। महिलाओं एवं लड़कियों के हित में श्रेष्ठ काम करने वालों को सम्मानित करने के लिए 2016 में दिल्ली महिला आयोग ने इंटरनेशनल वीमेंस डे अवार्ड की शुरुआत की थी। विगत वर्षों में इसरो, भारतीय वायु सेना, सेना, एयर इंडिया, बीएसएफ, सीआरपीएफ वीमेन बाइक राइडर्स समेत कई महिलाओं को सम्मानित किया गया है। इस साल यह सम्मान कुंग फू ननों को दिया गया। कुंग फू नन जिग्मेत यांगचान ने कहा, 'यह सम्मान हमारे लिए गौरव की बात है। इससे हमें महिलाओं को सशक्त करने का अपना संदेश प्रसारित करने में मदद मिलेगी।' कुंग फूनन युवतियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देती हैं। उन्होंने नेपाल से लद्दाख तक की 5,200 किलोमीटर की साइकिल यात्रा में कई गांवों में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही मानव तस्करी के बारे में भी सतर्क किया। 2015 में आए भूकंप के दौरान उन्होंने आपदा राहत के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया था।

# महिला दिवस पर चलाया विशेष अभियान

### द रोसमेर्टा महिला दिवस ड्राइव का आयोजन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**रोसमेर्टा** टेक्नोलॉजीस लिमिटेड ने हेरिटेज मोटरिंग क्लब ऑफ इंडिया (एचएमसीआई) के सहयोग से महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष अभियान, 'द रोसमेर्टा महिला दिवस ड्राइव' का आयोजन किया। फरीदाबाद-गुड़गांव रोड पर थ्रॉटल-श्रॉटल से शुरू हुआ यह अभियान, सोहना के पास मनुवास गांव तक जाकर संपन्न हुआ। इस ड्राइव में 15 लेडी ड्रिवेन विंटेज और क्लासिक कार/जीप्स, 1972 तक निर्मित 10 लेडी ड्रिवेन विंटेज और क्लासिक स्कूटर्स/मोटरसाइकिल और 10 लेडी ड्रिवेन मॉडर्न कारें/जीप्स देखी गईं।

ग्रामीणों ने भी गांव में आगंतुकों और सवारों के लिए बेहतरीन व्यवस्था करके इस आयोजन में योगदान दिया। कार्यक्रम में महिला ड्राइवर के साथ पति-पत्नी, दोस्त और परिवार भी मौजूद थे। इस अभियान को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मनुवास गांव की महिलाओं और पुरुषों के साथ बातचीत करना है ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ सैनिटरी नैपकिन आदि के उपयोग के लाभों के बारे में बताया जा सके। ग्रामीण भारत में, मासिक धर्म बहुत सारे मिथकों और निषेधों से जुड़ा हुआ है। युवा लड़कियों और महिलाओं के पास मासिक धर्म शिक्षा और बुनियादी सेनेटरी केयर प्रोडक्ट्स तक बहुत ही सीमित पहुंच है। भारत में मासिक धर्म स्वच्छता की अवधारणा हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है। खासकर देश के ग्रामीण हिस्सों में, सैनिटरी नैपकिन की अनुपलब्धता, अस्वच्छ और भीड़-भाड़ वाले वॉशरूम और उनके इलाकों में शौचालयों की अनुपलब्धता ने महिलाओं की स्थिति को और भी खराब कर दिया है। इस प्रकार से, रोसमेर्टा टेक्नोलॉजीस लिमिटेड ने एचएमसीआई के साथ मिलकर ग्रामीण भारत में मासिक धर्म स्वच्छता अपनाने के इस मिशन में योगदान करने के लिए 'महिला दिवस' के अवसर पर इस अभियान का आयोजन किया है।

इस अभियान में शामिल होते हुए, अतुल आनंद, ग्रुप प्रेसिडेंट, रोसमेर्टा टेक्नोलॉजीस ने कहा की ड्राइविंग एक महिला क्लब नहीं है एक स्टीरियोटाइप है जो कई सालों से अस्तित्व में है। इस आयोजन के माध्यम से, हमने नारीत्व का जश्न मनाने और महिलाओं के असाधारण कृत्यों को पहचानने और विभिन्न दर्शकों को एक साथ खड़े होने में सक्षम बनाने का लक्ष्य रखा है, ताकि भारत के चारों ओर लैंगिक समानता को आगे बढ़ाया जा सके।

# महिलाओं का समाज को दिशा देने में योगदान: मक्कड़

### महिलाओं ने पुरुष का हर युग में कंधे से कंधा मिला कर दिया साथ

### महिलाओं के बिना सभ्य समाज की कल्पना भी सम्भव नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 16 स्थित रेस्ट हाउस में हरियाणा सरकार के दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ को जानकारी देते हुए अधिकारी।

**हरियाणा** सरकार दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि समाज में महिलाएं दिशा दिशा और दशा सुधारने का काम करती है। महिलाओं के बिना संपन्न समाज संभव नहीं। महिलाओं ने पुरुषों का हर युग में कंधे से कंधा मिला कर साथ दिया।

उन्होंने कहा कि आज समाज में दिव्यांगजन उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। दिव्यांग जनों को मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार ने उनके लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर उसे क्रियान्वित किया है। हरियाणा सरकार दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ आज मंगलवार को एनआईटी वन में राष्ट्रीय महिला दिवस पर विजिबल पीपल एनजीओ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर महिलाओं को आह्वान करते हुए कहा कि वे एक दिव्यांगजन को गोद लेकर उसे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें।

दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने स्थानीय सर्किट हाउस/ रेस्ट हाउस सेक्टर-16 में प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया। उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन के जीवन को सुखमय बनाने के लिए सरकार द्वारा दी गई समग्र शिक्षा अभियान के तहत फ्री में शिक्षा दी जा रही है और साथ ही 1950 रुपये प्रति माह सहायता राशि की सरकार द्वारा दी जा रही है। इसके अलावा कॉलेज शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को ढाई लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। राजकुमार मक्कड़ ने आगे बताया कि दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग भी निशुल्क में मुहैया करवाए जाते है। प्रदेश में सरकार ने 188603 दिव्यांगजनों को ढाई हजार रुपये प्रति माह पैंशन दे रही है।

जिला फरीदाबाद में 6465 लोगों को पेंशन दी जा रही है। इसके अलावा सरकार द्वारा शिक्षण संस्थाओं और कॉलेजों में वीटा बूथ चलाने के लिए दिव्यांग जनों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन के लिए 500 रूपये की फीस ली जाएगी और धरोहर राशि बैकों द्वारा दिलवाई जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा में सरकारी नौकरियों में भी दिव्यांगजनों को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया जा एगा। हाल ही में दिव्यांगजन एमबीबीएस चिकित्सकों सरकारी नौकरी में आरक्षण दिया गया।

# अब विजन फैराडाइज' से होगा फरीदाबाद का नया विकास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



मनमोहन भड़ाना।

**जिले** की तस्वीर बदलने को लेकर आज युवा नेता मनमोहन भड़ाना ने एक नारे की शुरुआत की। आओ बदले, फरीदाबाद विजन फैराडाइज इसी को लेकर एक सभा का आयोजन सूरजकुंड रोड स्थित भडाना फार्म हाउस पर किया गया। जिसमें शहर के कई मुद्दों को उठाकर लोगों को साथ लाने की अपील की।

विजय फैराडाइज के संयोजक मनमोहन भडाना ने कहा कि आज शहर गंदगी से भरा पड़ा है फरीदाबाद लगातार प्रदूषण के मामले में नंबर वन की स्थिति पर बना रहता है सीवरेज की समस्या हर बरसात के मौसम में लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती है। साथ ही महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को भी उठाते हुए कहा कि आज फरीदाबाद में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है ऐसे में शहर को एक संस्थान की जरूरत है जो लोगों के साथ खड़ा रहे ताकि सत्ताधारी सरकार और प्रशासन से वह सवाल कर सके कि आखिर उनके दिए हुए टैक्स का कहां पर इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव नजदीक है उसी को लेकर वह लोगों को बताना चाहते हैं कि वह अपने हक की लड़ाई लड़ें ताकि उनके साथ इस तरह का व्यवहार ना हो आज फरीदाबाद शहर हरियाणा को 30त्न टैक्स देने का काम करता है लेकिन उसके बावजूद भी लगातार फरीदाबाद पर बिछड़ता हुआ नजर आ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला बार एसोसिएशन ने मनाया महिला दिवस




**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन, फरीदाबाद द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट जज (फैमिली कोर्ट) कुमुद गुगलानी, यशिका यादव, जास्मिन शर्मा, अनुराधा, प्रियंका जैन, आकृति वर्मा, रूपम व सीमा दलाल, जज साहिबान, तहसीलदार नेहा सिंह व दीदी बीके मधु, सैन्टल इंचार्ज, ब्रह्मकुमारीज, सैक्टर-46, फरीदाबाद उपस्थित रहे। जिनका स्वागत केमी तेवतिया, प्रधान जिला बार एसोसिएशन, फरीदाबाद व ओपी शर्मा, पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल, पंजाब एण्ड हरियाणा, चण्डीगढ़, सन्दीप पाराशर, जनरल सैक्रेट्री, श्रीमति अनिल कुमारी, नोमिनेट वाईस प्रैसिडैण्ट द्वारा किया गया। इस आयोजन में लगभग 300 महिला अधिवक्ताओं ने भाग लिया, जिसमें रंजना शर्मा, शशी मिश्रा, दिक्शा मल्होत्रा त्रिखा, ज्योति रावत, ललिता यादव, सोनिया माहेश्वरी, हेमलता सिंह, भानू प्रिया, सरिता शर्मा, कमलेश, रेखा शर्मा, रेखा चौधरी, सारिका नागर, पूजा, रमा, हेमलता गोयल, मनप्रीत कौर, सुरेन्द्र खोड़िवाल, डायरैक्टर एसके सैल्फ डिफेंस स्कूल, सुशील कुमार यादव, प्रधान, एसके सैल्फ डिफेंस स्कूल व प्रेमदत्त भारद्वाज जी व अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे। बार काउंसिल, पंजाब एण्ड हरियाणा, चण्डीगढ़ पूर्व चेयरमैन ओपी शर्मा ने बताया कि महिलाओं की रक्षा और सुरक्षा हमारा कर्तव्य है एवं महिला शक्ति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

### सेंट कोलंबस में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई




**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस स्कूल, दयाल बाग, फरीदाबाद में दो वर्ष के उपरांत, कोरोना काल के लंबे अंतराल के बाद कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कोरोना काल के बाद विद्यालय आए विद्यार्थी अति उत्साहित दिखाई दिए। विद्यालय की प्रबंधक कमेटी ने भी विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु अनेक इंतज़ाम किए हुए थे। सभी विद्यार्थी कोरोना के नियमों का पालन करते हुए, मास्क पहनकर विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम को अत्यंत उल्लासित बनाने हेतु विद्यार्थियों को अनेक उपाधियों से नवाज़ा गया। आत्मविश्वास से भरे कक्षा बारहवीं के युवा विद्यार्थियों ने विद्यालय जीवन से जुड़े अनेक खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा किया। इसी बीच कभी वे खिलखिलाए कभी आँखे नम भी हुई। अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने इस शुभ अवसर पर कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देते हुए ''देश सर्वोपरि'' का मूल मंत्र दिया और कहा कि, चाहे कैसी भी परिस्थिति हो छात्रों को नकारात्मकता का त्याग कर सकारात्मक प्रवृत्ति अपनानी चाहिए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार : डॉ. रॉय



**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को राज्य बजट पेश किया। जिसमें उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्राइवेट सेक्टर को आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई डॉक्टर ग्रामीण इलाकों अस्पताल या क्लीनिक खोलता है तो 2 प्रतिशत की वित्तीय छूट उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने इसे सरकार की अच्छी पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाओं से गांव में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इसका सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीणों को होगा। डॉ. प्रबल ने कहा कि सीएम ने इस बार बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 8925 करोड़ का प्रावधान किया है। पिछले साल की तुलना में इस बार स्वास्थ्य बजट 21.65 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि सीएचसी और पीएचसी को भारतीय जनस्वास्थ्य मानकों के अनुसार अपग्रेड करने की आज खास आवश्यकता है।

### डीएवी इंस्टीट्यूट ने मनाया महिला दिवस



**फरीदाबाद।** महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को चिह्नित करने और महिलाओं की समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। हमें एक लैंगिक समानता वाली दुनिया, पूर्वाग्रह, रूढ़ियों और भेदभाव से मुक्त दुनिया, विविधतापूर्ण, न्यायसंगत और समावेशी दुनिया की जरूरत है, एक ऐसी दुनिया जहां अंतर को महत्व दिया जाता है और मनाया जाता है। इन विचारों को ध्यान में रखते हुए, डीएवीआईएम के महिला अधिकारिता प्रकोष्ठ ने संस्थान की सभी महिला स्टाफ सदस्यों के लिए एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया, जिन्हें विशेष रूप से इस अवसर के लिए डिज़ाइन किया गया एक टेबल कैलेंडर उपहार में दिया गया था। प्रधान निदेशक डॉ. सतीश आहूजा ने कहा कि जिस परिवार, संस्था, समाज या राष्ट्र में महिलाओं का सम्मान होता है, उसकी प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। यह भारतीय संस्कृति के लिए कोई नई बात नहीं है, जो हमेशा एक महिला की ताकत और भव्यता में विश्वास करती है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पखवाड़ा

**फरीदाबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी फरीदाबाद में 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पखवाड़ा 18 फरवरी से 5 मार्च तक अत्यंत हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय में भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधियों (निबंध लेखन,पोस्टर व स्लोगन लेखन आदि) का आयोजन किया गया तथा 7 मार्च 2022 को 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पखवाड़ा' का समापन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप सागर असिस्टेंट कमांडेट सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी और शुद्धूराम सीनियर मैनेजर सेफ्टी एनटीपीसी अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। विद्यालय में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के समापन के अवसर पर छात्रों ने गीत व नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का सभी को संदेश दिया।

### रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पलवल, स्वयंसेवी संगठन व युवा वेलफेयर सोसायटी, पलवल द्वारा सरकारी अस्पताल के समीप स्थित के सी हस्पताल, अपना ब्लड बैंक, पलवल में रक्तदान शिविर और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पलवल महिला थाना प्रभारी रेनू सिंह एवं डीएसपी सत्येंद्र, रेड क्रॉस सेक्रेटरी वाजिद अली, पलवल मौजूद रहे। इस रक्तदान शिविर में प्रथम रक्तदाता के तौर पर डॉक्टर श्रद्धा अग्रवाल ने रक्तदान किया। साथ ही साथ महिला थाना प्रभारी रेनू सिंह और डीएसपी श्री सत्येंद्र ने भी लोगों को प्रेरणा देने के लिए रक्तदान किया। महिला थाना प्रभारी रेनू सिंह में जानकारी देते हुए बताया की महिला दिवस के उपलक्ष में आज उन्होंने प्रथम बार रक्तदान किया है। उन्होंने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री या कारखाने में नहीं बनाया जा सकता। रक्त तो केवल एक मनुष्य ही दान करके मानव जाति की मदद कर सकता है।

## भारतीय चिकित्सा छात्र
### विदेशों में समस्याएं

**यूक्रेन** के अलावा अन्य देशों में भी पढ़ने वाले भारतीय चिकित्सा छात्रों के सामने अनेक समस्यायें हैं। केवल यूक्रेन में लगभग 20,000 भारतीय चिकित्सा छात्रों के सामने ही समस्या नहीं है जिनको रूसी हमले के कारण वापस लाया जाना है क्योंकि उनका जीवन असुरक्षित हो गया है। चीन तथा कुछ सुदूर पूर्व देशों में हजारों अन्य चिकित्सा छात्र हैं और वे भी अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। वे वैश्विक लाकडाउन लगने के पहले ही 2020 में भारत आ गए थे और इसके बाद से वापस नहीं लौट सके हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी फूटने के समय चीनी विश्वविद्यालयों में लगभग 23,000 भारतीय छात्र पढ़ रहे थे जिनमें से 18,000 चिकित्सा छात्र थे। वैश्विक महामारी के कारण लगे नियंत्रण अब चीन को छोड़ कर अधिकांश एशियाई देशों में उठाए जा चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय छात्रों की वापसी पर वीज़ा प्रतिबंध लगाने वाली चीन सरकार अभी यह बताने की स्थिति में नहीं है कि उसकी सीमायें कब फिर से खुलेंगी। बीजिंग में भारतीय दूतावास ने इस बारे में स्पष्टीकरण मांगे हैं, पर उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। मजेदार बात है कि हाल ही में चीन की यात्रा करने वाले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने घोषणा की थी कि 'चीन अपने देश में पाकिस्तानी छात्रों की वापसी की व्यवस्था करेगा।' मंगोलिया और सिंगापुर को भी ऐसे ही आश्वासन मिले हैं। श्रीलंका ने भी चीन से प्रार्थना की है कि वह अपने चिकित्सा छात्रों को लौटने की अनमति दे। कुछ चीनी विश्वविद्यालय आनलाइन कक्षायें चला रहे हैं, पर छात्रों को चिन्ता हे कि इससे उनको कोई व्यावहारिक अनुभव नहीं होगा। चिकित्सा शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण को अनदेखा नहीं किया जा



सकता है। यदि वे लगातार आनलाइन कक्षायें पढ़ते रहे तो उनके लिए चिकित्सकीय कौशल प्राप्त करना संभव नहीं होगा। पिछले साल अनेक छात्रों की आनलाइन कक्षायें भी बंद हो गई थीं।

पिछले सप्ताह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग-एनएमसी ने वीज़ा प्रतिबंध को देखते हुए छात्रों को चीनी विश्वविद्यालयों में प्रवेश से सावधान रहने की चेतावनी दी थी। इसमें यह भी कहा गया था कि एनएमसी केवल आनलाइन शिक्षा वाले चिकित्सा पाठ्यक्रमों को मान्यता नहीं देता है। लेकिन सवाल है कि चीन न लौट पाने वाले छात्रों का क्या होगा? हालांकि, आयोग यूक्रेन के छात्रों के लिए कुछ व्यवस्था करने की तैयारी कर रहा है, ऐसे में चीनी छात्रों ने भी अपनी तकलीफों के बारे में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को लिखा है। निश्चित रूप से उनका मामला उचित है। वे 2020 से अपने घर पर हैं और उनको कोई विकल्प नहीं दिख रहा है, जबकि सरकार यूक्रेन के छात्रों के मामले का संज्ञान ले रही है। चीन में अंतिम वर्ष के कुछ छात्र अनाधिकारिक रूप से निजी क्लीनिकों में काम कर व्यावहारिक अनुभव ले रहे हैं। लेकिन इससे उन्हें भारत में डिग्री या एनएमसी पंजीकरण प्राप्त करने में सुविधा नहीं मिलेगी। भारतीय चिकित्सा कालेजों में लगभग 40,000 छात्रों की व्यवस्था करना असंभव है क्योंकि यह कुल सीटों की लगभग आधी संख्या है। अंतिम वर्ष के छात्र भारत में इंटर्नशिप नहीं कर सकते हैं। हालांकि, एनएमसी ने इसकी अनुमति दी है, पर पहले उनको योग्यता परीक्षा पास करनी होगी जिसे पास करना अधिकांश छात्रों के लिए बहुत कठिन है। भारत में सीमित सीटों तथा महंगी शिक्षा के कारण विदेश जाने को मजबूर हुए ये छात्र अब अंधकारमय भविष्य का सामना कर रहे हैं। सरकार को इनको राहत देने की पहल करनी चाहिए।

# उर्वरक उद्योग पर युद्ध का प्रभाव

यदि स्वतंत्र बाजार परिवेश होता तो उद्योग को भयानक दबाव का सामना करना पड़ता। लेकिन उर्वरकों पर नियंत्रण के कारण ऐसा नहीं होगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण पैदा संकट ने सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है। भारत में भी ऊर्जा आयात के बिल में भारी वृद्धि से अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्र प्रभावित होंगे। लेकिन उर्वरकों पर इसका प्रभाव और ज्यादा होगा। इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों पर पहले विचार करना चाहिए। लगभग चार दशकों से अनेक सरकारों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि भारत उर्वरकों की उपलब्धता में आत्मनिर्भर हो जाएगा तथा यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए नीतियां बनाई जाएंगी। लेकिन आज भी देश किसानों की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए प्रमुखत: इनके आयात पर निर्भर है। किसानों द्वारा प्रयोग की जाने वाली तीन प्रमुख उर्वरक किस्मों में यूरिया, डाई अमोनियम फास्फेट-डीएपी व म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी हैं। ये क्रमश: 'नाइट्रोजन', 'फास्फेट' और 'पोटाश' का मुख्य स्रोत हैं। प्राकृतिक गैस-एनजी इनके लिए मुख्य कच्चा माल है जिसके लिए फीडस्टाक या फ्यूल ज्यादा उपयुक्त शब्द है। इसका प्रयोग यूरिया के उत्पादन में होता है, जबकि फास्फोरिक एसिड व अमोनिया डीएपी के लिए मुख्य कच्चे माल हैं।

डीएपी के मामले में भारत की लगभग 50 प्रतिशत जरूरत का आयात अन्य देशों से होता है, जबकि किसानों की जरूरत का सारा एमओपी आयातित होता है। इसी प्रकार सारा फास्फोरिक एसिड व अमेनिया भी आयात होता है। जहां तक यूरिया का सवाल है, इसका एक तिहाई आयात होता है। हालांकि, बाकी दो तिहाई का उत्पादन देश में होता है, पर भारत प्राकृतिक गैस के आयात पर निर्भर है। मुख्यत: द्रव प्राकृतिक गैस या एलएनजी के रूप में इसका एक तिहाई आयात होता है। ऐसा उस स्थिति में है जब घरेलू गैस के आबंटन में उर्वरकों को प्राथमिकता मिलती है जिसका स्थान केवल घरेलू उपभोग और परिवहन के बाद आता है। इसे 'सस्ती' कीमतों पर सप्लाई किया जाता है। यदि यह प्राथमिकता समाप्त हो जाए तो एलएनजी आयात और बढ़ जाएगा। ऐसे में यह देखना उचित होगा कि टकराव में शामिल देशों की भारत की सप्लाई में क्या भूमिका है। रूस मुख्य आक्रामक देश है। रूस की उत्तरी सीमा पर स्थित बेलारूस उसे पूरी सहायता दे रहा है और उसे सह-आक्रामक कहा जा सकता है। तीसरा देश यूक्रेन है जो हमले का सामना कर रहा है। रूस से दुनिया की लगभग 23 प्रतिशत अमोनिया और पोटाश सप्लाई होती है। लगभग 20 प्रतिशत पोटाश सप्लाई करने वाले बेलारूस के साथ मिल कर यह क्षेत्र 43 प्रतिशत पोटाश सप्लाई करता है।

अकेले रूस दुनिया की यूरिया सप्लाई में 14 प्रतिशत का हिस्सेदार है, जबकि डीएपी में इसका योगदान लगभग 10 प्रतिशत है। ऊर्जा के मामले में रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एनजी सप्लायर है और उसका हिस्सा 10 प्रतिशत है। दुनिया के कुल गैस निर्यात में इस देश का हिस्सा और अधिक, 25 प्रतिशत है। यूरोपीय संघ के देश अपनी गैस सप्लाई का 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करते हैं। रूस दुनिया भर में सबसे बड़ा तीसरा तेल उत्पादक है और वह वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में 12 प्रतिशत का हिस्सेदार है। भारत की स्थिति पर गौर करें तो वह अपनी पोटाश की कुल आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत रूस और बेलारूस से प्राप्त करता है।

इसी प्रकार अमोनिया का बड़ा हिस्सा भी उसे इसी क्षेत्र से मिलता है। भारत में लगभग 60 प्रतिशत डीएपी का आयात चीन और सऊदी अरब से होता है। यूरिया के मामले में, एक तिहाई आयात चीन से तथा बाकी दो तिहाई का मध्यपूर्व के देशों से होता है। जहां तक गैस सप्लाई का मामला है, भारत में सप्लाई काफी विविधतापूर्ण है जिसमें रूस का हिस्सा 10 प्रतिशत है। युद्ध के कारण इस क्षेत्र से सप्लाई में भारी बाधायें आ रही हैं जिनके अनेक कारण हैं। इनमें यूरोप के देशों व अमेरिका द्वारा लागू आर्थिक व वित्तीय प्रतिबंध तथा पूरी सप्लाई श्रृंखला में बाधा आना है जिसमें खनन से लेकर लाजिस्टिक्स व परिवहन तक शामिल हैं। इसके साथ ही काला सागर में युद्धक जहाजों या मुख्यत: रूस युद्धक जहाजों के कारण समुद्री परिवहन मार्गों में बाधायें आई हैं। मुख्यत: अपनी सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए यूरोपीय संघ व अमेरिका ने फिलहाल ऊर्जा सप्लाई को प्रतिबंधों के दायरे से बाहर रखा है। लेकिन इसके अलावा रूसी बैंकों पर निषेध लगाने के साथ उनकी सोसाइटी फार वर्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंसियल टेलीकम्युनीकेशन पेमेंट सिस्टम-स्विफ्ट तक पहुंच रोकी गई है।

लेकिन इसके साथ यह सुनिश्चित किया गया है कि अन्य सामान्य देशों की सप्लाई बाधित न हो। सप्लाई में बाधा कम से कम तीन-चार महीने तक जारी रहना अपरिहार्य है और वह भी इस सर्वाधिक आशाजनक परिदृश्य में कि संकट का 'तत्काल' समाधान हो जाएगा। लेकिन यथार्थवादी परिदृश्य को देखते हुए यह बाधा 2022 के अंत तक जारी रहेगी। लेकिन यदि युद्ध क्षेत्र का विस्तार होता है और नाटो देश भी इसमें सीधे उलझ जाते हैं तो इसके विनाशकारी परिणाम कई साल तक और संभवत: दशकों तक जारी रह सकते हैं। भारत के लिए ये बाधायें सप्लाई में कमी तथा आयात खर्च में भारी वृद्धि के रूप में सामने आ सकती हैं। इसका अधिकतम प्रभाव पोटाश पर पड़ेगा जिसकी जरूरत का आधा हिस्सा रूस और बेलारूस से आता है। बेलारूस के एक छोटे पोटाश निर्माता ने पहले ही अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते दैवी आपदा की घोषणा कर दी है। भले ही इस क्षेत्र पर हमारी निर्भरता कम है, पर भारत को यहां से सप्लाई में भारी कमी के कारण अधिक खर्च करना पड़ेगा क्योंकि वैश्विक सप्लाई घटेगी तथा इसके परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ेंगी।


भारत के उर्वरक क्षेत्र पर इसका क्या प्रभाव होगा? यदि मुक्त बाजार परिदृश्य होता तो उद्योग पर भारी दबाव पड़ता और किसानों को अधिक दाम चुकाने पड़ते। लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि उर्वरक नियंत्रण में हैं। दशकों से केन्द्र सरकार उनके अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी पर नियंत्रण कर उनकी कीमत कम रखती रही है। इसका उत्पादन खर्च तथा आयात व वितरण खर्च से कोई संबंध नहीं है और इसका अंतर बजट से सब्सिडी के रूप में उत्पादनकर्ता या आयातक को मिलता है। इस व्यवस्था से किसानों और उद्योग, दोनों की मूल्यवृद्धि से रक्षा होती है। 2021-22 में लगभग सभी उर्वरकों और उनके कच्चे माल की कीमतें असाधारण रूप से बढ़ीं। उस समय डीएपी की कीमत दो गुने से अधिक तथा एमओपी की लगभग तीन गुना अधिक हो गई। वैश्विक महामारी के बाद सुधार से ऊर्जा खर्च में वृद्धि से भी ये कीमतें बढ़ीं। इसके कारण प्रमुख उत्पादनकर्ताओं को 60,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी गई, जबकि बजट में इसके लिए 80,000 करोड़ का ही प्राविधान था।

2022-23 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उर्वरक सब्सिडी का आबंटन घटा कर 105,000 करोड़ कर दिया, जबकि इसके लिए 2021-22 में 140,000 करोड़ खर्च हुए थे। ऐसा इस उम्मीद में किया गया था कि वर्तमान वित्त वर्ष की तुलना में दाम घटेंगे। लेकिन यूक्रेन संकट के कारण यह गणित विफल हो सकती है। उर्वरकों की कीमतें और बढ़ेंगी। इसके साथ ही आयातित एलएनजी की कीमत पहले ही 40 डालर प्रति बीटीयू हो गई है जो 2021-22 में 20 डालर प्रति बीटीयू थी। इस कारण कीमतों में वृद्धि को देखते हुए सरकार आबंटन बढ़ा कर कम से कम 1,50,000 करोड़ या इससे अधिक करेगी। प्रथमदृष्टया 6.4 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 16,60,000 करोड़ रुपये प्रदान करता है।

इससे सरकार को अतिरिक्त सब्सिडी देने में सहायता मिलेगी। लेकिन यदि भारत आवश्यक मात्रा न खरीद सके तो सप्लाई में कमी को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। लेकिन इससे बड़ा मुद्दा यह है कि राजकोषीय घाटे में राहत हमेशा उपलब्ध नहीं रहेगी। यदि वित्त मंत्री द्वारा 2021-22 के बजट में राजकोषीय रियायत की रूपरेखा पर गौर किया जाए तो सरकार को इसे 2025-26 में घटा कर 4.5 प्रतिशत करना होगा। इसके लिए सब्सिडी पर लगाम लगानी होगी और यह तभी संभव होगा जब भारत आयात पर निर्भरता घटाए। इस मामले में अतीत में कोई खास उपलब्धि नहीं हुई है और भविष्य में भी ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है जिससे बेहतरी की उम्मीद बनती हो।


# आर्थिक वृद्धि का टिकाऊ दृष्टिकोण

**एनएन सिन्हा**
(लेखक ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव हैं)



केंद्रीय बजट 2022-23 ने आर्थिक विकास के लिए एक हरे और टिकाऊ दृष्टिकोण के साथ-साथ सूक्ष्म कल्याण पर ध्यान देने के साथ मैक्रो स्तर की वृद्धि हासिल करने की योजना बनाई है। भारत महामारी की चुनौतियों को पीछे छोड़ने और ग्रामीण भारत को तैयार करने के लिए एक मजबूत स्थिति में है। तेज कदमों के लिए। 2022-23 का बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण गरीबों को आजीविका प्रदान करने पर केंद्रित है। बजट ग्रामीण क्षेत्रों में आवास, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और सड़क और डिजिटल इन्फोवे के विस्तार पर ध्यान देने के साथ आजीविका, बुनियादी ढांचे और जलवायु लचीलापन तक पहुंच का आश्वासन देता है।

जीवन को आसान बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी नागरिक को पीछे नहीं छोड़ने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए गुणवत्तापूर्ण आजीविका का सार्वभौमिकरण है। इस दृष्टि के अनुरूप, बजट भारतञ्च100 के लिए एक महत्वाकांक्षी नींव रखता है, जिसमें बुनियादी ढाँचे, डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे आर्थिक सक्षमता के निर्माण पर अभूतपूर्व ध्यान दिया गया है - अतिरिक्त आवंटन में रु। पूंजीगत व्यय के लिए 1 लाख करोड़ जिसमें पीएम ग्राम सड़क योजना के लिए पूरक, सीमावर्ती क्षेत्रों में जीवंत गांव कार्यक्रम, सस्ती ब्रॉडबैंड और मोबाइल सेवा प्रसार, भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण शामिल है। हर घर नल से जल, पीएम आवास योजना, हर घर उज्जवला, सौभाग्य, ने गांव के जीवन को बेहतर के लिए बदल दिया है। 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायतों को पानी और स्वच्छता के लिए 1.42 लाख करोड़ रुपये के अनुदान और फ्रंटलाइन स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 70,000 करोड़ रुपये के अनुदान के साथ, यह जीवन की गुणवत्ता के लिए एक अभूतपूर्व धक्का है जो ग्राम पंचायतों को स्थानीय के रूप में कार्य करने में सक्षम करेगा। सार्वजनिक उपयोगिताओं, सेवा वितरण पर ध्यान देने के साथ। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अगले 3 वर्षों में 2.5 करोड़ आजीविका का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। 2022-23 में ग्रामीण विकास विभाग को मनरेगा में मांग-



उत्तरदायी पूरक आवंटन के साथ 1,35,944 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। डीएवाई-एनआरएलएम, एनएसएपी, डीडीजीकेयूवाई के साथ-साथ महिला सदस्यों को आजीविका गतिविधियों में सक्षम बनाने के लिए सामुदायिक सामूहिकता की ताकत का लाभ उठाता है, जो उनकी पारिवारिक आय में वृद्धि करता है - विविध और लाभकारी स्वरोजगार को बढ़ावा देकर गरीबी को खत्म करने के लिए मंत्रालय एक अच्छी स्थिति में है। और 2030 के एसडीजी लक्ष्य से काफी पहले कुशल मजदूरी रोजगार के अवसर।

महामारी ने पंचायतों और महिला सामूहिकों के एक नए शासन गठबंधन का उदय देखा है, हमने पंचायत योजना के साथ आजीविका योजना प्रक्रिया के एकीकरण के लिए उपाय किए हैं, दोनों को पारस्परिक रूप से मजबूत किया है और सभी परिवारों को विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों को शामिल करना सुनिश्चित किया है। सरकार ने एसएचजी के लिए कोलैटरल मुक्त ऋष्ण को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है, अब सरकार यह भी सुनिश्चित करने की योजना बना रही है कि एसएचजी को बिना किसी परेशानी के अपनी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए ऐसे ऋष्ण मिले। कार्य का नया और अधिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र उद्यम लेने वाले एसएचजी सदस्यों के लिए ऋष्ण जुटाना होगा। वर्तमान में डीएवाई-एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को मिशन से महिला संस्थानों को अनुदान के साथ-साथ वित्तीय संस्थानों से ऋण के माध्यम से पूंजी तक पहुंच प्रदान करता है। इसके अलावा, अभिसरण के हालिया प्रयासों के परिणामस्वरूप मनरेगा से संपत्ति समर्थन, डीडीजीकेयूवाई के तहत कौशल/प्रौद्योगिकी सहायता, पीएमएफएमई के माध्यम से समर्थन और विभिन्न सरकारी योजनाएं जो स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को आजीविका गहन करने में सक्षम बना सकती हैं। प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना और डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) का वाटरशेड विकास घटक भी एक बड़ा बदलाव लाएगा और ग्रामीण विकास में तेजी लाएगा क्योंकि बजट 2022-23 उन्हें ध्यान में लाता है। योजना आवंटन में 64त्न की वृद्धि की गई है, अभिसरण मनरेगा के साथ जलवायु अनुकूल भविष्य की आजीविका सुनिश्चित करेगा। डीआईएलआरएमपी डिजिटल इंडिया पहल का एक हिस्सा है। कार्यक्रम के प्रमुख घटकों में शामिल हैं : (1) सभी मौजूदा भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण, (2) मानचित्रों का डिजिटलीकरण, (3) सर्वेक्षण/पुन 'सर्वेक्षण, और सभी निपटान रिकॉर्ड का अद्यतन, और (4) पंजीकरण प्रक्रिया का कम्प्यूटरीकरण और भूमि रिकॉर्ड रखरखाव प्रणाली के साथ इसका एकीकरण।

सरकार ने पहचान की है कि सामुदायिक संस्थानों के माध्यम से डीएवाई-एनआरएलएम के तहत संरचित सामाजिक विकास प्रयासों को बढ़ाना बेहद महत्वपूर्ण है और एसएचजी महिलाओं के लिए जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और लैंगिक मुद्दों से संबंधित सेवाओं तक जागरूकता और पहुंच पर ध्यान केंद्रित करना है। क्योंकि ये स्वास्थ्य पर खर्च को कम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। मंत्रालय ने अब अतिरिक्त आजीविका गतिविधियों का समर्थन करने के लक्ष्य के लिए एक संपूर्ण ग्रामीण विकास (डब्ल्यूआरडी) दृष्टिकोण अपनाया है, एकीकृत दृष्टिकोण से केंद्र और राज्य सरकारों से आजीविका योजनाओं और कार्यक्रमों की आपूर्ति का एक सहज मिलान होगा - कौशल, संपत्ति, सेवाएं और संसाधन समुदाय की मांगों के साथ उपलब्ध है।

## आप की बात

### महिला दिवस एक फ़र्ज अदायगी

**हर** साल बहुत से कार्यक्रम फर्ज अदा करने के लिए किए जाते हैं, उनमें से एक है 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस। युगों-युगों से स्त्री के सम्मान को शब्दजाल मे उलझाकर रखा गया है, अनगिनत अलंकारों से अलंकृत किया गया, मगर सम्मान उसे कभी प्राप्त हुआ हि नहीं, जिसकी वो अधिकारी हैं। कुछ काल से वो सशक्त होने का प्रयास कर रही है,किंतु उसकी सशक्तता को पुरुष ही नहीं, उसकी अपनी जाति की नारी भी पनपने नहीं देती। भारत कुछ सदियों से गुलाम रहा, किंतु स्त्री तो मानव सभ्यता के पनपते ही गुलामी की जंजीरों में जकड़नी शुरू हो गई। स्त्री संवेदनात्मकता एवं कोमलता का प्रतीक है, प्रकृति ने नारी में वो सब गुण विद्यमान किये है जो उसे पुरुष से अलग बनाता हैं लेकिन यह नारी का दुर्भाग्य रहा कि कभी उसने अपनी शक्ति को कभी जाना नहीं। नारियां अब शिक्षा प्राप्त कर जंग लगे बंधन को काटने का प्रयास कर रही हैं। नारी को बंधन मुक्ति के साधन शिक्षा से मिल रहे हैं। नारी का सशक्त होना अति महत्वपूर्ण है। असल तो इस दिवस की सार्थकता तभी साबित होगी जब हम स्त्री सम्मान की बातों को सिर्फ औपचारिकता के रूप मे ना देखते हुए उन्हें कार्यान्वित करेंगे और महिलाओं को वह सम्मान देंगे जिसकी हकदार हैं।

- **विभुक्ति बुपक्या,** आष्टा, मप्र

### जवानों की मनोदशा

**बीएसएफ** हेडक्वॉर्टर में रविवार को जिस तरह से एक जवान ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर अपने चार सहकर्मियों की हत्या की और खुद भी मारा गया, वह चिंतित करने वाला वाकया है। यह अपनी तरह का कोई पहला मामला नहीं है। पिछले साल ही सितंबर की 23 तारीख को दक्षिण त्रिपुरा के गोमती जिले में हुई आपसी तकरार में दो बीएसएफ कर्मी मारे गए थे और एक घायल हो गया था। उससे पहले 2019 में एक बीएसएफ कर्मी ने दो साथियों को घायल करने के बाद अपनी जान ले ली थी। मई 2018 में भी एक बीएसएफ जवान ने तीन साथियों की हत्या कर खुद को शूट कर लिया था। उस घटना के बाद बीएसएफ ने अपने सुरक्षाकर्मियों के लिए सालाना मानसिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य कर दिया था। लेकिन यह सिर्फ जवानों के मानसिक स्वास्थ्य का मसला नहीं है। उनकी वर्किंग कंडिशंस, उनके ड्यूटी आवर्स और उनके साथ होने वाले व्यवहार के सवाल भी इससे जुड़े हैं। इस बारे में कई स्टडी रिपोर्ट्स भी उपलब्ध हैं। बीएसएफ के जवान, सेना के जवान अपने घर से हजारों मील दूर ड्यूटी देते हैं! घर परिवार से दूर रहने पर उनमें मानसिक तनाव उत्पन्न हो जाता है! और ऐसे वाकिये सामने आने लगते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


### भारतीय टीकाकरण अभियान

**आज** जब हम कोरोना से लगभग मुक्ति पा चुके हैं हमें नहीं भूलना चाहिए कि कितने कठिन व संघर्षशील समय से गुजरे हैं। जब संक्रमण अपने चरम पर था और हर तरफ़ डर व संदेह का माहौल था तब भारत ने बहुत जिम्मेदारी के साथ कदम उठाए व विदेशी कंपनियों के आगे न झुकते हुए बहुत कम समय में अपनी वैक्सीन का निर्माण किया व अब तक 178.9 करोड़ लोगों का टीकाकरण सम्पन्न भी किया। टेक्नॉलजी का भरपूर उपयोग करते हुए टीकाकरण की योजना बनाना व कोविन ऐप द्वारा डिजिटल सर्टिफ़िकेट तैयार करना, हेल्थ केयर प्रोफ़ेशनलस का प्रशिक्षण, कोल्ड चेन बनाए रखते हुए वैक्सीन को देश के सभी शहरों और गांवों तक पहुंचाने जैसा विशालकाय काम सफलतापूर्वक संपन्न किया जिससे अब दुनिया के कई देश लाभ ले रहे हैं। भारतीय टीकाकरण अभियान न केवल दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान है बल्कि पहुंच और पैमाने में अभूतपूर्व है। भारत की वैक्सीन उत्पादकता दुनिया से कोविड संक्रमण मिटाने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

- **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**अवैध** धर्मान्तरण निषेध विधेयक में किसी खास धर्म का नाम नहीं लिया गया है।

- **अनिल विज़**
हरियाणा के गृह मंत्री

**बड़े** दु:ख की बात है कि यूक्रेन में स्थिति काफी खराब हुई है।

- **टी.एस. तिरुमूर्ति**
संरा. में स्थाई भारतीय प्रतिनिधि





**नाभिकीय** प्रशिक्षण सुविधा में आग यूक्रेनी सैनिकों ने लगाई।

- **वासिली नीबेंजिया**
संरा. में रूसी राजदूत

# गोवा में त्रिशंकु विस के पूर्वानुमान के बीच एमजीपी को भाजपा और कांग्रेस अपनी ओर करने में जुटी

**भाषा।** पणजी



**अधिकांश एग्जिट** पोल में गोवा में त्रिशंकु विधानसभा होने के पूर्वानुमान जताए जाने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस को तटीय राज्य में सरकार बनाने के लिए महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) से समर्थन की जरूरत पड़ सकती है। सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस दावा कर रही हैं कि वे बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लेंगी। साथ ही, दोनों दलों ने यह भी कहा है कि सीटें कम मिलने की स्थिति में वे दीपक धवलीकर के नेतृत्व वाले एमजीपी से समर्थन मांगेंगे। गोवा की 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए 14 फरवरी को मतदान हुआ था और मतगणना 10 मार्च को होगी।

गौरतलब है कि 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सर्वाधिक 17 सीट पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा को 13 सीट मिली थी। हालांकि, भगवा दल ने एमजीपी, गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) और निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ गठबंधन करके सरकार बना ली थी। 2019 में मनोहर पर्रिकर के निधन के बाद जब प्रमोद सावंत मुख्यमंत्री बने थे, तब एमजीपी के दो मंत्रियों को राज्य मंत्रिमंडल से निकाल दिया गया था। एमजीपी और तृणमूल कांग्रेस ने यह चुनाव साथ मिल कर लड़ा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि भाजपा नेतृत्व ने बहुमत का आंकड़ा नहीं छूने की स्थिति से निपटने के लिए समर्थन पाने को लेकर एमजीपी से बातचीत शुरू कर दी है। भाजपा ने इस बार अकेले चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने विजय सरदेसाई के नेतृत्व वाले जीएफपी के साथ गठबंधन किया था। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के प्रमुख दिनेश जी राव ने रविवार को कहा था कि अगर पार्टी को बहुमत नहीं मिला, तो वह आम आदमी पार्टी (आप), एमजीपी और तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों के साथ चुनाव के बाद गठबंधन करने को तैयार है। कांग्रेस नेता माइकल लोबो ने सोमवार को कहा था कि कांग्रेस-जीएफपी गठबंधन के 21 से अधिक सीटें हासिल करने के बाद भी वे सरकार में एमजीपी को शामिल करेंगे। लोबो ने कहा कि भाजपा ने एमजीपी के साथ काफी गलत किया है। लोबो इस साल जनवरी में ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। एमजीपी के विधायक सुदीन धवलीकर ने कहा कि परिणाम आने पर तृणमूल को विश्वास में लेने के बाद ही वह गठबंधन पर कोई फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, एमजीपी और तृणमूल मिलकर यह फैसला करेगी कि किसका समर्थन करना है और किसका नहीं। उन्होंने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि अभी हमें नहीं पता किसको कितनी सीट मिलेगी। वहीं, सुदीन धवलीकर ने शनिवार को कहा था कि उनकी पार्टी तृणमूल को विश्वास में लेकर गोवा चुनाव परिणाम के बाद अपना रुख तय करेगी, लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में प्रमोद सावंत का कभी समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सावंत ने ही एमजीपी के मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बाहर किया था।

## भाजपा से निलंबित नेता जयप्रकाश मजूमदार तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित नेता जयप्रकाश मजूमदार ने मंगलवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थाम लिया। वह पिछले कुछ महीनों से पश्चिम बंगाल में भगवा दल के नेतृत्व की लगातार आलोचना कर रहे थे। मजूमदार को टीएमसी का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मजूमदार यहां नजरूल मंच में पार्टी की संगठनात्मक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की मौजूदगी में सत्तारूढ़ दल में शामिल हुए। उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेता फिरहाद हाकिम ने पार्टी का झंडा दिया।

बनर्जी ने कहा, जयप्रकाश मजूमदार टीएमसी के प्रदेश उपाध्यक्ष होंगे। मजूमदार और रितेश तिवारी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में भाजपा ने जनवरी में निलंबित कर दिया था।



अटारी बाघा बॉर्डर पर अफगानी ट्रक ड्राइवर भारत से गेहूं से भरा ट्रक ले जाता हुआ

# अगर जरूरत पड़ी तो एमजीपी का समर्थन मांगेंगे: गोवा के मुख्यमंत्री

**भाषा।** पणजी

**गोवा विधानसभा** चुनाव की मतणगना से दो दिन पहले, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने के लिए बहुमत के आंकड़े से दूर रहती है तो महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी) से समर्थन मांगने के लिए पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व पहले ही बातचीत कर रहा है। गोवा में 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव 14 फरवरी को हुए थे और नतीजों की घोषणा 10 मार्च को होगी।

सावंत ने कहा कि भाजपा को उम्मीद है कि उसे बहुमत के आंकड़े 21 सीटों से अधिक सीटें मिलेगी लेकिन अगर संख्याबल कम रहता है तो पार्टी ने निर्दलीयों और एमजीपी से समर्थन मांगने का विकल्प भी खुला रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व चुनाव बाद गठबंधन के लिए एमजीपी से बातचीत कर रहा है। गौरतलब है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 17 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी लेकिन 13 सीटें जीतने वाली भाजपा ने फौरन दीपक धावलिकर के नेतृत्व वाली एमजीपी, गोवा फॉरवर्ड पार्टी और निर्दलीयों से गठबंधन करके मनोहर पर्रिकर के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। पर्रिकर के निधन के बाद 2019 में जब सावंत मुख्यमंत्री बने तो राज्य मंत्रिमंडल से एमजीपी के दो मंत्रियों को हटा दिया गया। इस बार एमजीपी ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा।


एमजीपी विधायक सुदिन धावलिकर ने शनिवार को कहा था कि उनकी पार्टी टीएमसी को विश्वास में लेकर गोवा चुनाव के नतीजों के बाद अपने रुख पर फैसला लेगी लेकिन कभी प्रमोद सावंत को मुख्यमंत्री के तौर पर समर्थन नहीं देगी। धावलिकर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सावंत ने कहा, अगर कोई भी पार्टी हमें समर्थन देती है तो वह हमारे नेतृत्व पर निर्णय नहीं ले सकती।

एमजीपी को सरकार से इसलिए हटाया गया क्योंकि उसने 2019 में उपचुनाव में हमारे आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था। सावंत ने यह भी कहा कि उनके धावलिकर बंधुओं से कोई निजी मतभेद नहीं हैं। उन्होंने कहा, मतभेद राजनीतिक थे। यह पूछने पर कि अगर भाजपा तटीय राज्य में सत्ता में लौटती है तो क्या वह अगले मुख्यमंत्री होंगे, इस पर सावंत ने कहा, चुनाव मेरे नेतृत्व में लड़ा गया।

हमारे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर राज्य अध्यक्ष तक हर किसी ने कहा है और यह अक्सर दोहराया गया है कि हम मेरे नेतृत्व में सरकार बनाएंगे।

# त्रिपुरा में सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा: शाह

**भाषा।** अगरतला



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर त्रिपुरा में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की मंगलवार को घोषणा की। पूर्वोत्तर राज्य में भारतीय जनता पार्टी-आईपीएफटी सरकार की चौथी वर्षगांठ के मौके पर यहां एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि (मुख्यमंत्री) बिप्लब देब के प्रशासन ने राजनीतिक हिंसा पर पूर्ण विराम लगा दिया है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा सरकार में किसानों की आय दोगुनी हो गई है और प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 1.3 लाख रुपए हो गई है। उन्होंने कहा, अगरतला को रेल के जरिए देश के बाकी हिस्सों से जोड़ा गया है। कुल 542 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि त्रिपुरा में जघन्य अपराधों में 30 प्रतिशत की कमी आई है और दोषसिद्धि की दर पांच प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गई है। शाह ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन पिछले चुनाव के घोषणापत्र में किए सभी वादे पूरे करेगा और वह वोट मांगने फिर से त्रिपुरा आएंगे। उल्लेखनीय है कि त्रिपुरा में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## चुनाव नतीजों से पहले गोवा के मुख्यमंत्री ने मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने एक्जिट पोल में राज्य में खंडित जनादेश के अनुमान जताए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सावंत ने विधानसभा चुनाव जीतने और क्षेत्रीय दलों की मदद से राज्य में अगली सरकार बनाने का भरोसा जताया। गोवा में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव हुए थे और मतगणना 10 मार्च को होनी है। गोवा में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस जैसे मुख्य दलों के साथ तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस ने भी अपने-अपने उम्मीदवार उतारे। राज्य में भाजपा के कद्दावर नेता और चार बार गोवा के मुख्यमंत्री रहे मनोहर पर्रिकर के निधन के बाद विधानसभा का यह पहला चुनाव है। वर्ष 2017 के चुनाव में कांग्रेस 17 सीटें जीतने के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन भाजपा ने क्षेत्रीय दलों के समर्थन से उसे सत्ता से बाहर कर दिया था।

# भाजपा विकल्प न होने के कारण सत्ता में है: ममता बनर्जी

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि जिस दिन लोगों को एक उचित विकल्प मिल जाएगा, उस दिन भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा। बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी को अन्य विपक्षी खेमों के साथ वैकल्पिक ताकत बनाने के लिए एक साथ आना चाहिए। उन्होंने पार्टी की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा अब भी सत्ता में इसलिए है क्योंकि कोई विकल्प नहीं है। जिस दिन विकल्प मिल जाएगा, उसे बाहर कर दिया जाएगा। पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष के तौर पर पुन: निर्वाचित बनर्जी ने नई राज्य समिति का गठन किया जिसमें ज्यादातर उनके वफादार शामिल हैं। पार्टी में पुराने नेताओं और युवा नेताओं के बीच सत्ता को लेकर चल रहे कथित संघर्ष के बीच यह समिति गठित की गई है। टीएमसी सुप्रीमो ने सुब्रत बख्शी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष और पार्थ चटर्जी को महासचिव पुन: नियुक्त किया। उन्होंने राज्य के पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा और 19 प्रदेश महासचिवों समेत करीब 20 उपाध्यक्ष भी नियुक्त किए। बैठक में टीएमसी के राजनीतिक सलाहकार प्रशांत किशोर भी मौजूद थे और उन्हें पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ मंच साझा करते हुए देखा गया।

# गोवा: मतगणना से पहले कांग्रेस अपने उम्मीदवारों को होटल में रखेगी, भाजपा नेता फडणवीस से मिलेंगे

**भाषा।** पणजी

**चुनाव बाद** सर्वेक्षण (एक्जिट पोल) में गोवा में त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणियों के एक दिन बाद राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। कांग्रेस अपने उम्मीदवारों को एकजुट रखने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और उन्हें रिसॉर्ट में लेकर जाने की योजना बना रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की, जबकि गोवा के अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता चुनाव प्रभारी देवेंद्र फडणवीस से मुंबई में मिलने की योजना बना रहे हैं।

गोवा विधानसभा की कुल 40 सीटों के लिए 14 फरवरी को मतदान हुआ था और मतों की गिनती मडगांव और पणजी में 10 मार्च को होगी। निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 17 से घटकर दो रह गई है। पांच साल में इसके 15 विधायक भाजपा में शामिल हो चुके हैं, लेकिन इस बार कांग्रेस अपने उम्मीदवारों को एकजुट रखने का कोई भी प्रयास बाकी नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, कांग्रेस के सभी उम्मीदवार उत्तरी गोवा के एक रिसॉर्ट में बुधवार को रहेंगे, जहां से वे मतगणना केंद्रों तक जाएंगे। कांग्रेस ने अपने सभी विजेता उम्मीदवारों को परिणाम आने के बाद पार्टी कार्यालय पहुंचने को कहा है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने कहा, हमें अपने उम्मीदवारों पर पूरा भरोसा है, लेकिन हम कोई मौका देना नहीं चाहते। इस बीच मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राजधानी दिल्ली में मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। गोवा भाजपा को वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्होंने फुल-प्रूफ रणनीति तैयार की है, ताकि पार्टी राज्य में अपनी सत्ता कायम रखे। भाजपा ने अपने सभी विजेता उम्मीदवारों से कहा है कि वे बृहस्पतिवार को मतगणना के बाद पणजी स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचें। उन्होंने कहा, हम अपने नेता का निर्धारण करने और सरकार गठित करने में समय नहीं गंवाएंगे। उधर, तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि वह सात-आठ सीट जीतेगी तथा उसके गठबंधन सहयोगी को एमजीपी को चार-पांच सीट मिलेंगी तथा उसके बाद वह मुख्यमंत्री पद के लिए मोलजोल करेगी। टीएमसी के प्रदेश प्रमुख किरण कंडोलकर ने कहा, हमें कोई डर नहीं है कि हमारे उम्मदीवार पार्टी छोड़ देंगे। हम यह भी जानते हैं कि टीएमसी और महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी) के सहयोग के बिना कोई सरकार नहीं बनेगी।

## रूस के खिलाफ लड़ाई के लिए यूक्रेन की सेना में शामिल हुआ तमिलनाडु का युवक

**कोयंबटूर।** भारतीय सेना में भर्ती होने के सपनों के साकार नहीं हो पाने के बाद यहां का निवासी 21 वर्षीय एक युवक आक्रमणकारी रूसी बलों के खिलाफ लड़ने के लिए यूक्रेनी सेना में शामिल हो गया। यह मामला तब सामने आया जब कुछ केंद्रीय खुफिया अधिकारी कुछ दिन पहले यहां के निकट थुडियालुर में सैनिकेश रविचंद्रन के घर उसके बारे में जानकारी लेने पहुंचे। पुलिस ने कहा कि भारतीय सेना ने कथित तौर पर लंबाई के कारण सैनिकेश के आवेदन को दो बार खारिज कर दिया था। उसके मुताबिक सैनिकेश ने अमेरिकी सशस्त्र बलों में भर्ती होने के लिए अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से भी संपर्क किया था। सैनिकेश के माता-पिता ने अधिकारियों को बताया कि वह युद्धग्रस्त यूक्रेन में एरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है और वहां युद्ध शुरू होने से कुछ दिनों पहले ही उसे एक वीडियो गेम विकसित करने वाली कंपनी में नौकरी मिली थी। उन्होंने कहा कि परेशान माता-पिता ने केंद्र सरकार से सैनिकेश का पता लगाने और उसे भारत वापस लाने की अपील की है, क्योंकि वह घर लौटने को तैयार नहीं था। सैनिकेश 2018 से खारकीव में राष्ट्रीय एरोस्पेस विश्वविद्यालय में एरोस्पेस इंजीनियरिंग कोर्स कर रहा था और जॉर्जियन नेशनल लीजन में शामिल हो गया था जिसमें अर्धसैनिक इकाई के स्वयंसेवक शामिल थे और रूस के खिलाफ लड़ रहे थे।



हिमाचल के हमीरपुर में रैली को झंडी दिखाते अनुराग ठाकुर

# चुनाव परिणाम के बाद की परिस्थिति के लिए कांग्रेस ने कमर कसी

- चार राज्यों में पर्यवेक्षक भेजे

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस पंजाब,** उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनावों में खंडित जनादेश आने की संभावित परिस्थिति में अपने नवनिर्वाचित विधायकों को एकजुट रखने के लिए तैयारी कर रही है और इसी क्रम में उसने इन प्रदेशों में अपने कुछ वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। सूत्रों के अनुसार, अजय माकन और पवन खेड़ा को पंजाब, दीपेंद्र सिंह हुड्डा को उत्तराखंड, मुकुल वासनिक, टीएस सिंह देव और विंसेट पाला को मणिपुर और डीके शिवकुमार को गोवा के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उत्तराखंड में विधायकों को एकजुट रखने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इन राज्यों के प्रभारी और चुनाव पर्यवेक्षक भी अगले कुछ दिनों तक चारों प्रदेशों में मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इन चारों चुनावी राज्य में मौजूद रहने के दौरान ए वरिष्ठ नेता खंडित जनादेश आने की स्थिति में अपनी पार्टी को एकजुट रखने के साथ ही स्थानीय दलों अथवा विधायकों से बातचीत करेंगे ताकि सरकार गठन की संभावना मजबूत बनी रहे।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, पार्टी इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। हमारी कोशिश है कि किसी भी परिस्थिति के लिए हम तैयार रहें। उत्तराखंड के लिए पर्यवेक्षक बनाए राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में आज देहरादून में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक की और नतीजों के बाद की स्थिति को लेकर चर्चा की। कांग्रेस सूत्रों ने यह भी बताया कि अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के प्रतिनिधियों को भी तैनात किया जा रहा है जो खंडित जनादेश आने की स्थिति में निर्वाचित विधायकों को लेकर संबंधित प्रदेशों की राजधानी में पहुंचेंगे जिसके बाद उन्हें जरूरत पड़ने पर जयपुर या रायपुर भी ले जाया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस साल 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में खंडित जनादेश के पैदा हुई स्थिति से सबक लेते हुए इस बार समय रहते पूरी तैयारी रखना चाहती है।

## क्विक न्यूज

### फडणवीस के काफिले पर चप्पल फेंकने को लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे।** महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस के काफिले पर पुणे में चप्पल फेंकने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि घटना रविवार को तब हुई जब फडणवीस पिंपरी-चिंचवाड के पूर्णा नगर में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपाई उद्यान का उद्घाटन करने आए थे। पूर्व मुख्यमंत्री के पहुंचने से कुछ समय पहले ही कार्यक्रम स्थल पर भाजपा और राकांपा के कुछ कार्यकर्ताओं में संघर्ष हो गया जिसके बाद पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस के मुताबिक, जब फडणवीस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो भीड़ में से किसी शख्स ने उनके काफिले पर कथित रूप से चप्पल फेंक दी। चिखली थाने के एक अधिकारी ने बताया, हमने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर आरोप लगाया था कि भले ही भाजपा नेता उद्यान का उद्घाटन कर रहे हों, लेकिन इसका काम अभी अधूरा है।

### मेघालय उच्च न्यायालय ने बिना देरी के अवैध खनन रोकने का निर्देश दिया

**शिलांग।** मेघालय उच्च न्यायालय ने राज्य के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि अवैध खनन गतिविधियां बिना किसी देरी के रोकी जाएं और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त एक समिति गठित की जाए, ताकि इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और सिफारिशों के क्रियान्वयन पर नजर रखी जा सके। उच्च न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ ने पूर्व जैतिया हिल्स जिले में अवैध खनन गतिविधियों से जुड़ी स्थिति की समीक्षा करने के लिए मुख्य सचिव आर वी सुचियांग के साथ इलाके के हाल के दौरे के बाद इस मामले पर सुनवाई शुरू की। पीठ ने सोमवार को कहा, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने रिपोर्ट दाखिल कर दी है जिससे संकेत मिलता है कि कुछ कार्वाई की गई है। बहरहाल, यह स्पष्ट है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन नही किया गया...खनन गतिविधियों की निगरानी करना अनिवार्य है। ख्लिहरियात और उसके आसपास के इलाकों का पिछले सप्ताह दौरा करने वाले तीन न्यायाधीशों को दसियों किलोमीटर तक फैली सड़क के दोनों ओर अभी खोदे गए कोयले के ढेर नजर आए।

### सूरत में 60 लाख से अधिक का गांजा जब्त, एक शख्स गिरफ्तार

**सूरत (गुजरात)।** गुजरात के सूरत जिले में पुलिस ने 60 लाख रुपए की कीमत का 600 किलोग्राम गांजा जब्त किया है और इस संबंध में महाराष्ट्र के रहने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। सूरत ग्रामीण विशेष अभियान समूह (एसओजी) के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि यहां ओलपाड तालुका के सायन शहर में एक टेक्सटाइल पार्क के समीप महाराष्ट्र की पंजीकरण संख्या वाले के एक वाहन से सोमवार को प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर एसओजी ने एक अभियान चलाया और 60,01,500 रुपए का 600.150 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने चार पहिया एक वाहन, तीन पहिया एक वाहन और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने एक आरोपी को पकड़ा है जिसकी पहचान पड़ोसी महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले जावेद शेख के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले एक शख्स समेत छह और लोगों को पकड़ा गया है। इनमें से तीन ओडिशा के गंजाम और एक अंगुल का रहने वाला है।

### मजीठिया की न्यायिक हिरासत 22 मार्च तक बढ़ाई गई

**चंडीगढ़।** मोहाली में एक अदालत ने मादक द्रव्य मामले में मंगलवार को शिरोमणी अकाली दल (शिअद) नेता विक्रम सिंह मजीठिया की न्यायिक हिरासत 22 मार्च तक के लिए बढ़ा दी। उनके वकील अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा कि मजीठिया (46) अदालत के समक्ष पेश हुए जिसने हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। मादक द्रव्य मामले के सिलसिले में 24 फरवरी को यहां एक अदालत के समक्ष समर्पण करने के बाद उन्हें दो हफ्तों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। उच्चतम न्यायालय ने पहले पंजाब पुलिस को इस मामले में राज्य के पूर्व मंत्री को 23 फरवरी तक गिरफ्तार नही करने का निर्देश दिया था ताकि वह राज्य में चुनाव प्रचार कर सकें। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना तथा न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने हालांकि मजीठिया को निर्देश दिया था कि वह पंजाब विधानसभा चुनावों के 20 फरवरी को संपन्न होने के बाद निचली अदालत के समक्ष आत्म समर्पण करें। मजीठिया के खिलाफ पिछले साल 20 दिसंबर को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। मजीठिया की अग्रिम जमानत याचिका को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 24 जनवरी को खारिज कर दिया था।

### आतंकवादी कश्मीर में ग्रेनेड हमले के लिए युवाओं का इस्तेमाल कर रहे: वरिष्ठ सैन्य अधिकारी

**श्रीनगर।** थल सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि आतंकवादी कश्मीर में आबादी वाले स्थानों पर ग्रेनेड हमले करने के लिए युवाओं का इस्तेमाल कर रहे है क्योंकि आतंकियों के नेटवर्क सुरक्षा बलों पर बड़े हमले कर पाने में सक्षम नही है। श्रीनगर स्थित 15वी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिग (जीओसी), लेफ्टिनेंट जनरल डी पी पांडे की यह टिप्पणी यहां हरि सिंह हाई स्ट्रीट बाजार में रविवार को हुए ग्रेनेड हमले के मद्देनजर आई है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 34 अन्य घायल हो गए। यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने लोगों से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आतंकी नेटवर्क के खिलाफ खड़े होने की अपील की। लेफ्टिनेंट जनरल ने बाजार में हुए हमले के बारे में पूछे जाने पर कहा, यह एक बहुत ही कायराना हरकत है, जब महिलाएं और पुरुष अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे और आप ने एक ग्रेनेड फेंक दिया, जिसमें दो लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। मुझे लगता है कि यह निंदनीय है। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा है कि वे (आतंकवादी) सुरक्षा बलों को बड़ा नुकसान पहुंचाने में सक्षम नही है। दुष्प्रचार करने वाले लोग और संगठन, जो कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, वे तथाकथित हाईब्रिड आतंकवादी, युवाओं का इस्तेमाल खासतौर पर आबादी वाले इलाकों में ग्रेनेड फेंकने के लिए कर रहे है। उन्होंने कहा, जब समाज इस तरह के संगठन के खिलाफ खड़ा हो जाएगा, तभी जा कर ऐसे ग्रेनेड हमलों को रोकना संभव हो पाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते के एक साल पूरे होने और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर स्थिति के बारे में , लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने कहा कि वहां स्थिति पूरी तरह से ठीक है। उन्होंने कहा, उरी, केरन और तंगधार जैसे सीमावर्ती इलाकों के लिए यह एक अच्छी चीज है।

# धनखड़ ने विस अध्यक्ष से बैठक का अनुरोध किया

● विस हंगामे को लेकर राज्यपाल की पहल

भाषा। कोलकाता



**पश्चिम बंगाल** विधानसभा में हुए जबरदस्त हंगामे के एक दिन बाद मंगलवार को राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी से इस मुद्दे पर उनसे मुलाकात कर चर्चा का अनुरोध किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहने के कारण धनखड़ को अपने संबोधन में कटौती को मजबूर होना पड़ा। सत्र के पहले दिन विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने हालिया नगरपालिका चुनाव में कथित हिंसा को लेकर विरोध जताते हुए हंगामा किया। हालांकि, हंगामे के बीच सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की महिला विधायकों को राज्यपाल को अपना संबोधन जारी रखने का आग्रह करते देखा गया था। अपने पत्र में धनखड़ ने कहा कि सत्ता पक्ष के सदस्य भी हंगामे में शामिल रहे। उन्होंने सत्तारूढ़ विधायकों और मंत्रियों पर अप्रत्यक्ष रूप से उनका घेराव करने का आरोप भी लगाया। धनखड़ ने विधानसभा को लिखे पत्र में कहा, कैसी विडंबना है कि सदन में विपक्षी सदस्यों द्वारा किए जा रहे हंगामे को और बढ़ाने में सत्ता पक्ष भी शामिल रहा जबकि सत्ता पक्ष राज्यपाल के अभिभाषण में प्रमुख भागीदार होता है। राज्यपाल ने ट्वीट कर कहा कि उन्होंने सदन में हुए जबरदस्त हंगामे को लेकर बंगाल विधानसभा अध्यक्ष से अगले तीन दिन में बैठक करने का अनुरोध किया है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस सांसद और पार्टी प्रवक्ता शुखेंदु शेखर रॉय ने धनखड़ के पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल द्वारा लिखे गए पत्र की भाषा पर सवाल उठाया और कहा कि यह राज्यपाल द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को तलब करने के समान है।

## तृणमूल की नई प्रदेश समिति में अनुभवी नेताओं को जगह

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस में कथित पीढ़ीगत मतभेद के बीच पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल प्रदेश समिति का पुनर्गठन किया, जिसमें मुख्य रूप से उनके वफादार अनुभवी नेता शामिल किए गए हैं। बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए जयप्रकाश मजूमदार को पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया। तृणमूल कांग्रेस में बगावत करने वालों को आगाह करते हुए बनर्जी ने कहा कि पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने वालों को दो चेतावनियों के बाद निष्कासित कर दिया जाएगा। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुब्रत बख्शी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष और पार्थ चटर्जी को महासचिव नियुक्त किया है। बनर्जी के भरोसेमंद समझे जाने वाले मंत्री फिरहाद हाकिम और अरूप बिस्वास प्रदेश इकाई के महासचिव बनाए गए हैं। इन दोनों के अलावा 17 अन्य प्रदेश महासचिव हैं। पार्टी द्वारा नामित 20 उपाध्यक्षों में अमित मित्रा, मानस भुइयां, शोभन देव चट्टोपाध्याय, डेरेक ओ ब्रायन, शताब्दी रॉय और अभिनेता देव जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। पूर्व माओवादी समर्थित आदिवासी नेता छत्रधर महतो को पार्टी का सचिव नियुक्त किया गया है। वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य को टीएमसी महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बरकरार रखा गया है। लोकसभा में टीएमसी पार्टी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय को उत्तरी कोलकाता में पार्टी के संगठन का प्रभार दिया गया है। बनर्जी ने कहा, नई प्रदेश समिति में कुछ नए सदस्यों को छोड़कर कमोबेश वही सदस्य (पहले के पैनल के) हैं। इससे पहले बनर्जी ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई टीम का गठन किया जिसमें मुख्य रूप से अनुभवी नेताओं को जगह दी गई।



बीकानेर में सैंड आर्टिस्ट राकेश महिला दिवस पर बालू से आकृति उकेरते हुए

## अब तक कोरोना की 179.31 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं: मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश मे मंगलवार तक कोविड-19 रोधी टीके की 179.31 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार को शाम सात बजे तक टीके की 16 लाख से अधिक (16,59,691) खुराक दी जा चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों, कोरोना योद्धाओं और 60 साल से ज्यादा आयुवर्ग के अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अभी तक 2.08 करोड़ से अधिक (2,08,51,175) एहतियाती खुराक दी जा चुकी है।

## तमिलनाडु के मंत्री की बेटी ने छोड़ा घर

**चेन्नई।** तमिलनाडु के एक मंत्री की नवविवाहित बेटी ने एक व्यवसाई के साथ भाग जाने के बाद बेंगलुरु मे पुलिस सुरक्षा मांगी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डॉक्टर और हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्री पी के शेखर बाबू की बेटी जयकल्याणी ने बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त कमल पंत के सामने सुरक्षा की गुहार लगाई। जनकल्याणी ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने सतीश कुमार से शादी की है और दोनो मे छह सालो से प्रेम संबंध था। उन्होंने कहा कि उन्हे और उनके पति को खतरा था इसलिए पुलिस सुरक्षा की मांग की है। शादी करने मे दंपत्ति की मदद करने वालो के अनुसार, प्रेमी युगल ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार कर्नाटक के जिला मुख्यालय शहर रायचूर के हलस्वामी मठ मे शादी कर ली। सूत्रों ने कहा कि मंत्री ने पुलिस मे दी शिकायत मे कहा था कि उनकी बेटी लापता हो गई है और उन्हे शक है कि हो सकता है उसका अपहरण हुआ है।

## राजस्थान में 7000 ग्राम सेवा सहकारी समितियों के चुनाव जुलाई तक होंगे

**जयपुर।** राजस्थान मे 7000 ग्राम सेवा सहकारी समितियो के चुनाव इस साल जुलाई माह तक करवा लिए जाएंगे। इसके बाद केंद्रीय सहकारी बैंकों व अपेक्स बैंक के चुनाव होंगे। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मंगलवार को कहा कि राज्य की 7000 ग्राम सेवा सहकारी समितियो मे जुलाई माह तक आवश्यक रूप से चुनाव करा दिए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियो को आवश्यक तैयारियो के भी निर्देश दिए। उनके अनुसार इस बार ग्राम सेवा सहकारी समितियो मे चुनाव वार्ड पद्धति लागू कर करवाए जाएंगे। आंजना ने मंगलवार को शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन मे विभागीय अधिकारियो की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समितियो के चुनाव होने के बाद केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक के चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन जिला दुग्ध संघों मे चुनाव होने है, उनके भी चुनाव शीघ्र कराने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री ने ग्राम सेवा सहकारी समितियो मे व्यवस्थापकों के खाली पदो को भरने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यवस्थापकों के सेवा नियमों एवं अन्य संबंधित मुद्दो पर भी विस्तार से चर्चा की। आंजना ने कहा कि किसानो को बुवाई के दौरान खाद बीज की समस्या न हो। इसके लिए समय पर खाद एवं बीज का भंडारण सुनिश्चित किया जाए।

## आईसीएआर, सीएसआईआर, आयुष मंत्रालय में करार

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय और सीएसआईआर के बीच मनुष्यों और जानवरों के लाभ के लिए औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक भोजन से संबंधित प्रौद्योगिकियों की तैनाती संबंधित अनुसंधान एवं विकास की सुविधा के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए है। सीएसआईआर के महानिदेशक शेखर सी मांडे, आयुष सचिव राजेश कोटेचा और आईसीएआर महानिदेशक त्रिलोचन महापात्र ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# महिलाओं का जीवन बेहतर बनाना प्राथमिकता: मोदी

भाषा। कच्छ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश की सर्वोच्च प्राथमिकता महिलाओं का जीवन बेहतर बनाने और भारत की विकास यात्रा में उनकी संपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने पर है। प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को नीति और नेतृत्व का प्रतिबिंब करार दिया और उनसे कुपोषण के खिलाफ तथा वोकल फोर लोकल जैसे सरकार के अभियानों में आगे बढ़कर योगदान देने का आह्वान किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कच्छ के धोरदो गांव स्थित एक महिला संत शिविर में आयोजित संगोष्ठी को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जो राष्ट्र धरती को मां स्वरूप मानता हो, वहां महिलाओं की प्रगति राष्ट्र के सशक्तिकरण को हमेशा बल देती है। उन्होंने कहा, आज देश की प्राथमिकता महिलाओं का जीवन बेहतर बनाने और भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की सम्पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने में है। उन्होंने कहा, नारी, नीति, निष्ठा, निर्णय शक्ति और नेतृत्व की प्रतिबिंब होती है। इसलिए, हमारे वेदों ने, हमारी परंपरा ने ए आह्वान किया है कि नारियां सक्षम हों, समर्थ हों, और राष्ट्र को दिशा दें। महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार आने वाले दिनों में एक अभियान चलाने जा रही है, जिसके तहत बेटियों के स्कूल में दाखिले का उत्सव मनाया जाएगा।

आत्मनिर्भर भारत अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में वही देश चल सकता है, जो अपने पैरों पर खड़ा हो। उन्होंने कहा, जो बाहर से चीजें लाकर गुजारा करता है, वह कुछ नहीं कर सकता है। इसलिए वोकल फोर लोकल हमारी अर्थव्यवस्था से जुड़ा बहुत अहम विषय बन गया है। इसका महिला सशक्तिकरण से ही बहुत गहरा संबंध है क्योंकि ज्यादातर स्थानीय उत्पादों की ताकत महिलाओं के हाथों में होती है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं से आह्वान किया कि वह इसके समर्थन में जागरूकता अभियान चलाएं और स्थानीय उत्पादों के उपयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार कुपोषण के खिलाफ देश में जारी अभियान में भी महिलाएं बहुत बड़ी मदद कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ऐसे ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में भी आपकी बड़ी भूमिका है। बेटियां ज्यादा से ज्यादा संख्या में न केवल स्कूल जाएं बल्कि पढ़ाई भी पूरी करें। इसके लिए आप लोगों को लगातार उनसे बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने लड़कियों की शादी की उम्र को भी 21 वर्ष करने पर विचार कर रही है और इससे संबंधित एक प्रस्ताव संसद में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि आज सेनाओं में बेटियों की भूमिकाओं को बढ़ावा मिल रहा है और सैनिक स्कूलों में बेटियों के दाखिले की शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से महिलाएं सशक्त हो रही हैं और वह स्व-सहायता समूह बनाकर व छोटे उद्योगों के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति दे रही हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं के पास कौशल की कभी कोई कमी नहीं है। लेकिन अब वही कौशल उनका और उनके परिवार की ताकत बढ़ा रहा है। हमारी बहनें व बेटियां आगे बढ़ सकें, अपने सपने पूरे कर सकें। अपनी इच्छा के अनुसार अपना कुछ काम कर सकें, इसके लिए सरकार अनेक माध्यमों से उन्हें आर्थिक मदद भी दे रही है।

## मोदी ने नीदरलैंड्स के अपने समकक्ष से यूक्रेन की ताजा स्थिति पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नीदरलैंड्स के अपने समकक्ष मार्क रूट से यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध से उपजी परिस्थितियों पर चर्चा की तथा इसकी वजह से यूक्रेन में पैदा हुए मानवीय संकट पर अपनी चिंताएं भी साझा कीं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, दोनों नेताओं ने यूक्रेन की ताजा स्थिति पर चर्चा की और वहां जारी मानवीय स्थिति पर अपनी चिंताएं साझा कीं। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर दोनों देशों से संघर्ष का अंत करने और वार्ता व कूटनीति के रास्ते पर लौटने की भारत की अपील दोहराई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इस मसले का जल्द ही कोई हल निकलेगा। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने युद्धग्रस्त देश से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे अभियान की प्रगति से रूट को अवगत कराया।

## क्विक न्यूज

### कोविड-19 महामारी के दौरान मध्यप्रदेश में छात्रों को 351 करोड़ के स्कूल गणवेश वितरित किए गए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने कोविड-19 महामारी में स्कूल बंद रहने के दौरान विद्यार्थियों के बीच 351 करोड़ रुपए लागत के गणवेश बांटे हैं। प्रदेश के शिक्षामंत्री ने यह जानकारी दी। प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विधानसभा में मंगलवार कांग्रेस विधायक पांचीलाल मेड़ा के प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि कि वित्त वर्ष 2020-21 में 50 जिलों में 1.17 करोड़ से अधिक छात्रों को स्कूल के गणवेश (स्कूल यूनीफार्म) दिए गए जिसमें मंदसौर और रतलाम जिले का आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। कांग्रेस विधायक ने गणवेश के वितरण के बारे में जानकारी मांगी थी क्योंकि महामारी के दौरान विद्यार्थी घर पर पढ़ रहे थे और स्कूल बंद थे। विधायक ने इसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए वितरण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। अपने उत्तर में स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहली से आठ तक की कक्षाओं के लिए रेडियो स्कूल (ऑनलाइन) शुरु किया गया था जबकि कक्षा नौवीं से 12 तक की कक्षाओं के विद्यार्थी हमारा घर, हमारा विद्यालय योजना के तहत आनलाइन पढ़ रहे थे।

### लोकपाल पिछले तीन साल में किसी को भी अभियोजन मंजूरी देने में नाकाम रहा

**नई दिल्ली।** करीब तीन साल पहले गठित लोकपाल अब तक भ्रष्टाचार के आरोपी किसी भी लोकसेवक के खिलाफ मुकदमे की मंजूरी देने में नाकाम रहा है। यह जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के तहत उपलब्ध कराई गई है। आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में कहा गया है कि भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच और अभियोजन के निर्धारण से संबंधित दो निदेशकों की नियुक्तियां अभी नहीं हो सकी है। आरटीआई आवेदन के जवाब में लोकपाल ने कहा है, जांच निदेशक और अभियोजन निदेशक की नियुक्तियों के लिए पैनल उपलब्ध कराने के लिए सरकार से अनुरोध किया गया है। लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद गठित लोकपाल लोकसेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करने वाला सर्वोच्च निकाय है तथा 27 मार्च 2019 को अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही इसका कामकाज शुरू हो गया था। भ्रष्टाचार के आरोपी लोकसेवकों के खिलाफ अभियोग के प्रस्ताव या मंजूरी देने के बारे में पूछे जाने पर लोकपाल ने कहा है कि उसने अभी तक ऐसी एक भी मंजूरी नहीं दी है।

### हत्या के षड्यंत्र की प्राथमिकी रद्द करने की अभिनेता दिलीप की याचिका झूठ का पुलिंदा: अपराध शाखा

**कोच्चि।** अपराध शाखा ने 2017 में एक अभिनेत्री पर हमले के मामले की जांच करने वाले अधिकारियों की हत्या की साजिश रचने और उन्हें धमकाने के आरोप में अभिनेता दिलीप तथा अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की अभिनेता की याचिका का मंगलवार को केरल उच्च न्यायालय में विरोध किया। अपराध शाखा ने कहा कि दिलीप की याचिका झूठ और मनगढ़ंत तथ्यों का पुलिंदा है। अभिनेता की याचिका के जवाब में दाखिल बयान में एजेंसी ने दलील दी कि अभी तक जो सामग्री एकत्रित की गई है, उससे संकेत मिलता है कि बहुत खतरनाक स्थिति है जिसमें 2017 के मामले की जांच कर रहे कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जिंदगी खतरे में है। वरिष्ठ सरकारी वकील और अतिरिक्त सरकारी अभियोजक पी नारायणन के माध्यम से दाखिल बयान में अपराध शाखा ने दावा किया कि फिल्म निर्देशक बालाचंद्र कुमार इस मामले में अभिनेता दिलीप, उनके भाई, साले और तीन अन्य की कथित साजिश के गवाह हैं। एजेंसी ने यह दावा भी किया कि कुमार के बयानों और उनके द्वारा पुलिस को दी गई वीडियो क्लिप के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। दिलीप ने वकील फिलीप टी वर्गीज के माध्यम से दाखिल अपनी याचिका में प्राथमिकी को रद्द करने की या विकल्प के तौर पर जांच को सीबीआई को हस्तांतरित करने की मांग की थी। दिलीप ने आरोप लगाया कि ताजा मामला दुर्भावना से प्रेरित होकर दर्ज किया गया है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मामले में अपराध शाखा के अधिकारियों द्वारा अब तक की गई जांच बहुत दागदार, पूर्वाग्रह से ग्रसित, निरर्थक और बेइमान रही है। अपराध शाखा ने आरोपों को खारिज करते हुए दलील दी कि मामले में उचित तरह से और कानून के अनुरूप जांच की जा रही है और इस मौके पर जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

### राजे की सभा में शामिल हुए भाजपा के कई विधायक

**कोटा।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बूंदी में एक मंदिर के दर्शन कर अपना जन्मदिन मनाया और फिर एक जनसभा को संबोधित किया, जिसे पार्टी की वरिष्ठ नेता के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। केशवरायपाटन में चरमणियावती नदी के तट पर आयोजित कार्यक्रम में कई सांसद, विधायक और पूर्व विधायक शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजे के समर्थक उन्हें अकसर राजस्थान की भावी मुख्यमंत्री कहते हैं। राजे ने कहा कि भाजपा 2023 का विधानसभा चुनाव जीतेगी। उन्होंने दावा किया कि 3 नंबर राज्य में हमेशा से पार्टी के लिए शुभ रहा है। उन्होंने कहा कि साल 2003 में पार्टी ने राज्य में 120 सीटों के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

## नड्डा ने विस चुनावों से पहले मध्य प्रदेश में पार्टी संगठन के बेहतर विस्तार पर जोर दिया

भाषा। इंदौर



**भाजपा के** राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने मध्यप्रदेश में वर्ष 2023 के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कमर कस रही सत्तारूढ़ पार्टी के राज्य नेतृत्व के साथ मंगलवार को इंदौर में अलग-अलग बैठकें कीं और पार्टी संगठन के बेहतर विस्तार पर जोर दिया। सूबे के एक दिवसीय दौरे के आखिर में नड्डा ने भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों तथा मोर्चा अध्यक्षों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने भाजपा की राज्यस्तरीय कोर कमेटी के साथ भी बैठक की।कुल ढाई घंटे चलीं इन बैठकों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा के साथ ही केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा संगठन में राज्य के प्रभारी पी. मुरलीधर राव, राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठकों के बाद राज्य की भाजपा इकाई के महासचिव भगवानदास सबनानी ने संवाददाताओं को बताया, नड्डा ने राज्य में भाजपा के बूथ विस्तारक अभियान को सराहा और पार्टी संगठन के बेहतर विस्तार के वास्ते आगामी कार्यक्रमों के लिए हमारा मार्गदर्शन किया।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता फादर अल्फांसो को सशर्त जमानत

भाषा। रांची

**झारखंड में** खूंटी के कोचांग में वर्ष 2018 में पांच आदिवासी युवतियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म में सहभागी होने के लिए आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे फादर अल्फांसो आइंद को झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति आर मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति राजेश कुमार की खंड पीठ ने अल्फांसो को जमानत देते हुए न्यायालय की अनुमति के बिना खूंटी नहीं छोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही उसे शहीदों के सम्मान में 1500 रुपए आर्मी रिलीफ फंड में जमा करने के भी निर्देश दिए। अदालत ने पिछले शुक्रवार को फादर अल्फांसो की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अल्फांसो को निचली अदालत ने इस मामले में 15 मई 2019 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अल्फांसो की ओर से अदालत को बताया गया कि वह साढ़े तीन साल से जेल में है जबकि उसे इस मामले में साजिश रचने के आरोप में सजा सुनाई गई है। उसने दावा किया कि जो आरोप उस पर लगाए गए हैं उसी आरोप में दूसरे आरोपियों को अब तक सजा नहीं मिली है। अल्फांसो की पैरवी करते हुए उसके अधिवक्ता ने कहा कि अल्फांसो अकेले साजिश नहीं कर सकता और उसकी अपील पर सुनवाई में समय लगेगा इसलिए उसे जमानत प्रदान की जाए। वहीं, सरकार की ओर से अल्फांसो की जमानत का विरोध किया गया और कहा गया कि आदिवासी युवतियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फादर अल्फांसो मुख्य साजिशकर्ता है।घटना की जानकारी होने के बाद भी अल्फांसो ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी थी और आदिवासी युवतियों को अपहृत कर जंगल में ले जाने वाले पत्थलगड़ी समर्थक नक्सलियों और अपराधियों का पूरा सहयोग किया था।

# झिझक छोड़कर अपराध की शिकायत दर्ज कराएं, महिला थाना प्रभारियों ने कहा

भाषा। नई दिल्ली

**इस अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस पर छह महिला थाना प्रभारियों ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर महिलाओं और बच्चों में सुरक्षा की भावना सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। हाल में नियुक्त इन थाना प्रभारियों ने महिलाओं को सलाह दी, अपनी शिकायतों की शिकायत दर्ज करने के लिए आत्मविश्वास के साथ पुलिस थानों में आएं। यह पूछे जाने पर कि इस अवसर पर महिलाओं के लिए उनका क्या संदेश है, डिफेंस कॉलोनी की थाना प्रभारी सपना दुग्गल ने कहा, एक महिला थाना प्रभारी के रूप में, मैं अपने क्षेत्र की महिलाओं को केवल एक संदेश देना चाहूंगी कि वे मेरे क्षेत्र में सुरक्षित हैं। सोनिया विहार थाना की प्रभारी मालती बाना ने कहा कि समय बदल गया है और महिलाएं, जो पहले सिर्फ साड़ी पहनने तक ही सीमित थीं, प्रगतिशील दुनिया के हिसाब से खुद को ढाल रही हैं। विकासपुरी थाना की प्रभारी प्रतिभा शर्मा ने कहा, महिलाओं को विभिन्न मोर्चों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे अब पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। चाहे वे कहीं भी तैनात हों, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित की है। विवेक विहार थाना की प्रभारी पूनम पारीक ने अपने संदेश में कहा कि उनके क्षेत्र की महिलाएं फोन पर उनसे संपर्क कर सकती हैं और सीधे उन्हें अपनी समस्याएं बता सकती हैं। हौज खास थाना की प्रभारी शिवानी सिंह का मानना है कि अधिक महिलाओं को थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त किए जाएं।

## विस अध्यक्ष के चुनाव की तारीख की मांग करते हुए एमवीए के नेताओं ने राज्यपाल से मुलाकात की

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र में** सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को प्रदेश के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से एक हफ्ते से भी कम समय में तीसरी बार मुलाकात कर उनसे विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए तारीख तय करने का अनुरोध किया। राजस्व मंत्री बालासाहेब थोराट (कांग्रेस) और परिवहन मंत्री अनिल परब (शिवसेना) ने यहां राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार और पीडब्ल्यूडी मंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को राज्यपाल के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की थी। प्रदेश में सत्तारूढ़ एमवीए गठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल ने चार मार्च को कोश्यारी से मुलाकात कर उनसे चुनाव कराने के लिए तारीख तय करने का अनुरोध किया था। प्रतिनिधिमंडल ने नौ मार्च की तारीख का सुझाव दिया थाऔर राज्यपाल से अपने कोटे से 12 एमएलसी नियुक्त करने का भी अनुरोध किया था। विधानसभा अध्यक्ष का पद पिछले साल फरवारी के बाद से रिक्त है क्योंकि, विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले को उनकी पार्टी कांग्रेस ने उन्हें महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

# महिलाओं के साथ घर, दफ्तर में समान बर्ताव करने की जरूरत : एनएचआरसी प्रमुख

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय मानवाधिकार** आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के साथ घर और कार्यालय में समान व्यवहार किए जाने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने संदेश में मिश्रा ने कहा कि कानून अकेले एक न्यायपूर्ण और न्यायसंगत समाज सुनिश्चित नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि समाज के सभी वर्ग विशेष रूप से महिलाएं, जो दुनिया भर में मानव संसाधन का लगभग आधा हिस्सा हैं, राष्ट्रों के सतत विकास को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं, उन्हें समान अवसर मिले और बुनियादी मानवाधिकारों तक उनकी पहुंच हो। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लैंगिक समानता के आज के लिए एक सतत कल की दिशा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन में राष्ट्रीय और वैश्विक बिरादरी के साथ हाथ मिलाया है। अपने लिखित संदेश में एनएचआरसी अध्यक्ष ने कहा, एनएचआरसी ने महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानूनों में कोई कमी होने पर उन्हें पूरा करने के लिए रचनात्मक सुझाव देना जारी रखा है, जिसमें समानता और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार भी शामिल है। हालांकि, हमें घर से लेकर दफ्तर तक महिलाओं के साथ समान भागीदार के रूप में व्यवहार करना होगा। उन्होंने कहा, न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज को सुनिश्चित करने के लिए केवल कानून ही अकेले नतीजे नहीं दे सकते। महिलाएं हर लिहाज से बराबर हैं यहां तक कि उत्तराधिकार के मामले में वे बेटों के बराबर हैं। यह आवश्यक है कि वे बड़े सपने देखें और उसे हासिल करने का प्रयास करें। एनएचआरसी अध्यक्ष ने कहा कि भारत में महिलाएं ऊंचे पद को हासिल करती हैं, वे घर और राष्ट्र की निर्माता हैं।


बीकानेर में महिला दिवस पर रस्साकसी दौड़ में भाग लेती महिलाएं

# डिजिटल रुपया लाने का फैसला रिजर्व बैंक की सलाह से सोच-समझकर लिया गया

एजेंसी। बेंगलुरु

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित डिजिटल मुद्रा के स्पष्ट लाभ हैं और डिजिटल रुपया लाने का फैसला भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सलाह से सोच-समझकर लिया गया है।

सीतारमण ने मंगलवार को यहां इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिजिटल रुपए पर एक सवाल के जवाब में कहा, यह केंद्रीय बैंक-भारतीय रिजर्व बैंक की सलाह से सोच-समझकर किया गया फैसला है... हम चाहते हैं कि वे इसे जिस तरह से लाना चाहें, उस तरह डिजाइन करें, लेकिन हम केंद्रीय बैंक से इस साल मुद्रा लाने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित डिजिटल मुद्रा के स्पष्ट लाभ हैं, क्योंकि आज के दौर में देशों के बीच होने वाले थोक भुगतान, संस्थानों के बीच बड़े लेनदेन और प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंकों के बीच बड़े लेनदेन, सभी डिजिटल मुद्रा के जरिए बेहतर ढंग से हो सकते हैं। क्रिप्टो क्षेत्र को विनियमित करने के बारे में पूछे जाने पर वित्त मंत्री ने कहा कि हितधारकों से परामर्श के बाद सरकार इस बारे में फैसला करेगी।



उन्होंने कहा, परामर्श जारी है .... इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति का सुझाव देने के लिए स्वागत है। परामर्श की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंत्रालय इसपर विचार करेगा। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम किसी कानूनी अनिवार्यता से परे नहीं जा रहे हैं, उसके बाद हम इसपर अपना रुख सामने लाएंगे। यह पूछने पर कि क्या वह भारत में क्रिप्टो के लिए भविष्य देखती हैं, उन्होंने कहा, कई भारतीयों ने इसमें अत्यधिक संभावनाएं देखी हैं और इसलिए मुझे इसमें राजस्व की गुंजाइश दिखाई देती है। हाल में पेश किए गए आम बजट के बारे में सीतारमण ने कहा कि बजट में अमृत काल का उल्लेख अधिक से अधिक डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के संबंध में है। उन्होंने कहा कि इस बजट में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों (डीबीयू) की घोषणा की गई है।

सीतारमण ने कहा कि भारत को इनकी जरूरत है, क्योंकि आजादी के 75 वर्षों में एक राष्ट्रीयकृत बैंकिंग नेटवर्क के बावजूद बैंकिंग और वित्तीय समावेशन पूरा नहीं हो सका।

## क्या मृत्यु क्षतिपूर्ति को आय मानकर कर लगाया जा सकता है?

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात उच्च** न्यायालय ने आयकर विभाग से पूछा है कि क्या आश्रितों को मिलने वाली मृत्यु क्षतिपूर्ति को आय माना जा सकता है और क्या यह आयकर अधिनियम के तहत कर योग्य है। अदालत 1986 में पैन अमेरिकन वर्ल्ड एयरवेज की उड़ान के अपहरण के दौरान मारी गई एक महिला के पति द्वारा दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर रही थी।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति निशा ठाकुर की खंडपीठ ने आयकर विभाग से सवाल किया कि क्या मुआवजे के रूप में मिली राशि को कानून के तहत कर योग्य आय कहा जा सकता है। अदालत ने पूछा, आपका मुख्य तर्क यह है कि मुआवजा आय नहीं है और इस पर कर नहीं लगाया जा सकता ... हम सहानुभूति के पक्ष पर नहीं जाएंगे, लेकिन यह विचार योग्य है कि मुआवजे के रूप में जो कुछ मिला है, क्या हम उसे कर योग्य आय कह सकते हैं? इस मामले की अगली सुनवाई 14 मार्च को होगी। याचिकाकर्ता कल्पेश दलाल ने 20 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति पर आयकर भुगतान के लिए आयकर विभाग से नोटिस मिलने पर अदालत में अपील की थी। दलाल की पत्नी तृप्ति 1986 में मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही उस उड़ान में सवार थीं, जिसे अपहरणकर्ताओं ने कराची में उतरने को मजबूर किया। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने 2013-14 और 2014-15 के बीच दलाल को 20 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया, लेकिन उन्होंने उसे आकलन वर्ष 2014-15 के लिए दाखिल कर रिटर्न में आय के रूप में नहीं दिखाया। आयकर विभाग ने पहली बार 2014 में याचिकाकर्ता को समन जारी किया था और पिछले साल इस मामले को दोबारा खोल दिया गया, जिसके बाद दलाल ने उच्च न्यायालय का रुख किया।

## क्विक न्यूज

### पोर्क के बाद अब अमेरिका ने भारत से चेरी अल्फाल्फा के लिए बाजार खोलने की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बाइडन प्रशासन चाहता है कि भारत पोर्क (सूअर का मांस) के बाद अब चेरी और अल्फाल्फा के लिए अपना बाजार खोले। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने पोर्क के आयात का मसला गत वर्ष नवंबर में आयोजित अमेरिका-भारत व्यापार नीति मंच की बैठक में उठाया था और इस साल जनवरी में जारी एक बयान में बताया गया कि भारत सरकार अमेरिकी पोर्क एवं उसके उत्पादों के आयात को मंजूरी देने के लिए तैयार हो गई है। यूएसटीआर ने कहा, 2022 में यूएसटीआर चेरी और अल्फाल्फा घास के लिए बाजार पहुंच को अंतिम रूप देने पर भारत के साथ बातचीत जारी रखेगा। अल्फाल्फा मटर परिवार का फूल देने वाला एक पौधा है। यूएसटीआर की रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संबंधी संकट से निपटने के भारत और अमेरिका सहयोग करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और भारत लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने तथा बाजार अर्थव्यवस्थाओं और लोकतंत्रों के लिए एक पारदर्शी, नियम आधारित व्यापार प्रणाली को बढ़ावा देने पर भी सहयोग करेंगे।

### क्रिप्टोकरेंसी पर बाइडन इस सप्ताह जारी कर सकते हैं कार्यकारी आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस सप्ताह क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं, जो डिजिटल मुद्रा के कारोबार को विनियमित करने की दिशा में पहला कदम होगा। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया जा रहा है, जब प्रशासनिक अधिकारियों ने चिंता जताई है कि यूक्रेन पर हमले के जवाब में लगाए गए प्रतिबंधों को बेअसर करने के लिए रूस क्रिप्टोकरेंसी के इस्तेमाल कर सकता है। इन प्रतिबंधों के चलते रूबल में ऐतिहासिक गिरावट आई और रूस ने अपने शेयर बाजारों को बंद कर दिया है। पूरी गतिविधि से परिचित दो लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि क्रिप्टोकरेंसी पर कार्यकारी आदेश इस सप्ताह जारी होने की उम्मीद है और इस पर युद्ध शुरू होने के काफी पहले से काम किया जा रहा था।

### रूस से तेल एवं प्राकृतिक गैस की खरीद बंद करेगी शेल

**लंदन।** यूक्रेन पर रूस के हमले से पैदा हुए हालात में ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी शेल ने रूस से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की खरीद बंद करने की मंगलवार को घोषणा की। शेल ने एक बयान में कहा कि वह चरणबद्ध तरीके से रूस से सभी हाइड्रोकार्बन- कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, प्राकृतिक गैस और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद बंद करेगी। इसके साथ ही शेल ने रूस में अपने सर्विस स्टेशनों और अन्य परिचालन को भी बंद करने का फैसला किया है। कुछ दिन पहले ही यूक्रेन के विदेश मंत्री ने रूस से तेल की खरीद जारी रखने के लिए शेल की आलोचना की थी। शेल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बेन वान ब्यूर्डन ने कहा, हमें इस बात की जानकारी है कि पिछले सप्ताह रूसी कच्चे तेल के कार्गो की खरीद का हमारा फैसला सही नहीं था। हमें इसका खेद है।

### श्रीलंका के वित्त मंत्री इस महीने भारत की यात्रा पर आएंगे

**कोलंबो।** अभूतपूर्व वित्तीय संकट से जूझ रहे श्रीलंका के वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे इस महीने भारत की यात्रा पर आएंगे। भारतीय उच्चायोग ने यहां यह जानकारी दी। इससे पहले राजपक्षे ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी, जिसके बाद यह घोषणा की गई। उच्चायोग के एक ट्वीट में कहा कि भारत ने श्रीलंका को हर संभव तरीके से समर्थन का भरोसा दिया है। राजपक्षे की यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। इस यात्रा के दौरान श्रीलंका को एक अरब डॉलर का कर्ज दिया जा सकता है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि भारत ने मौजूदा आर्थिक संकट से उबरने में मदद के लिए कर्ज देने पर कठिन शर्तें तय की हैं।

### ब्रिटानिया असम संयंत्र में महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 65 प्रतिशत करेगी

**रामपुर (असम)।** प्रमुख एफएमसीजी कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को कहा कि वह गुवाहाटी के पास स्थित पूर्वोत्तर के अपने सबसे बड़े संयंत्र में इस साल महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 65 फीसदी करने की योजना बना रही है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय विनिर्माण प्रमुख (पूर्व) किशोर विनायक कुलकर्णी ने असम के कामरूप जिले के रामपुर में स्थित संयंत्र के बारे में बताया कि यहां स्थाई रूप से और अनुबंध के माध्यम से 1,367 लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें से 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं हमारे समाज के साथ ही हमारी कंपनी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम अपने विनिर्माण संयंत्र में महिला कर्मचारियों की संख्या में लगातार वृद्धि कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि 2020 के अंत तक कार्यबल में 65 प्रतिशत महिलाएं होंगी। कुलकर्णी ने हालांकि इस साल के अंत तक संयंत्र में कुल कर्मचारियों की संख्या के बारे में कोई आंकड़ा साझा नही किया, लेकिन कहा कि यह साफ है कि महिला कर्मचारी कुल कार्यबल का 65 प्रतिशत होंगी।

### स्पाइस मनी अपने व्यापारी समुदाय की महिलाओं, बेटियों की शिक्षा का खर्च उठाएगी

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी स्पाइस मनी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक वर्ष के लिए अपने व्यापारी समुदाय के परिवारों की महिलाओं और बेटियों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराने की घोषणा की है। स्पाइस मनी ने अधिकारिस नाम के अपने दस लाख से अधिक व्यापारी नेटवर्क के परिवार के भीतर महिलाओं और लड़कियों को शिक्षित करने के लिए शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप स्पीड लैब्स के साथ हाथ मिलाया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, भविष्य की महिलाओं और अधिकारिस की बेटियों को उन्नत ऑनलाइन शिक्षा (स्कूल पाठ्यक्रम कक्षा 6 से 12 के साथ-साथ कॉलेजापेशेवर डिग्री) का मौका मिलेगा। इस पहल के तहत उनकी एक साल की शिक्षा का खर्च उठाया जाएगा।

### जीईएम ने महिला उद्यमियों के लिए सिलाई सेवाओं की पेशकश की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक खरीद पोर्टल गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस ने कहा कि उसने अपने सिलाई स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से उषा इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ साझेदारी में अपने प्लेटफॉर्म पर एक नए सेवा खंड - सिलाई और सिलाई सेवाएं - की पेशकश की है। एक बयान में कहा गया है कि यह सेवा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उषा सिलाई महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों द्वारा दिए गए सिलाई ऑर्डर के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने के लिए नए अवसर खोलेगी और महिला एमएसई उद्यमियों के लिए निर्धारित तीन प्रतिशत के खरीद लक्ष्य को पूरा करेगी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पी के सिंह ने कहा कि यह सेवा महिला उद्यमियों के लिए बाजार से जुड़ाव सुनिश्चित करेगी।

## महिला कार्यकारियों ने कहा, उत्पादों की मार्केटिंग पुरुषों के पक्ष में होती है

भाषा। नई दिल्ली

**विभिन्न क्षेत्रों** की दिग्गज महिला हस्तियों के मुताबिक ज्यादातर (80 प्रतिशत) उपभोक्ता खर्च को महिलाएं प्रभावित करती हैं, और उत्पादों के विपणन का तरीका पुरुषों के पक्ष में है, जिसे बदलने तथा समावेशी बनाने की जरूरत है। गैर-लाभकारी विपणन व्यापार निकाय एमएमए ग्लोबल के तहत आने वाले एमएमए इंडिया द्वारा आयोजित एक परिचर्चा में कार्यस्थल में लैंगिक भूमिकाओं को लेकर धारणा और वास्तविकता के बीच के अंतर को खत्म करने की जरूरत पर भी जोर दिया गया। एमएमए इंडिया द्वारा जारी बयान के मुताबिक, गूगल एशिया-प्रशांत की उपाध्यक्ष विपणन (भारत, दक्षिण

**● पुरुषों का प्रतिनिधित्व महिलाओं की तुलना में 1.5 गुना अधिक है, जबकि 80 प्रतिशत उपभोक्ता खर्च को महिलाएं प्रभावित करती हैं : सपना चड्ढा**

पूर्व एशिया और दक्षिण एशिया) सपना चड्ढा ने कहा, हम जिस तरह अपने उत्पादों का विपणन करते हैं, उसे बदलने की जरूरत है, इसे समावेशी बनाने की जरूरत है। जब तक महिलाएं सर्च बार में महिलाओं के लिए शब्द टाइप करती रहेंगी, तब तक बदलाव धीमा रहेगा। उन्होंने कहा कि गूगल ने भारत में विज्ञापन और मार्केटिंग से जुड़े लगभग 30 लाख यूट्यूब वीडियो का विश्लेषण किया और पाया कि पुरुषों का प्रतिनिधित्व महिलाओं की तुलना में 1.5 गुना अधिक है, जबकि 80 प्रतिशत उपभोक्ता खर्च को महिलाएं प्रभावित करती हैं।

ईवाई की सलाहकार सेवाओं में कार्यकारी निदेशक (अफ्रीका, भारत और पश्चिम एशिया) गीतांजलि भट्टाचार्य ने इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वेतन का अंतर दूर करने में लंबा वक्त लगेगा और इस संबंध में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। एमएमए की कंट्री प्रमुख मोनिका खुराना ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड में महिलाओं की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

## आरबीआई गवर्नर दास ने 40 करोड़ फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए यूपीआई सेवा शुरू की

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मंगलवार को एक नई सेवा शुरू की, जिसके जरिए 40 करोड़ से अधिक फीचर फोन या सामान्य मोबाइल फोन उपयोगकर्ता सुरक्षित तरीके से डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। जिन लोगों के पास इंटरनेट कनेक्शन नहीं है, वे यूपीआई 123पे नाम से शुरू की गई इस सेवा के जरिए डिजिटल भुगतान कर सकते हैं और यह सेवा साधारण फोन पर काम करेगी।

दास ने कहा कि अब तक यूपीआई की सेवाएं मुख्य रूप से स्मार्टफोन पर ही उपलब्ध हैं, जिसके चलते समाज के निचले तबके के लोग इनका इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में अब तक यूपीआई लेनदेन 76 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 41 लाख करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं है, जब कुल लेनदेन का आंकड़ा 100 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक देश में 40 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं के पास सामान्य फीचर फोन हैं। डिप्टी गवर्नर टी रविशंकर ने कहा कि इस समय यूपीआई सेवाएं यूएसएसडी-आधारित सेवाओं के जरिए ऐसे उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन यह काफी बोझिल है और सभी मोबाइल परिचालक ऐसी सेवाओं की अनुमति नहीं देते हैं। आरबीआई ने कहा कि फीचर फोन उपयोगकर्ता अब चार तकनीकी विकल्पों के आधार पर कई तरह के लेनदेन कर सकते हैं। इनमें 1) आईवीआर (इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स) नंबर पर कॉल करना, 2) फीचर फोन में ऐप की कार्यक्षमता, 3) मिस्ड कॉल आधारित विधि और 4) सामिप्य ध्वनि आधारित भुगतान शामिल हैं। इस सेवा के जरिए उपयोगकर्ता दोस्तों और परिवार को धन भेज सकते हैं, विभिन्न उपयोगिता बिलों का भुगतान कर सकते हैं और वाहनों के फास्ट टैग को रिचार्ज करने तथा मोबाइल बिलों का भुगतान करने की सुविधा भी इसमें मिलेगी। दास ने मंगलवार को डिजिटल भुगतान के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू की गई, जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने तैयार किया है। डिजीसाथी नाम की इस हेल्पलाइन की मदद वेबसाइट - डिजीसाथी डॉट कॉम और फोन नंबर - 14431 और 1800 891 3333 के जरिए ली जा सकती है।

## शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 581 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**यूक्रेन संकट** के असर में चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बढ़त लेने में सफल रहे। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), फार्मा और रियल्टी कंपनियों को मिले समर्थन से बाजार में यह तेजी आई।

हालांकि, वैश्विक बाजारों का रुख मिला-जुला रहा। यूक्रेन पर रूस का हमला तेज होने के साथ ही रूस पर कई तरह की पाबंदियां लगने से भी बाजारों की धारणा प्रभावित रही। बीएसई के तीस शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर रही। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली से यह एक समय 581.93 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,260.82 अंक पर आ गया था।




हालांकि, इस स्तर पर बाजार को फिर समर्थन मिला और सेंसेक्स 53,484.26 अंक की ऊंचाई तक जा पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 53,424.26 अंक पर बंद हुआ जो पिछले दिवस की तुलना में 581.34 अंक यानी 1.10 प्रतिशत अधिक है।इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी उठापटक के बाद 16,013.45 अंक पर बंद हुआ जो 150.30 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा सर्वाधिक 3.99 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रही। इसके अलावा टीसीएस, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, डॉ रेड्डीज लैब और इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त पर रहे। वहीं टाटा स्टील, नेस्ले, टाइटन कंपनी, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई के शेयर 1.73 प्रतिशत तक के नुकसान के साथ बंद हुए।व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.46 प्रतिशत की तेजी पर रहा जबकि स्मॉलकैप में 1.33 प्रतिशत की बढ़त देखी गई।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू सूचकांकों ने गिरावट के रुख को पलटा और फार्मा एवं आईटी जैसे निर्यातोन्मुख क्षेत्रों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। डॉलर की तुलना में रुपए के भाव रिकॉर्ड स्तर पर गिरने के बाद इन कंपनियों में लिवाली का रुझान देखा गया। इसके अलावा विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल में अनुकूल नतीजे आने की संभावना से भी बाजार की उम्मीदों को बल मिला।

प्रमुख पश्चिमी बाजार दोपहर के सत्र में लाभ में रहे, जबकि एशियाई बाजार वैश्विक मुद्रास्फीति दबाव में नीचे आ गए। एशिया के बाजारों में हांगकांग, शंघाई और तोक्यो नुकसान के साथ बंद हुए। वहीं अमेरिका के शेयर बाजारों में सोमवार को तीव्र गिरावट देखी गई। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.87 प्रतिशत उछाल के साथ 126.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एचईएम सिक्योरिटीज के पीएमएस प्रमुख मोहित निगम ने कहा, बाजार के निचले स्तर पर लिवाली के जोर पकड़ने से मानक सूचकांकों में फिर से तेजी लौटी। यूरोपीय बाजारों के शुरुआती कारोबार भी सुधार का रुख दर्शाते हैं। इसके बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। शेयर बाजार से मिली जानकारी के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने सोमवार को भी 7,482.08 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

### उच्च न्यायालय ने फ्यूचर एंटरप्राइजेज को बीमा संयुक्त उद्यम में हिस्सेदारी बेचने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** बंबई उच्च न्यायालय ने फ्यूचर एंटरप्राइजेज को बीमा संयुक्त उद्यम फ्यूचर जनरली में अपनी हिस्सेदारी इटली की भागीदार जनरली को बेचने की अनुमति दे दी है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने फ्यूचर की कंपनियों के कुछ धारकों की शिकायत के बाद नकदी संकट से जूझ रही फ्यूचर एंटरप्राइजेज की बीमा संयुक्त उद्यम में हिस्सेदारी बिक्री की योजना पर रोक लगा दी थी। फ्यूचर एंटरप्राइजेज ने फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में अपनी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी जनरली को करीब 1,252 करोड़ रुपए में बेचने की योजना बनाई थी। फ्यूचर एंटरप्राइजेज ने इसके खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में अपील की थी। उच्च न्यायालय ने सोमवार को शहर की अदालत के फैसले को रद्द कर दिया।

## पेज एक का शेष

### संघर्ष-विराम...

स्पष्ट नहीं है। खारकीव क्षेत्र की पुलिस ने सोमवार को कहा कि अकेले वहां 209 लोग मारे गए हैं, जिनमें से 133 नागरिक हैं। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी का कहना है कि अब तक 17 लाख से अधिक लोग युद्धग्रस्त यूक्रेन को छोड़कर सुरक्षित स्थानों में शरण ले चुके हैं। कई अन्य लोग शहरों में गोलाबारी की चपेट में फंसे हुए हैं। मारियुपोल में खाद्य पदार्थ, पानी और दवाओं की कमी हो गई है। यूक्रेनी अधिकारियों ने कीव के उपनगरों में विनाशकारी मंजर के बीच नागरिकों को निकालने की कोशिशें नाकाम होने की जानकारी दी है। इस बीच, दोनों पक्षों के अधिकारियों ने सोमवार को तीसरे दौर की वार्ता करने की भी योजना बनाई है। संघर्ष विराम के नए प्रस्ताव में, ज्यादातर निकासी मार्ग रूस या उसके सहयोगी बेलारूस की ओर हैं। यूक्रेनी उप प्रधानमंत्री इरिना वीरेशचुक ने इस कदम को अस्वीकार्य बताया है। इसके बजाय यूक्रेनी सरकार ने आठ मार्गों का प्रस्ताव रखा जो नागरिकों को यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्रों में जाने की अनुमति देगा जहां रूस की ओर से कोई गोलाबारी नहीं हो रही है। एक रूसी कार्यबल ने बताया कि लोगों को निकालने के लिए मानवीय गलियारों की घोषणा फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के अनुरोध पर की गई है, जिन्होंने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी।

### मतगणना से...

ही मुजफ्फरनगर पोस्टिंग दी थी। ईवीएम को मूव करने से पहले प्रत्याशी को बताएं। ये डीएम बनारस बेईमानी करा रहा है। चुनाव आयोग को मामले को देखना चाहिए। उसे वाराणसी के डीएम पर कार्रवाई करनी चाहिए। सपा प्रमुख ने एक्जिट पोल को लेकर कहा कि एग्जिट पोल के लिए पैसा कौन दे रहा है। क्या चैनलों को ये डेटा मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां किसान इतने दिन बैठ सकते हैं तो हम तीन दिन तो बैठ ही सकते हैं। अगर हमें कोर्ट का सहारा लेना पड़ेगा तो लेंगे। कोर्ट से पहले में आपके माध्यम से अपील करता हूं कि लोकतंत्र को बचाने वाले सामने आएं।

### आयकर विभाग...

बायकुला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। आदित्य ने आरोप लगाया कि आयकर विभाग के छापे ने केंद्र में सत्तारूढ़ दल (भारतीय जनता पार्टी) द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को प्रदर्शित किया है। आदित्य ने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र ने अतीत में भी आक्रमण (बाहरी लोगों द्वारा) देखे हैं। यह दिल्ली से किया गया आक्रमण है। चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में महाविकास आघाडी सरकार से भयभीत केंद्र ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को तैनात कर दिया है। जहां चुनाव हो रहे हैं वहां भी इसी तरह के छापे मारे गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा की चुनाव अभियान एजेंसियां बन गई हैं। उन्होंने कहा, लेकिन महाराष्ट्र न डरेगा ना (दिल्ली के आगे) झुकेगा। वहीं, आदित्य पर प्रहार करते हुए महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दारेकर ने कहा कि राज्य में एमवीए सरकार तुच्छ मामलों को लेकर भाजपा नेताओं को प्रताड़ित कर रही है। वहीं, राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने भाजपा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुरूपयोग किया जा रहा है। भाजपा का नाम लिए बगैर सुप्रिया ने कहा कि आपातकाल का लगातार विरोध करने वाले लोग उसी तरह का व्यवहार कर रहे हैं।

### यूपी बोर्ड...

इस बार यूपी बोर्ड की परीक्षा में पंजीकृत हैं। उनका कहना था कि इस वर्ष परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र जाकर परीक्षा देनी होगी, पिछले वर्ष कोरोना महामारी की वजह से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए प्रदेश में 8,373 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### अबु सलेम...

यह कह रही है कि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय से किए गए आश्वासन के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है? शीर्ष अदालत ने कहा कि वह मानती है कि अपराध गम्भीर हैं, लेकिन राजनीतिक बुद्धिमता के तहत भारत सरकार द्वारा दिए गए वचन से पलटने के व्यापक प्रभाव का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। सलेम की ओर से पेश वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि पुर्तगाल में अदालतें 25 साल से अधिक की सजा नहीं दी सकतीं और इसी सिद्धांत पर भारत सरकार ने सलेम के प्रत्यर्पण के मामले में वचन दिया था कि यदि इस गैंगस्टर को प्रत्यर्पित किया जाता है तो उसे 25 साल से अधिक की सजा नहीं होगी, लेकिन टाडा अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### दो साल...

साथ किया जाएगा। बयान में कहा गया है, विश्वभर में कोरोना रोकथाम टीकाकरण अभियान को मान्यता देने और उद्योग से जुड़े लोगों के साथ परामर्श के बाद सरकार ने 27 मार्च से भारत से आने-जाने वाली अनुसूचित वाणिज्यिक अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं को फिर से शुरू करने का निर्णय किया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत के लिए और भारत से अनुसूचित वाणिज्यिक अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं का निलंबन 26 मार्च, 2022 तक जारी रहेगा। और एयर बबल व्यवस्था भी तब तक ही रहेगी। गौरतलब है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 26 नवंबर, 2021 को 15 दिसंबर, 2021 से अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की थी। इसके एक दिन बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस के नए संस्करण ओमीक्रोन को देखते हुए नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए से अपने निर्णय पर फिर से विचार करने के लिए कहा था। इसके बाद मंत्रालय ने अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों को शुरू करने का फैसला टाल दिया था।

### कोविड संक्रमण...

दूसरा ब्रेन स्कैन कराया वो गैर-संक्रमित प्रतिभागियों की तुलना में विभिन्न स्मृति क्षेत्र में अधिक खोया जो 0.2 फीसदी से 2 फीसदी अतिरिक्त ग्रे पदार्थ के नुकसान का अनुभव किया। इसके अलावा कुछ क्षेत्रों में अधिक ऊतक क्षति दिखाई दी।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि मंत्रालय नई योजना के साथ तैयार

भाषा। नई दिल्ली

**कृषि** मंत्रालय देश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन के लिए एक नई केंद्रीय योजना के साथ तैयार है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना पर अनुमानत: 2,500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि इस प्रस्तावित नई योजना को जल्द मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में गुजरात में प्राकृतिक खेती पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि उर्वरक और कीटनाशक आधारित खेती के विकल्प की तलाश करने की जरूरत है। उसके कुछ माह बाद यह नई योजना बनाई गई है। मोदी ने कहा था कि प्राकृतिक खेती अधिक बेहतर उत्पाद ला सकती है जिनका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हितधारकों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद प्राकृतिक खेती पर एक योजना का मसौदा तैयार किया गया है। इस योजना का मकसद खेती की मौजूदा प्रणाली को बाधित किए बिना प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना है। अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित योजना के तहत प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों, उनके उत्पादों के विपणन के लिए सहयोग दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें विस्तारित सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने आम बजट 2022 में देशभर में रसायन-मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की घोषणा की थी। इसकी शुरुआत गंगा नदी के साथ पांच किलोमीटर के गलियारे वाले खेतों के साथ होनी थी। सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के अनुसार, प्राकृतिक खेती एक रसायन-मुक्त परंपरागत खेती का तरीका है। भारत में प्राकृतिक खेती को केंद्र प्रायोजित योजना परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के तहत प्राकृतिक कृषि पद्धति प्रोग्राम (बीपीकेपी) के जरिए प्रोत्साहन दिया जाता है।

## एमईआईएल मई तक ओएनजीसी के लिए 15 रिग्स चालू करेगी

**भीमावरम ( आंध्र प्रदेश )( भाषा )।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी से 47 तेल एवं गैस रिग्स की आपूर्ति का ऑर्डर पाने वाली मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने इस साल मई के अंत तक 15 रिग्स को चालू करने की उम्मीद जताई है। ढांचागत क्षेत्र की कंपनी एमईआईएल के तकनीकी प्रमुख (रिग्स परियोजना) के सत्यनारायण ने मंगलवार को कहा कि इन 15 में से अधिकांश रिग्स अपने संबंधित गंतव्यों पर पहुंचाए जा चुके हैं और जल्द ही इनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ओएनजीसी से हमें कुल 47 रिग्स का ऑर्डर मिला था जिनमें से 20 वर्कओवर रिग्स हैं जबकि 27 लैंड ड्रिलिंग रिग्स हैं। हम पहले चरण में 15 रिग्स को इस साल मई के अंत तक शुरू कर पाने की स्थिति में होंगे। इनमें से 10 ड्रिलिंग रिग्स हैं जबकि पांच वर्कओवर रिग्स होंगे। उन्होंने कहा कि 20 वर्कओवर रिग्स की क्षमता 50-150 टन की है जबकि लैंड ड्रिलिंग रिग्स की क्षमता 1500-2000 एचपी की है। अभी तक एमईआईएल ने 10 ड्रिलिंग रिग्स की आपूर्ति की है। इनमें से तीन रिग्स पहले ही चालू हो चुके हैं जबकि सात रिग्स स्थापना एवं शुरू किए जाने के दौर में हैं। ओएनजीसी के विभिन्न तेल-क्षेत्रों में अगले चार-पांच हफ्तों में ए भी काम करना शुरू कर देंगे। सत्यनारायण ने कहा कि 47 में से छह रिग्स की दूसरी खेप भी ओएनजीसी को निर्धारित समय पर भेज दी जाएगी। एमईआईएल असम के शिवसागर, आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी, गुजरात के अहमदाबाद, अंकलेश्वर, मेहसाणा एवं काम्बे, त्रिपुरा के अगरतला और तमिलनाडु के करइकल में ओएनजीसी की परिसंपत्तियों को इन रिग्स की आपूर्ति करेगी।

# भारत के साथ रक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना जरूरी : ब्रिटिश विदेश मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन ने सोमवार को कहा कि रूस-यूक्रेन संकट पर भारत का रुख रूस पर उसकी निर्भरता का परिचायक है और आगे की राह यह सुनिश्चित करना है कि भारत एवं ब्रिटेन के बीच आर्थिक एवं रक्षा संबंध मजबूत हों। ब्रिटिश संसद की विदेश मामलों की समिति (एफएसी) की सुनवाई के दौरान भारत के रुख के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री लिज ट्रस ने यह बात कही। यह समिति विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय के प्रशासन एवं नीति की समीक्षा के लिए जिम्मेदार होती है और इसमें सभी दलों के सदस्य होते हैं।

ट्रस ने इस बात की पुष्टि की कि उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की थी और उन्हें यूक्रेन में रूस की कार्वाई के खिलाफ रुख प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। मैंने अपने समकक्ष जयशंकर से बातचीत की थी और उन्हें रूस के खिलाफ रुख प्रदर्शित करने के लिए यह कहते हुए प्रोत्साहित किया था कि हम इसे (यूक्रेन पर रूस की कार्वाई को) संप्रभुता के उल्लंघन के तौर पर देखते हैं। गमेरा मानना है कि भारत के समक्ष रक्षा ही नहीं, बल्कि आर्थिक मामलों में भी रूस पर निर्भरता का मामला है। मेरा यह भी मानना है कि हमारे लिए आगे का रास्ता यह है कि भारत से आर्थिक और रक्षा संबंधों को और मजबूत किया जाए। ऐसा सिर्फ ब्रिटेन द्वारा ही नहीं, बल्कि समान विचारधारा वाले सहयोगी देशों द्वारा भी किया जाना चाहिए। ट्रस ने लंदन में विदेश व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को हुई दूसरे चरण की वार्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक देशों के कुनबे में भारत को शामिल करना है।

### यूक्रेन से पलायन करने वाले शरणार्थियों की संख्या 20 लाख पहुंचीः संरा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यूक्रेन छोड़कर जाने वाले शरणार्थियों की संख्या मंगलवार को 20 लाख पहुंच गई जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ा पलायन है। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांडी ने ट्विटर पर लिखा, आज यूक्रेन छोड़कर जाने वाले शरणार्थियों की संख्या 20 लाख हो गई है। यह जानकारी ऐसे समय में आई है जब सुरक्षित गलियारों से नागरिकों को निकालने के प्रयासों को लेकर अंततः मंगलवार को उम्मीद नजर आई। रूसी हमलों से बचने के लिए वहां के अधिकारियों ने नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए जिन पांच गलियारों का वादा किया है, उनमें एक पूर्वी शहर सूमी से निकलने का भी है।

# भारत की रूस के साथ कुछ मजबूरियां जुड़ी हैं : अमेरिका के पूर्व राजनयिक

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक पूर्व शीर्ष राजनयिक ने सांसदों से कहा कि भारत की रूस को लेकर कुछ मजबूरियां हैं और उसके पड़ोसी देश चीन के साथ क्षेत्र को लेकर मुद्दे हैं। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रमण पर संयुक्त राष्ट्र में कई बार मतदान से भारत के दूर रहने पर सांसदों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणियां कीं। यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा, भारत की रूस के साथ मजबूरियां हैं, उनकी अपने पड़ोस में चीन के साथ क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर मजबूरियां हैं। मुझे लगता है कि अमेरिकियों के तौर पर हमारी भारतीयों के प्रति उनके लोकतंत्र और उनकी व्यवस्था के बहुलवाद को लेकर आत्मीयता है।

विदेश मंत्रालय में कई पदों पर काम कर चुके केशप ने सदन की विदेश मामलों की समिति द्वारा हिंद-प्रशांत पर आयोजित कांग्रेस की सुनवाई के दौरान यह कहा। कांग्रेस सदस्य अबिगैल स्पैनबर्जर ने पूछा, आपको क्या लगता है कि भारत रूस और रूसी हितों पर दुनियाभर में कई देशों द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों को लागू करने को कैसे प्रयास करेगा? इस पर केशप ने कहा, इस पर मेरी राय यह है कि सभी देश अपने फैसले खुद लेते हैं, वे खुद अपना आकलन करते हैं, वे सभी जानकारियां लेते हैं और फिर निर्णय लेते हैं कि उनके लिए क्या अच्छा होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत हाल में विशेष रूप से व्यापार व्यवस्था पर बहुत अधिक महत्वाकांक्षा और उद्यमशीलता की भावना दिखा रहा है। उन्होंने कहा, अगर आप ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और इजराइल के साथ उनकी बातचीत को देखे, तो यह वाकई दिलचस्प है कि वे उन देशों के साथ अपने रिश्ते को कैसे प्राथमिकता दे रहे हैं।



कीव में यूक्रेनियन के बाहरी इलाके में भागते समय क्षतिग्रस्त हुआ पुल।

# अमेरिका में सिखों के खिलाफ भेदभाव बढ़ा है : मानवाधिकार विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** प्रख्यात मानवाधिकार विशेषज्ञ अमृत कौर आकरे ने अमेरिकी सांसदों से कहा कि अमेरिका में सिख समुदाय के खिलाफ धार्मिक भेदभाव और घृणा अपराध में हाल के वर्षों में वृद्धि हुई है। साथ ही, उन्होंने प्रशासन और अमेरिकी कांग्रेस से इसे समाप्त करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। आकरे ने हाल में भेदभाव और नागरिक अधिकार पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान संविधान, नागरिक अधिकार तथा नागरिक स्वतंत्रता पर सदन की न्यायिक उपसमिति के सदस्यों को यह जानकारी दी।

आकरे सिख वकालत समूह सिख कोएलिशन की कानून संबंधी मामलों की निदेशक हैं। सरकारी नीतियों और कानूनों की पक्षपातपूर्ण व्याख्या से परिवहन, मनोरंजन, स्वास्थ्य देखभाल, सैन्य और कानून प्रवर्तन सहित सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की नौकरियों में सिखों को नुकसान होता है। हमने देखा है कि सिखों को कई बार काम से संबंधित जांच के लिए अपने बाल काटने का आदेश दिया जाता है, भले ही इसका विकल्प आसानी से उपलब्ध हो।

आकरे ने कहा कि समय-समय पर कई नीतियों की व्याख्या इस तरह से की जाती है, जो अल्पसंख्यक समुदायों को असमान रूप से प्रभावित करती हैं और देश की प्रणाली इसे होने देती है। सांसद शीला ली ने कहा, पगड़ी पहनने वाले सिख लड़कों को आतंकवादी कहा जाता है और लड़कियों को लंबे बाल रखने के लिए परेशान किया जाता है। ऐसे कई बच्चे हिंसा के शिकार भी होते हैं। 50 प्रतिशत से अधिक सिख बच्चों ने स्कूल में दूसरे छात्रों द्वारा उत्पीड़न का सामना किया है। सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा कि 9111 हमले ने अमेरिका में मुस्लिम, अरब या दक्षिण एशियाई अमेरिकी होने का अर्थ हमेशा के लिए बदल दिया। वह उम्मीद करती हैं कि इस सुनवाई के बाद कई लोग 9111 के युग की उन नीतियों की जांच करने और अंततः उन्हें समाप्त करने के लिए कदम उठाएंगे।

# बीएपीएस के स्वयंसेवक यूक्रेन के शरणार्थियों की मदद के लिए आए आगे

**वाशिंगटन।** आध्यात्मिक एवं मानवीय सहायता संगठन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के स्वयंसेवक युद्धग्रस्त यूक्रेन में हजारों शरणार्थियों की मदद के लिए आगे आए हैं। बीएपीएस ने पोलैंड के दक्षिण-पूर्वी शहर जेजॉ में एक अस्थाई रसोई की स्थापना की है, जिसने सभी धर्मों तथा राष्ट्रीयताओं के लगभग 1,000 शरणार्थियों को प्रतिदिन गर्म शाकाहारी भोजन खिलाना शुरू कर दिया है। बीएपीएस आवास सुविधाओं की व्यवस्था कर रहा है और चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के लिए समन्वय कायम कर रहा है। वह, भारत सरकार और स्थानीय भागीदारों के साथ भी मिलकर काम कर रहा है। स्वयंसेवकों ने न्यू जर्सी के रॉबिंसविले से जेजॉ और बुडोमिर्ज़ तक की यात्रा की, ताकि यूक्रेन की सीमा पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों और अन्य लोगों के लिए मानवीय आपूर्ति वितरित करने में मदद की जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए सुरक्षित गलियारा बनाने के वास्ते बीएपीएस से सरकार के प्रयासों में सहायता के लिए आग्रह किया था। रॉबिंसविले में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर के प्रमुख स्वामी नीलकंठ सेवादास स्वामी ने कहा कि वे आवश्यक मानवीय सहायता भेजने के लिए पोलैंड में यूक्रेनी समुदाय के स्थानीय सदस्यों और उनके स्वयंसेवी बलों के साथ काम कर रहे हैं। एक भारतीय-अमेरिकी फाउंडेशन ने युद्धग्रस्त यूक्रेन में घायल हुए नागरिकों के उपचार के लिए 10 लाख डॉलर की चिकित्सकीय सामग्री भेजी है। इससे पहले, यूक्रेनी दूतावास ने अमेरिका से इस मदद का अनुरोध किया था।

# बेटे की चाह में एक शख्स ने नवजात बच्ची की गोली मारकर हत्या की

**भाषा।** लाहौर (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में दिल को झकझोर देने वाली एक घटना में बेटे की चाह रखने वाले एक शख्स ने अपनी सात दिन की बेटी की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। मुस्लिम बहुल इस रूढ़िवादी देश में बच्चियों की हत्या की यह एक और जघन्य वारदात है। यह घटना रविवार को मियांवाली में हुई, जो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का गृह नगर है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस्माइल खराक के अनुसार, संदिग्ध शाहजैब खान ने दो साल पहले मशाल फातिमा से निकाह किया था और उसने एक सप्ताह पहले एक बेटी को जन्म दिया था। खराक ने कहा, लड़की होने की खबर सुनने के बाद खान ने अपनी पत्नी और बेटी को भला बुरा कहना शुरू कर दिया था। इस बच्ची का नाम उसके परिजन ने जन्नत रखा था।

फातिमा के हवाले से उन्होंने बताया कि खान बहुत गुस्से में था। उसने कुछ दिन पहले घर छोड़ दिया था और वह अपनी बेटी की हत्या करने के लिए रविवार को ही घर लौटा था। फातिमा ने कहा, गुस्से से आग बबूला हो कर उसने पहले मुझे पीटा और हमारी बेटी को बद्दुआ दी। बाद में उसने अलमारी से पिस्तौल निकाली और उसके शरीर में गोलियां दाग दी। उसने पुलिस को बताया कि उसका पति बेटी नहीं, बेटा ही चाहता था। उसने कहा, मेरा शौहर लड़का ही चाहता था लेकिन परिवार में कोई नहीं जानता था कि वह अपनी ही बेटी की हत्या करके ऐसी जघन्य वारदात को अंजाम देगा।

घटना के बाद से खान फरार हो गया है और पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। फातिमा के भाई की शिकायत पर खान के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार ने प्रांतीय अधिकारी को जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

## क्विक न्यूज

### सेवा इंटरनेशन को उसके मानवीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी गैर लाभकारी संस्था सेवा इंटरनेशनल को उसके मानवीय कार्यों के लिए ऑर्गेनाइजेशन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सांसद डेनी डेविस ने हाल में आयोजित एक समारोह में सेवा इंटरनेशनल को अमेरिकन मल्टी एथिनिक कोलेजन (एएमईसी) का यह वार्षिक पुरस्कार दिया। डेविस ने पिछले कुछ साल में कई देशों में किए गए मानवीय कार्यों के लिए सेवा इंटरनेशनल की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह संगठन आगामी वर्षों में भी लोगों की सेवा करना जारी रखेगा। एएमईसी ने एक परोपकारी समूह के रूप में सेवा इंटरनेशनल की सराहना की और कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, गुयाना, दक्षिण अफ्रीका और अन्य देशों की मदद करने में उसकी भूमिका के लिए उसे ग्लोबल कम्युनिटी अवार्ड प्रदान किया। सेवा इंटरनेशनल की शिकागो चैप्टर समन्वयक दीप्ति देसाई ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा, 5,000 स्वयंसेवकों और 1,50,000 से अधिक दान कर्ताओं के साथ सेवा इंटरनेशनल ने अपने मानवीय कार्यों के जरिए समाज पर एक बड़ा प्रभाव डाला है। हम हमेशा समर्थकों और स्वयंसेवकों की तलाश में रहते हैं। कृपया हमसे जुड़ें।

### सूमी से नागरिकों की निकासी के लिए सुरक्षित गलियारा बनाने पर सहमत हुए रूस और यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के पूर्वी शहर सूमी में रूस के हमलों से नागरिकों को बचाने के मकसद से सुरक्षित गलियारा (कॉरिडोर) मंगलवार को खुल सकता है। दोनों पक्षों के अधिकारियों ने यह बात कही। हालांकि नए सिरे से हमलों के बीच निकासी मार्ग बनाने के प्रयास विफल होते दिखे और स्पष्ट नहीं है कि यह अभियान शुरू हुआ तो कितना लंबा चलेगा। यूक्रेन की प्रधानमंत्री इरिना वेरेश्चुक ने मंगलवार को कहा कि दोनों पक्ष पूर्वी शहर सूमी शहर से नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए यूक्रेन के समयानुसार सुबह 9 से रात 9 बजे तक संघर्ष-विराम के लिए सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सूमी से निकाले जाने वाले लोगों में भारत और चीन के विदेशी छात्र भी शामिल हैं। बसों या निजी कारों में सवार होकर नागरिकों का पहला काफिला सुबह 10 बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह 8 बजे) यूक्रेन के शहर पोल्टावा की ओर निकलेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि रूस के रक्षा मंत्रालय ने इंटरनेशनल रेडक्रॉस को लिखे एक पत्र में इस बारे में सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि इस गलियारे का इस्तेमाल सूमी में मानवीय सहायता लाने के लिए भी किया जाएगा।

### इजराइली सेना ने फलस्तीनी हमलावरों के मकान ध्वस्त किए

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने पिछले साल वेस्ट बैंक में जानलेवा हमले करने के दो फलस्तीनी आरोपियों के मकान ध्वस्त कर दिए हैं। सेना ने बताया कि वेस्ट बैंक में मोहम्मद जरादत और जित जरादत के आवास सोमवार को ध्वस्त कर दिए गए। इन लोगों पर होमेश की चौकी के समीप एक कार में गोलीबारी करने का आरोप है जिसमें एक यहूदी छात्र मारा गया था और दो अन्य घायल हो गए थे। सेना ने बताया कि मकान ध्वस्त किए जाने के दौरान सशस्त्र फलस्तीनियों ने सैनिकों पर गोलियां चलाई और उन्होंने भी जवाबी कार्वाई की। सेना ने यह भी बताया कि दर्जनों फलस्तीनियों ने सैनिकों पर पत्थर, बम और हथगोले फेंके और उन्होंने भी जवाबी कार्वाई की। अभी किसी के हताहत होने की खबरें नहीं है। इजराइली अधिकारियों ने कहा कि मकान ढहने से भविष्य में होने वाले हमलों को रोका जा सकेगा जबकि मानवाधिकार समूहों ने इसे सामूहिक सजा देने का तरीका बताया। इस कार्वाई से कुछ घंटों पहले एक फलस्तीनी ने यरुशलम की ओल्ड सिटी में दो पुलिस अधिकारियों को चाकू घोंप दिया। बाद में पुलिस ने उसे गोली मार दी।

### श्रीलंका की अदालत के आदेश पर 11 भारतीय मछुआरे रिहा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा देश के जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 11 भारतीय मछुआरों को एक स्थानीय अदालत के निर्देश पर मंगलवार को रिहा कर दिया गया। मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने 7 फरवरी को उत्तर में डेल्फ्ट द्वीप के पास से गिरफ्तार किया था। उनके मछली पकड़ने वाले तीन ट्रॉलर भी जब्त कर लिए गए थे। जाफना में भारत के महावाणिज्य दूत राकेश नटराज जयभास्करन ने ट्वीट किया, जाफना जेल में हिरासत में रखे गए 11 भारतीय मछुआरों को आज केट्स अदालत ने रिहा कर दिया। जाफना में वाणिज्य दूतावास ने अदालत में इस मामले का प्रतिनिधित्व करके उन्हें कानूनी सहायता प्रदान की और उनकी जल्द रिहाई का रास्ता साफ किया।

### तीन विश्वविद्यालयों को रूसी निवेश निकालने का आदेश

**फीनिक्स (अमेरिका)।** एरिजोना के तीन सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की देखरेख करने वाले बोर्ड ने सोमवार को अपने अध्यक्षों को यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध के कारण जितनी जल्दी हो सके, रूसी निवेश को निकाल देने का आदेश दिया है। एरिजोना बोर्ड ऑफ रीजेंट्स की प्रमुख लिंडेल मैनसन ने एक बयान में कहा, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा संप्रभु राष्ट्र यूक्रेन पर अवैध आक्रमण करने और लोगों को निशाना बनाने की बोर्ड ने कड़ी निंदा की है। मैनसन ने कहा, आज की कार्वाई के साथ, बोर्ड पुतिन की आक्रामकता को खारिज करता है और यह सुनिश्चित करता है कि एरिजोना का सार्वजनिक विवि उद्यम सभी रूसी निवेश को जल्द से जल्द निकाल कर, उससे नाता खत्म करे।



पोल्टावा में यूक्रेन में रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच सूमी में फंसे भारतीय छात्रों का ट्रेन में सवार होने के लिए लगी भीड़।

# खान, उनकी पत्नी व सेना के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति को जमानत मिली

**लाहौर।** विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम-नवाज़ (पीएमएल-एन) के एक सोशल मीडिया सक्रियतावादी को मंगलवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया। कुछ हफ्ते पहले प्रधानमंत्री इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और सेना के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने के आरोप में इस व्यक्ति को और चार अन्य लोगों को देश की शीर्ष जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने पीएमएल-एन के सदस्य साबिर महमूद हाशमी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था, जो खान और उनकी पत्नी पर व्यक्तिगत आक्षेप लगाने वालों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्वाई का हिस्सा है। लाहौर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राय यासीन शाहीन ने सोमवार को हाशमी को जमानत दे दी थी। हाशमी ने ट्वीट किया था कि बीबी ने खान को छोड़ दिया है और लाहौर में अपने एक करीबी दोस्त के साथ रह रही हैं। इसके बाद एफआईए ने हाशमी को गिरफ्तार किया था।

न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा, मैंने रिकॉर्ड देखें हैं, जिनमें पीएम, उनकी पत्नी या पाकिस्तानी फौज के खिलाफ कोई भी आपत्तिजनक, बदनाम करने वाला या अपमानजनक ट्वीट नहीं मिला है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ की बेटी और पीएमएल-एन की नेता मरयम नवाज़ ने हाशमी को गिरफ्तार करने को लेकर सरकार की आलोचना की थी और उसका मुकदमा लड़ने के लिए एक शीर्ष वकील की व्यवस्था की थी। मरयम ने कहा था, साबिर हाशमी को इमरान खान के कहने पर एफआईए ने अगवा किया था। क्या इमरान खान इतने पाक-साफ हैं कि उनकी नाकमियों और भ्रष्टाचार के लिए उनकी आलोचना नहीं की जा सकती है?

# भारत पर सीएएटीएसए प्रतिबंध लगाना बड़ी मूर्खता होगीः सीनेटर क्रूज

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के नेता और प्रभावशाली सांसद टेड क्रूज ने देश के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन से कहा कि रूस से एस-400 मिसाइल खरीदने के लिए भारत पर अमेरिकी विरोधियों से प्रतिबंधों के माध्यम से मुकाबला करने का अधिनियम (सीएएटीएसए) के तहत कोई भी प्रतिबंध लगाना असाधारण मूर्खता होगी। क्रूज ने कहा, इस प्रकार की रिपोर्ट मिली हैं कि बाइडन प्रशासन पृथ्वी पर सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के खिलाफ सीएएटीएसए प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। मुझे लगता है कि यह फैसला असाधारण रूप से मूर्खतापूर्ण होगा। क्रूज ने पिछले सप्ताह कहा था कि बाइडन प्रशासन में भारत और अमेरिका के संबंध खराब हुए हैं। उन्होंने कहा, भारत कई क्षेत्रों में एक अहम साझेदार है और हाल के कुछ वर्षों में भारत और अमेरिका का गठबंधन और गहरा एवं मजबूत हुआ है।

# यूक्रेन की महिला शरणार्थियों के लिए बुरे सपने जैसे हालात

**भाषा।** बुडापेस्ट

**दुनियाभर** में आज महिलाओं के सम्मान का दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन यूक्रेन छोड़कर जाने वाली अधिकतर महिलाओं को अपने बच्चों की चिंता सता रही है, जहां उनके पति, भाई और पिता रूस के हमलों से देश को बचाने के लिए वहीं रह गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यूक्रेन छोड़कर जाने वाले शरणार्थियों की संख्या मंगलवार को 20 लाख पहुंच गई। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ा पलायन है।

पोलिना शुलगा ने अपनी तीन साल की बच्ची से झूठ बोलकर अपनी यात्रा को आसान बनाने की कोशिश की। शुलगा ने बताया, किसी बच्ची के साथ सफर करना मुश्किल है लेकिन मैंने उससे कहा है कि हम छुट्टी मनाने जा रहे हैं और जंग खत्म होने के बाद हम एक दिन जरूर घर लौटेंगे। शुलगा को पता नहीं कि यूक्रेन की राजधानी कीव से हंगरी पहुंचने के बाद उन्हें किस तरह के हालात का सामना करना पड़ेगा, लेकिन उसे भरोसा है कि ए अनुभव उसे और मजबूत बनाएंगे।

पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क की शरणार्थी नतालिया ग्रिगोरियोवना लेवचिनका ने भी कुछ इस तरह की बात कही। सेवानिवृत्त शिक्षिका ने कहा, ऐसा लग रहा है कि कोई खतरनाक, बुरा सपना चल रहा है। अगर मेरी बेटी नहीं होती तो मैं भावशून्य ही रहती। यूक्रेन की सरकार के एक आदेश के मुताबिक देश से 18 साल से 60 साल तक की उम्र के पुरुषों के देश छोड़कर जाने पर पाबंदी है जिसका मतलब है कि देश छोड़कर जाने वाले अधिकतर लोगों में महिलाएं और बच्चे हैं। सरकार की यह नीति पुरुषों को रूस के हमले के खिलाफ संघर्ष में शामिल होने के लिहाज से प्रोत्साहित करने के लिए है।

# अमेरिका और 10 देशों ने उत्तर कोरिया मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका और 10 अन्य देशों ने उत्तर कोरिया के हालिया बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की सोमवार को निंदा की और संयुक्त राष्ट्र से इस मामले में कार्वाई करने का आग्रह किया। इस मामले में निष्क्रियता से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता को नुकसान होता है और परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के वैश्विक प्रयास कमजोर होते हैं। उत्तर कोरिया ने शनिवार को समुद्र में एक बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। यह जानकारी उसके पड़ोसी देश ने दी है। यह इस साल की शुरुआत से उत्तर कोरिया का 11वां बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने इस मामले में सुरक्षा परिषद की बंद कमरे में हुई बैठक के बाद 11 देशों की ओर से जारी बयान को पढ़ा। इन 11 देशों में अल्बानिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, फ्रांस, आयरलैंड, जापान, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। इन देशों ने कहा कि वे उत्तर कोरिया के साथ गंभीर और निरंतर कूटनीतिक संबंधों की तलाश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और अन्य देशों ने बिना किसी पूर्व शर्त के वार्ता का बार-बार प्रस्ताव रखा हैं, लेकिन उत्तर कोरिया ने कूटनीति और तनाव कम करने के मार्ग पर चलने के बजाय सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों तथा अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करके अपने बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपणों को आगे बढ़ाने का विकल्प चुना। इन 11 देशों ने सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्यों से इन खतरनाक और गैरकानूनी कृत्यों की निंदा करने के लिए एक साथ आवाज उठाने का आह्वान किया। उत्तर कोरिया के 2006 में पहला परमाणु परीक्षण करने के बाद सुरक्षा परिषद ने उस पर प्रतिबंध लगाए थे, जिन्हें बाद में उसके और परीक्षण किए जाने के बाद और कड़ा किया गया।

# हरित एवं टिकाऊ भविष्य बनाने में अमेरिका भारत की साझेदारी अहम स्तंभ होगीः संधू

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि दुनिया के लिए एक हरित और टिकाऊ भविष्य बनाने में भारत और अमेरिका की साझेदारी एक महत्वपूर्ण स्तंभ होगी। संधू ने न्यूजवीक पत्रिका में सोमवार को प्रकाशित एक लेख में लिखा, जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी कार्वाई के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के तहत भारत और अमेरिका द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और वैश्विक स्तर पर निकटता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, दुनिया के लिए अधिक हरित एवं टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी एक महत्वपूर्ण स्तम्भ होगी।

संधू ने कहा, भारत और अमेरिका ने सामरिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी तथा जलवायु कार्वाई एवं वित्तीय प्रबंध को लेकर वार्ता के साथ अप्रैल 2021 में जलवायु एवं स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि इन उपायों के माध्यम से, दोनों देश धन जुटाना और स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल में तेजी लाना, नवीन स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन एवं क्षमता निर्माण करना चाहते हैं।

तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत गैस आधारित ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रहा है और वह अमेरिकी एलएनजी (तरल प्राकृतिक गैस) का पांचवां सबसे बड़ा बाजार है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका कम उत्सर्जन गैस कार्य बल के माध्यम से दोनों देशों के उद्योगों ने व्यावसायिक साझेदारी की है। उन्होंने लिखा कि अमेरिकी वित्तीय संस्थानों ने छत पर सौर ऊर्जा पैदा करने वाले उपकरण लगाने पर भारत के लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) क्षेत्र के लिए ऋण गारंटी की घोषणा की है। संधू ने कहा कि पिछले कुछ साल में हरित विकास करना और जलवायु परिवर्तन से निपटना भारत-अमेरिका साझेदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरे हैं।

### बलूचिस्तान में विस्फोट, तीन मरे, 29 जख्मी

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के सिबी जिले में मंगलवार को एक विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जियो न्यूज़ ने खबर दी है कि सिबी के जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने पुष्टि की है कि अस्पताल में तीन शव लाए गए हैं। यह विस्फोट सिबी जिले की ठंडी सड़क के पास हुआ है।

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी श्री चरण जीत सिंह ने आबादी गली नंबर 2, अजीत नगर, गांधी नगर, ग्राम सीलमपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-31 में स्थित एक निर्मित संपत्ति संख्या आईएक्स/4656, एरिया परिमाप 75 वर्ग गज, खसरा नंबर 308 में से, प्लॉट नंबर 31, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 01.11.2004 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री सपन राणा इस संपत्ति को श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी श्री चरण जीत सिंह से एक पंजीकृत ब्रिकी विलेख के माध्यम से खरीद रहें हैं और उसी के लिए ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेलः sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

सार्वजनिक सूचना
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जे.सी. शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री बी.पी. शर्मा एक फ्रीहोल्ड रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी नंबर एफ-56 (पुराना नंबर 1/1179-बी-1), प्लॉट नंबर 23 पर निर्मित, क्षेत्रफल 53.51 वर्ग मीटर (64 वर्ग गज), खसरा रंबर 486/102, पंचशील गार्डन गांव उल्धनपुर, नवीन शाहदरा, दिल्ली को बेचने का इरादा रखाते हैं। उपरोक्त संपत्ति हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है, आगे सूचित हो की स्वर्गीय सुश्री विनीता गुप्ता के श्री नवीन शर्मा, श्री मनोज शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा पुत्रगण श्री जेसी शर्मा, सुश्री रितु बाला पुत्री श्री जेसी शर्मा, श्री जेसी शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री बीपी शर्मा के अतिरिक्त अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है व वारिसान प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है।
यदि किसी व्यक्ति(ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हम इस नोटिस की तारीख से 10 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

PUBLIC NOTICE
My clients S. Avtar Singh S/o Late Faqir Singh and his wife Ms. Harminder Kaur, both R/o 2374/1B, Shadi Khampur, Gali Mandir Wali, Delhi-110008, have instructed me to notify for general information that they have severed all their relations with their son Manpreet Singh aged about 35 years as he is disobedient and disloyal towards them and on occasions also manhandles and beats them and their elder daughter Jaspreet Kaur after consuming liquor and also uses filthy and abusive language and calls bad names against all of them. He is debarred from inheriting all movable and immovable properties of my clients and all relations stand severed forthwith. He/she who deals with him shall be doing do at his/her own risk, cost and consequences and my clients shall not be responsible for his any act of omission and commission.
NAVIN KUMAR CHAUDHRY ADVOCATE
Ch. No. 3, CIVIL WING TIS
HAZARI COURTS, DELHI-110054

**रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक व्यवस्था की नींव बदल रहा है। जैसे-जैसे मलबा जमा होगा, हम एक अधिक सैन्यीकृत यूरोप और एक अधिक बहुध्रुवीय दुनिया देखेंगे, जिसका भारत के हितों पर भी प्रभाव पड़ेगा, प्रस्तुत है डॉ. स्वस्ति राव की रिपोर्ट।**



# रूस-यूक्रेन युद्ध के संभावित परिणाम

यूक्रेन पर मास्को का आक्रमण समकालीन इतिहास में एक महत्वपूर्ण बिंदु होने की संभावना है। इसने दिखाया है कि दुनिया के सबसे विकसित, लोकतांत्रिक और औद्योगिक हिस्सों में क्रूर सत्ता की राजनीति और युद्ध का खतरा बहुत अच्छी तरह से फैलाया जा सकता है।

'प्रभाव के परस्पर विरोधी क्षेत्र' बहस की सहवर्ती पृष्ठभूमि सामने आने वाली जमीनी स्थिति की व्याख्या नहीं करती है। मुख्य बात यह है कि यूक्रेन को पश्चिम के समर्थन के पुनर्निर्माण के बाद असली सवाल यह है – क्या यह पर्याप्त है? संक्षिप्त उत्तर है – नहीं। नाटो और पश्चिम जानते हैं कि वे एक हारी हुई लड़ाई लड़ने के लिए यूक्रेन को हथियारों और गोला-बारूद के साथ पंप कर रहे हैं। विश्लेषण को यूरोप के भीतर सुरक्षा अनिवार्यता पर इस संकट के प्रभाव में भी तल्लीन करने की आवश्यकता है, जो जर्मनी जैसे औद्योगिक दिग्गजों और स्वीडन और फिनलैंड जैसे आधिकारिक तौर पर तटस्थ देशों में विदेश नीति में बदलाव के साथ-साथ शरणार्थियों की अनियंत्रित वृद्धि को देख रहा है।

## यूक्रेन को पश्चिम के समर्थन का पुनर्निर्माण

● **पश्चिम के समर्थन की सीमाएं :** पश्चिम द्वारा यूक्रेन की मदद करने वाले हथियारों को मोटे तौर पर तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है – स्टिंगर मिसाइल, भाला मिसाइल और एटीजीएमएस। समस्या यह है कि यूक्रेन में एक शक्तिशाली वायु सेना प्रणाली नहीं है। पश्चिम केवल यूक्रेन को जैवलिन और स्टिंगर मिसाइलों के साथ एक सामरिक वायु रक्षा फैलाने में मदद कर रहा है (केवल सोमवार को यूक्रेन को 200 से अधिक स्टिंगर दिए गए थे)। एक शक्तिशाली वायु सेना की अनुपस्थिति में, ये मिसाइलें सामरिक वायु रक्षा को फैलाने में सक्षम बनाती हैं क्योंकि इन्हें स्वैच्छिक सेनानियों और मिलिशिया जैसे गैर-सैन्य कर्मियों की एक सरणी द्वारा कम प्रशिक्षण द्वारा संचालित किया जा सकता है। इसलिए, वे यूक्रेन जैसे देश के लिए प्रभावी हैं जहां बहादुर लोगों ने हथियार उठाए हैं और हजारों लोग हमलावर के खिलाफ अपने देश की रक्षा के लिए साइन अप कर रहे हैं। यह कहने के बाद, वे एस-400, परिष्कृत बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के अपने बैराज के साथ रूसी उन्नत हवाई हमला प्रणाली के लिए कोई मुकाबला नहीं हैं, जिसे रूस ने अब तक सक्रिय नहीं किया है। जब वे ऐसा करते हैं (और संकेत उभरने लगे हैं), यूक्रेन की सामरिक वायु रक्षा मुद्रा उखड़ जाएगी।

भले ही अमेरिका के 350 मिलियन डॉलर और यूरोपीय संघ के 500 मिलियन डॉलर के समर्थन का वादा किया गया हो, यूक्रेन को अभी उन्नत लड़ाकू विमान नहीं दिए जा सकते क्योंकि उसके पास उन्हें तैनात करने के लिए आवश्यक पृष्ठभूमि का बुनियादी ढांचा नहीं है। जब तक नाटो अपने सैनिकों को जमीन पर नहीं भेजता, या वे हैंगर और ईंधन जैसे पर्याप्त बुनियादी ढांचे के साथ नाटो के क्षेत्रों से हवाई रक्षा शुरू करने की अनुमति नहीं देते, तब तक यूक्रेन को भाला और डंक से बचाया नहीं जा सकता है। एकमात्र अपेक्षित परिणाम रूस के लिए अवास्तविक बहादुरी और प्रतिरोध करके और शायद जमीनी हमले में देरी करके खुद के लिए समय खरीदना है।

तीसरे प्रकार के हथियार जो पश्चिम यूक्रेन को दे रहा है (या युद्ध तेज होने पर देने का वादा किया है) एटीजीएम (एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल) हैं जो रूसी टैंकों और बंकरों के खिलाफ बेहद प्रभावी साबित हो सकते हैं, लेकिन विशेष और कुशल की आवश्यकता होती है युद्धाभ्यास जबकि यूक्रेनी सेना ने नाटो के साथ कुछ संयुक्त सैन्य अभ्यास किए हैं और एटीजीएम संचालित करने के लिए सेना के भीतर कुछ प्रशिक्षित सैन्यकर्मी हो सकते हैं, उनकी संख्या संतोषजनक नहीं है। फिर से बेचैन करने वाला अहसास – पश्चिम इसे जानता है।

● **एल वेस्टर्न मिलिट्री इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स :** दूसरा पहलू जो पश्चिम की सोची-समझी रणनीति को दोहराता है, वह यह है कि ये गोला-बारूद एक शेल्फ लाइफ के साथ आते हैं, जिन्हें अगर समय पर इस्तेमाल नहीं किया जाता है, तो उन्हें कबाड़ में डाल देना चाहिए। यही बात जेवलिन और स्टिंगर्स पर भी लागू होती है। रूस के बुरे कब्जे से यूक्रेन को कथित तौर पर मुक्त करने के लिए पश्चिम द्वारा यूक्रेन को इन हथियारों की आपूर्ति में सैन्य औद्योगिक परिसर के आत्म-स्थायी तर्क को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यूक्रेनी संकट शायद पश्चिम को अपनी समाप्ति के करीब मिसाइलों का अधिकतम ऑप्टिकल और नैतिक लाभ के लिए उपयोग करने में मदद कर रहा हो। इन मामलों पर स्पष्टता धीरे-धीरे लेकिन स्थिर रूप से सामने आएगी।

कहानी का सबसे दुखद पहलू यह है कि पश्चिम उपरोक्त सभी कारकों को हमेशा से जानता था। यदि वे वास्तव में शक्तिशाली रूसी सेना के खिलाफ यूक्रेनी रक्षा को मजबूत करना चाहते थे, तो 2014 में क्रीमियन कब्जे के तत्काल बाद से कदम उठाए जाने चाहिए थे। यूक्रेन को सैन्य रूप से आधुनिक बनाने के लिए आठ साल एक अच्छा समय होगा। शायद तब यूक्रेन की सैन्य क्षमताओं में लगातार वृद्धि ने 2022 में काम किया होगा। नाटो में शामिल होने की यूक्रेनी मांग कोई नई बात नहीं है। इसने रूसियों को उन पर आक्रमण करने के लिए केवल एक आदर्श बहाना दिया है। यूक्रेन इस इच्छा को खुले तौर पर व्यक्त करता रहा है (अपने अन्य पड़ोसी मोल्दोवा के विपरीत, जिसने अपने अस्तित्व के लिए, केवल यूरोपीय संघ में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है, लेकिन नाटो में नहीं।) यूक्रेन को पश्चिम का 'एकीकृत और अडिग' समर्थन एक कुएं की तरह प्रतीत होता है- सुनियोजित झांसा।

● **रूसी ग्राउंड ऑफेंसिव का विश्लेषण :** अगला सवाल यह है कि यूक्रेन अपने वीर प्रतिरोध को कितनी दूर खींच सकता है? अब तक जिस तरह से रूसियों ने युद्धाभ्यास किया है, ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने यूक्रेनियन से किसी वास्तविक इलाके-घर्षण या किसी बल-घर्षण का सामना नहीं किया है। सोशल मीडिया पर घात लगाकर हमला करने वाले रूसी टैंकों की स्टैंडअलोन तस्वीरें बड़े मनोबल बढ़ाने वाले के रूप में काम करती हैं, लेकिन जमीनी स्थिति को समझने के लिए भ्रामक हैं। इसका उद्देश्य प्रचार के लिए अनुकूल प्रकाशिकी को पिच करना है जिसका वास्तविक संचालन में बहुत कम महत्व है। यह याद रखने की जरूरत है कि रूसियों ने अभी तक वास्तविक जमीनी आक्रमण शुरू नहीं किया है। यह समझाने के लिए कि युद्ध की रणनीति कैसे काम करती है, 1991 में इराक युद्ध में अमेरिकी जमीनी आक्रमण की शुरुआत छह सप्ताह के हवाई हमले के बाद की गई थी, जिसने हवा में अपनी पूर्ण श्रेष्ठता स्थापित की। इसकी तुलना यूक्रेन में दस दिनों के विशेष सैन्य अभियान से करें। तत्परता के बावजूद, अब तक जो किया गया है, वह हमले, युद्धाभ्यास और जांच के रूप में अधिक योग्य है, न कि बर्बर जमीनी युद्ध। उत्तरार्द्ध इस बात पर निर्भर करता है कि यूक्रेनियन कितनी दूर तक लड़ने या हारने वाली लड़ाई का विरोध करने के लिए तैयार हैं।

बुरी खबर यह है कि जमीनी हमले के लिए जितने अधिक भारी हथियार तैनात किए जाते हैं, उतने ही बड़े हथियार और विनाश क्षमताएं उतनी ही बड़ी होती हैं। और जब उस घातकता को उजागर किया जाएगा, तो पश्चिम केवल यूक्रेन को इस लड़ाई को दूर से लड़ते हुए देखेगा और अधिक सहायता हथियारों और सोशल मीडिया प्रचार के साथ उनका समर्थन करेगा।

● **शहरी युद्ध की जटिलता :** यह तर्क दिया जाता है कि कैसे रूसी टैंकों, बख्तरबंद वाहनों और शहर के उत्तर में स्थित तोपखाने के 40 मील लंबे काफिले के रूप में कीव में प्रवेश करने में असमर्थ हैं। एक बार फिर, ये ऐसे बयान हैं जो अपने जीवन के लिए लड़ने वाले लोगों के मनोबल को बढ़ाने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए हैं, लेकिन वास्तविक युद्धों की योजना और महान शक्तियों द्वारा लड़े जाने के बारे में बहुत कम जानकारी प्रदान करते हैं। दो कारण हैं जो रूसियों को इंतजार कर रहे हैं, भले ही उनके हमले दिन पर दिन तेज हो रहे हों। एक शहरी युद्ध की जटिलता है जिसे समझना आसान है। शहरी युद्ध शहरों और शहरों जैसे शहरी क्षेत्रों में किया जाने वाला युद्ध है। यह परिचालन और सामरिक दोनों स्तरों पर खुले में युद्ध से बहुत अलग है। शहरी युद्ध में जटिल कारकों में नागरिकों की उपस्थिति और शहरी इलाके की जटिलता शामिल है। पुतिन इस जटिलता से अवगत हैं। नवीनतम वार्ताओं के परिणाम यही संकेत देते हैं। दूसरा एक अधिक जटिल कारण है जो पुतिन के यूक्रेनियन के मनोवैज्ञानिक थकान पर टिका है।

### फिर पुतिन क्या चाहते हैं?

पुतिन लड़ रहे यूक्रेनियन को थका देना चाहते हैं और उनके लिए इस धारणा पर भरोसा करना चाहते हैं कि पश्चिम उन्हें बचाएगा। पुतिन कीव में रूस समर्थक नेता चाहते हैं। वह न तो पूरे शहर का विनाश करना चाहता है और न ही उसके सभी लोगों को मारना चाहता है। वह चाहता है कि उन्हें यह एहसास हो कि पश्चिम के साथ एक सैन्य गठबंधन की आकांक्षा करना उनकी ओर से एक गलती थी जो उन्हें बचाने के लिए कदम भी नहीं उठा सका।

यदि सामूहिक हत्या का उद्देश्य होता, तो पहला कदम पश्चिमी सीमाओं को बंद करना होता, जहां से लोग यूक्रेन से भाग रहे हैं। 24 फरवरी से अब तक करीब एक लाख लोग पलायन कर चुके हैं। तथ्य यह है कि दूसरे दौर की बातचीत मानवीय गलियारों पर एक समझौते पर पहुंच गई है, इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि पुतिन उन्हीं लोगों को मारना नहीं चाहते हैं जिन पर वह एक छद्म के माध्यम से शासन करना चाहते हैं।

● **पुतिन के उद्देश्य :** पुतिन निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करना चाहते हैं जो रूसी आक्रमण का मार्गदर्शन करने वाले उनके सैन्य और राजनीतिक उद्देश्यों का एक समामेलन हैं।

1. वह चाहता है कि यूक्रेन नीपर नदी के साथ विभाजित हो जो पूर्व और पश्चिम के बीच एक भौगोलिक सीमा प्रदान करता है। वह पहले ही आज़ोव सागर की सीमा से लगे बन्दरगाहों को काट चुका है। वे क्षेत्र हैं जहां पुतिन ने क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद रूस के व्यापक प्रभुत्व को पहले ही स्थापित कर लिया है, जो रूसी काला सागर बेड़े का मुख्यालय है। ओडेसा (काला सागर में यूक्रेन का एकमात्र प्रमुख बंदरगाह) से शुरू होकर, मारियुपोल (आज़ोव के सागर में यूक्रेन का एकमात्र प्रमुख बंदरगाह) और इसके आगे डोनबास तक, खेरसॉन, निप्रो और खार्किव तक सभी तरह से। नतीजा यह है कि वह डोनबास और खार्किव तक समुद्र के किनारे की जमीन को काट रहा है। पुतिन पूर्वी यूक्रेन को काटकर एक स्वतंत्र क्षेत्र में बदल देंगे, जैसा कि उन्होंने 2008 में जॉर्जिया में दक्षिण ओसेशिया और अबकाज़िया में किया था।

**2. व्यवस्था परिवर्तन :** वह कीव में एक रूसी समर्थक नेता को रखेंगे। यानुकोविच का नाम ज़ेलेंस्की के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में सामने आने लगा है। इस प्रकार, एक रूसी समर्थक राष्ट्रपति के साथ एक विसैन्यीकृत और विभाजित यूक्रेन नाटो के पूर्वी हिस्से के खिलाफ बेलारूस, मोल्दोवा और जॉर्जिया के साथ रूस के लिए एक आदर्श बफर स्ट्रिप होगा।

> वृद्धि और बातचीत का आह्वान करते हुए, भारत ने तीसरी बार संयुक्त राष्ट्र से (दो बार एससी में और एक बार जीए में) भाग लिया है। यूक्रेन के प्रति भारत की प्रतिक्रिया उसकी विवादित सीमाओं की एक उत्पाद जटिल भू-राजनीति है और 'क्वाड' के साथ अपनी समुद्री रणनीति के माध्यम से अपने प्रमुख विरोधी चीन का मुकाबला करने की उसकी महत्वाकांक्षा है।

### पश्चिम क्या चाहता है?

पश्चिम पूरी तरह से जानता था कि रूसी आक्रमण के मामले में, जमीन पर नाटो सैनिकों के बिना, और अल्पविकसित वायु रक्षा के साथ, यूक्रेन, वीर प्रतिरोध के बावजूद, कुछ ही दिनों में गिर जाएगा। पश्चिम चार उद्देश्यों का पीछा कर रहा है – 1- पुतिन का अलगाव और निंदा जो पूरी दुनिया में हर तरफ से बह रही है। 2- पश्चिमी सैन्य औद्योगिक परिसर का चक्र चल रहा है। 3 – एक उग्रवाद को बढ़ावा देना जो एक बार पुतिन द्वारा पश्चिम यूक्रेन में एक रूसी समर्थक यानुकोविच को स्थापित करने के बाद तेज हो जाएगा। डेटा और शोध से पता चलता है कि 1979 और 2001 में वियतनाम, कंबोडिया, पश्चिम एशिया, इराक, अफगानिस्तान जैसे असममित युद्ध में महान शक्तियां बुरी तरह से विफल रही हैं। इसलिए, पश्चिम रूस के खिलाफ निम्न श्रेणी के विद्रोह का समर्थन और बढ़ावा देगा जो रूस को खून देगा और पुतिन की असली हार हो। 4- लंबे समय में रूसी युद्ध तंत्र को कमजोर करने के लिए रूस पर अभूतपूर्व प्रतिबंध लगाना।

विडंबना यह है कि उपरोक्त में से कोई भी आज यूक्रेन की मदद करने वाला नहीं है।

## यूरोप और उसके बाहर यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के दूरगामी प्रभाव

● **यूरोपीय संघ की प्रतिक्रिया :** यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य आक्रामकता ने यूरोपीय संघ के साथ मुलाकात की है और यूक्रेन की सेना को 500 मिलियन डॉलर के हथियारों और अन्य सहायता की घोषणा की है। यूरोपीय संघ के लिए यह पहली बार है कि वह किसी ऐसे देश को हथियारों और अन्य उपकरणों की खरीद और वितरण के लिए वित्तपोषित कर रहा है जिस पर हमला हो रहा है। यह यूरोपीय संघ की नीतियों में बदलाव को दर्शाता है क्योंकि यूरोपीय संघ की संधियां ब्लॉक को अपने सामान्य बजट का उपयोग सैन्य या रक्षा निहितार्थ के साथ संचालन के लिए करने से रोकती हैं। यूरोपीय संघ ने रूसी कुलीन वर्गों के निजी जेट सहित रूसी एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। अमेरिका ने भी रूसी विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने का फैसला करके यूरोपीय संघ में शामिल होने का फैसला किया है।

● **जर्मनी में बदलाव :** रूस के हमले ने यूरोप में भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक गणना में बदलाव की शुरुआत की है। जर्मनी ने हथियारों की डिलीवरी, रक्षा खर्च, प्रतिबंधों और कूटनीति से लेकर प्रमुख विदेशी और रक्षा विषयों पर अपनी स्थिति बदल दी है। अब तक, जर्मनी सह-चयन में प्रमुख खिलाड़ी रहा है, अक्सर अन्य नाटो सहयोगियों की अस्वीकृति, इसके ट्रान्साटलांटिक संबंधों और इसके व्यावसायिक हितों के साथ-साथ रूस की गैस पर भारी निर्भरता के लिए। नॉरमैंडी प्रारूप के तहत, यह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को हल करने के सर्वोत्तम साधन के रूप में बातचीत को बनाए रखने का भी प्रबल समर्थक था। जर्मनी ने अपनी शांति नीति और हथियारों पर प्रतिबंधात्मक रुख के कारण यूक्रेन को रक्षात्मक हथियार देने से इनकार कर दिया और यहां तक कि अपने सहयोगी एस्टोनिया से यूक्रेन तक हथियारों के शिपमेंट को भी रोक दिया। जर्मनी ने अपने पिछले पाठ्यक्रम को बदलते हुए यूक्रेन को 1000 टैंक रोधी हथियार और 500 मिसाइलें भेजने की घोषणा की है।

● **स्वीडन और फ़िनलैंड :** स्वीडन और फ़िनलैंड में भी जनता की राय, विश्व युद्ध-2 के बाद पहली बार, नाटो में शामिल होने के पक्ष में उनकी कथित तटस्थ स्थिति के खिलाफ़ झूलने लगी है। नोवस एजेंसी द्वारा संचालित एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि 37 प्रतिशत स्वीडिश नागरिक नाटो में देश के प्रवेश के पक्ष में हैं, जबकि केवल 35 प्रतिशत विपरीत स्थिति में हैं, 28 प्रतिशत अनिर्णीत हैं। यह यूरोप के सुरक्षा ढांचे के लिए दूरगामी प्रभाव के साथ बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। स्वीडन के साथ लॉकस्टेप में, फ़िनलैंड में किए गए एक समान सर्वेक्षण ने नाटो की ओर अपना झुकाव दिखाया। फ़िनिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी द्वारा जारी एक सर्वेक्षण से पता चला है कि पहली बार फिन्स के बहुमत, लगभग 53 प्रतिशत, ने गठबंधन में शामिल होने का समर्थन किया, 2017 में 19 प्रतिशत से ऊपर। एक पूर्ण 66 प्रतिशत नाटो सदस्यता का समर्थन करेगा यदि पड़ोसी स्वीडन, जो भी है लंबे समय तक एक गुटनिरपेक्ष स्थिति को बनाए रखा, एक ही समय में जुड़ता है। इसे यूरोप के सुरक्षा परिदृश्य में मूलभूत बदलाव का एक और संकेत माना गया है।

### क्या प्रतिबंध काम करेंगे?

**रूस त्वरित प्रतिबंधों के लिए दो तरह से तैयारी कर रहा है :** एसपीएसएफ के विकल्प के रूप में रूस के सिस्टम फ़ॉर ट्रांसफर ऑफ़ फ़ाइनेंशियल मैसेज की स्थापना करके और 640 बिलियन डॉलर का बड़ा विदेशी रिज़र्व (पुतिन की बीमा पॉलिसी) बनाकर। समस्या यह है कि विदेशों में एक बड़ा हिस्सा आयोजित किया जाता है। पश्चिम के वित्तीय शस्त्रागार में सबसे मजबूत हथियार स्विफ्ट सिस्टम से रूस के जी -20 सेंट्रल बैंक को काट रहा है। विदेशों में रखे गए विदेशी भंडार को जमा करने से बैंक ऑफ रूस को मुद्रा के हस्तक्षेप या खर्च करने के लिए रूसी खजाने में हस्तांतरण के लिए उनका उपयोग करने से रोक दिया जाएगा। नतीजतन, मुद्रास्फीति बढ़ जाएगी और रूबल में और गिरावट आएगी।

हालांकि, यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों में वीटीबी (रूस का सबसे बड़ा बैंक), बैंक रोसिया जैसे बैंक शामिल नहीं हैं। गज़्प्रोम बैंक को भी स्विफ्ट से बाहर रखा गया है क्योंकि वे रूसी तेल और गैस के भुगतान के लिए मुख्य चैनल हैं जो युद्ध के बावजूद यूरोपीय संघ के देश अभी भी खरीद रहे हैं। रूस के भीतर लगभग 70 प्रतिशत स्थानान्तरण के लिए अभी भी स्विफ्ट का उपयोग किया जा रहा है। चीन और रूस ने अपनी भुगतान प्रणाली स्थापित करने के बावजूद मौजूदा परिस्थितियों में तेजी से विकसित किया जाएगा।

भारत रूस के साथ व्यापार के लिए एक रुपया भुगतान तंत्र स्थापित करने के तरीके भी तलाश रहा है। रूस से उर्वरक की महत्वपूर्ण आपूर्ति बाधित हो सकती है क्योंकि प्रतिबंध तेज हो गए हैं, जिससे भारत के विशाल कृषि क्षेत्र को खतरा है।

## भारत की अनिश्चित स्थिति

वृद्धि और बातचीत का आह्वान करते हुए, भारत ने तीसरी बार संयुक्त राष्ट्र से (दो बार एससी में और एक बार जीए में) भाग लिया है। यूक्रेन के प्रति भारत की प्रतिक्रिया उसकी विवादित सीमाओं की एक उत्पाद जटिल भू-राजनीति है और 'क्वाड' के साथ अपनी समुद्री रणनीति के माध्यम से अपने प्रमुख विरोधी चीन का मुकाबला करने की उसकी महत्वाकांक्षा है।

अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था के कमजोर होने से अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी ने क्षेत्रीय भू-राजनीति में भारत की स्थिति और विकल्पों को जटिल बना दिया है।

हमें 60-80 प्रतिशत की अपनी विशाल रक्षा आपूर्ति के लिए मास्को की आवश्यकता है। उत्तर दक्षिण समुद्री गलियारे (जिसमें भारत, रूस, ईरान और मध्य एशियाई लेकिन न तो पाकिस्तान और न ही चीन शामिल हैं) के लिए और तालिबान नियंत्रित अफगानिस्तान में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए हमें मध्य एशिया तक अपनी पहुंच को सुरक्षित करने के लिए भी उनकी आवश्यकता है। जहाँ तक ये कोने फैले हुए थे, भारत केवल रूस पर निर्भर था।

यह कहानी हमारे समुद्री क्षेत्र के साथ बदलती है। यहीं हमें क्वाड की जरूरत है। आईओआर एक महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र है जो इंडो पैसिफिक के लिए अमेरिका की रणनीति के केंद्र में है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से कम रक्षा उपकरण खरीदे, लेकिन एसएसएन (परमाणु संचालित सबमरीन), एस-400, ब्रह्मोस आदि जैसी शीर्ष तकनीक की पेशकश नहीं करेगा। कोई भी समझ सकता है कि भारतीय नेता इससे परहेज क्यों कर रहे हैं। पक्ष लेना। भारत के सामने मौजूदा चुनौती ऑपरेशन गंगा के तहत यूक्रेन में फंसे अपने हजारों छात्रों को निकालने की है।

रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक व्यवस्था की नींव को बदल रहा है जैसा कि हम जानते हैं। जैसे ही मलबा सुलझेगा, हम एक अधिक सैन्यीकृत यूरोप देखेंगे। विश्व स्तर पर, हमें भारत के राष्ट्रीय हितों के लिए भी नतीजों के साथ एक अधिक बहुध्रुवीय दुनिया का सामना करने की संभावना है।

**(लेखक, यूरोप और यूरेशिया सेंटर, एमपी-आईडीएसए में एसोसिएट फेलो हैं)**

# कपिल बनने के लिए मध्यम तेज गेंदबाजी करता था : अश्विन

● 434 विकेट से आगे निकलने पर दी प्रतिक्रिया

कहा : बचपन में बनाना चाहता था बल्लेबाज



**भाषा।** बेंगलुरू

**कपिल** देव के 434 टेस्ट विकेट से आगे निकलने वाले भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया कि बचपन में वह एक बल्लेबाज बनना चाहते थे और अगला कपिल पाजी बनने के लिए मध्यम तेज गेंदबाजी करते थे। 35 वर्ष के अश्विन ने कपिल के 434 टेस्ट विकेट को अपने 85वें टेस्ट में पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में अनिल कुंबले के बाद भारत के सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा , बहुत अच्छा लग रहा है। 28 साल पहले मैं अपने दा के साथ कपिल पाजी के लिए तालियां बजा रहा था जब उन्होंने रिचर्ड हैडली का रिकॉर्ड तोड़ा था।

उन्होंने कहा , मैने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनसे ज्यादा विकेट लूंगा क्योंकि मैं बल्लेबाज बनना चाहता था , खासकर आठ वर्ष की उम्र में जब मैने खेलना शुरू किया था। उन्होंने कहा , 1994 में बल्लेबाजी मेरा शौक था। सचिन तेंदुलकर उभरते सितारे थे और कपिल देव खुद शानदार बल्लेबाज थे। अश्विन ने कहा, अपने पिता की सलाह पर मैं मध्यम तेज गेंदबाजी करता था ताकि अगला कपिल पाजी बन सकूं। वहां से आफ स्पिनर बनना और इतने साल तक भारत के लिए खेलना। मैने कभी यह सोचा भी नहीं था।

# वॉर्न ने स्पिन गेंदबाजी को नई परिभाषा और आक्रामकता दी

**भाषा।** बेंगलुरू



**शेन वॉर्न** की मौत पर अभी भी भरोसा नहीं कर पा रहे भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि आस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर ने स्पिन गेंदबाजी को नए सिरे से परिभाषित करके आक्रामकता दी। वॉर्न का शुक्रवार को थाईलैंड के कोह समुइ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा , वॉर्न ने स्पिन गेंदबाजी को विश्व क्रिकेट के मानचित्र पर अग्रणी बनाया। दुनिया में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न और अनिल कुंबले स्पिनर हैं। वह दिलचस्प इंसान थे। आस्ट्रेलिया के इतने महान खिलाड़ियों ने उनके बारे में अच्छी बातें की हैं।मैं अभी भी यह स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं कि जीवन कितना क्षणभंगुर है। कोई कयास नहीं लगा सकता कि आगे क्या होगा। शेन वॉर्न रंग बिरंगे शख्स थे। उन्होंने गेंदबाजी को नए सिरे से परिभाषित किया और 1000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए।यह बहुत दुर्लभ उपलब्धि है। वॉर्न ने इंग्लैंड के माइक गैटिंग को सदी की सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकी थी लेकिन वह अश्विन की पसंदीदा वॉर्न की गेंद नहीं है। शेन वॉर्न ने क्रिकेट जगत में स्पिन गेंदबाजी को आक्रामक बनाया। हर कोई माइक गैटिंग को फेंकी उनकी गेंद की बात कर रहा है लेकिन मेरी पसंदीदा गेंद 2005 एशेज में एंड्रयू स्ट्रॉस को डाली उनकी गेंद थी। उस श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने अकेले मोर्चा संभाला। वह असाधारण इंसान थे और अपने जीवन को भरपूर जिया। मैं राहुल द्रविड़ से बात कर रहा था जो बहुत दुखी थे। एक स्पिनर के शरीर का ऊपरी हिस्सा और कंधे बहुत मजबूत होने चाहिए क्योंकि गेंद को स्पिन कराने के लिए कई रोटेशन लेने पड़ते थे। लेग स्पिनर के लिए तो यह और भी जरूरी है। वॉर्न के कंधे बहुत मजबूत थे। लगता है कि राहुल भाई ने उनसे पूछा था कि उनके कंधे इतने मजबूत कैसे हैं। यह अनूठी कहानी है। आस्ट्रेलिया रूल्स फुटबॉल एक खेल है जो रग्बी जैसा है। वह इसे खेलना चाहते थे लेकिन उनकी कद काठी उसके लायक नहीं थी। इस खेल को खेलने वाले खिलाड़ी लंबे चौड़े होते हैं। बचपन में वॉर्न के पैर की दो हड्डियां टूट गई थी जब दूसरा बच्चा ऊंचाई से उनके ऊपर कूद गया था। दोनों पैरों पर प्लास्टर होने से वह व्हीलचेयर पर शरीर के ऊपरी हिस्से से मूवमेंट करते थे जिससे उनके कंधे मजबूत हो गए। वह चल नहीं पाते थे और बिस्तर पर थे। अपने हाथों का सहारा लेकर वह सरकते थे। इससे उनके कंधे मजबूत हुए। यही उन्होंने राहुल भाई को बताया। हम सभी के जीवन में चुनौतियां आती है लेकिन वॉर्न ने सिखाया कि उसे सफलता की सीढ़ी कैसे बनाना है।

## खेल विज्ञान के प्रशंसक नही थे वार्न

**मेलबर्न।** वह भले ही सर्वकालिक महान लेग स्पिनर रहे हों लेकिन दिवंगत शेन वार्न खेल विज्ञान में विश्वास नहीं रखते थे। इस दिग्गज आस्ट्रेलियाई ने अपने आकस्मिक निधन से पहले एक साक्षात्कार में इसका खुलासा किया था। वार्न ने अपने 15 साल के शानदार करियर में 145 टेस्ट में 708 विकेट लिए तथा लेग स्पिन गेंदबाजी की कला को पुनर्जीवित करने का श्रेय उन्हें जाता है। वार्न का शुक्रवार को थाईलैंड में 52 साल की उम्र में निधन हो गया था। वार्न ने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल प्रबंधक एंज पोस्टेकोग्लू से कहा था कि वह खेल विज्ञान के प्रशंसक नहीं थे और उन्होंने केवल एक बार बर्फ स्नान किया था। वार्न ने पोस्टकोग्लू से कहा था, मैं अक्सर सोचता हूं कि मैं इसे कैसे अपना पाऊंगा। जब मैं तरोताजा रहता था तो अच्छा महसूस करता था। मैं खेल विज्ञान से जुड़ी चीजों का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं था। आज के तामझाम को देखकर जिसे मैंने मुख्य कोच रहते हुए महसूस किया है। इन सब चीजों के साथ काम करते हुए मैंने कहा कि यह सब ठीक है लेकिन खेल का अहसास कहां है। मुझे खेल विज्ञान के हिसाब से चलने में थोड़ा परेशानी होती है। उन्होंने केवल एक बार बर्फ स्नान किया और वह भी शारजाह की गर्मी में जहां तापमान 56 डिग्री सेल्सियस चला गया था। (एक खिलाड़ी के रूप में) मैंने केवल एक बार बर्फ स्नान किया। तापमान 56 डिग्री तक चला गया था। गर्मी इतनी थी कि मैच रोक देना चाहिए था। इसके बाद हमने बर्फ स्नान किया और कुछ साथियों ने उसमें बीयर उड़ेल दी थी। यह बर्फ स्नान में बीयर होने जैसा था।

## वार्न इंग्लैंड के कोच होते तो शानदार काम करते : पोंटिंग

**दुबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने महान स्पिनर शेन वार्न को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यदि वह इंग्लैंड के कोच होते तो खेल के अपने अपार ज्ञान के कारण अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाते। एशेज में आस्ट्रेलिया की 4-0 से जीत के बाद इंग्लैंड ने मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को बर्खास्त कर दिया था। वार्न ने थाईलैंड में आकस्मिक निधन से कुछ सप्ताह पहले इंग्लैंड का कोच बनने की अपनी इच्छा के बारे में अपने दोस्तों को बताया था। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू में साथी प्रसारक ईशा गुहा से कहा, उनका (वार्न का) खेल के प्रति जुनून और ज्ञान अद्भुत था। उनमें एक बेहतरीन कोच बनने के सभी गुण थे। इंग्लैंड क्रिकेट टीम से अगर वार्न जैसा व्यक्ति जुड़ता तो मुझे लगता है कि उसने बहुत अच्छा काम किया होता। यह खेल जगत की बहुत बड़ी क्षति है। चाहे उसने कुछ कोचिंग की होती या यहां तक कि जिस तरह से वह बात करता था, वह हमें अपनी कमेंट्री के जरिए जो चीजें बताता था, मुझे लगता है कि हम सभी को उसकी कमी खलेगी। गुहा ने इससे पहले स्वयं कहा था कि वार्न ने उनके साथ बातचीत में इंग्लैंड का कोच बनने की इच्छा जताई थी।

## यूक्रेन और स्कॉटलैंड के बीच विश्व कप क्वालीफायर मैच स्थगित

**ज्यूरिख।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने यूक्रेन और स्कॉटलैंड के बीच इस महीने के आखिर में होने वाला विश्व कप प्लेऑफ सेमीफाइनल मैच स्थगित कर दिया है। फीफा ने इस बारे में स्कॉटलैंड फुटबाल संघ को सूचित कर दिया है जिसे 24 मार्च को ग्लास्गो के हैम्पडेन पार्क में इस मैच की मेजबानी करनी थी।

## अफगानी गुरबाज ले सकते हैं गुजरात टीम में रॉय की जगह

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में गुजरात टाइटंस टीम में इंग्लैंड के जैसन रॉय की जगह अफगानिस्तान के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रहमामुल्लाह गुरबाज ले सकते है। रॉय ने लंबे समय तक बायो बबल में नही रहने के लिए आईपीएल से नाम वापिस ले लिया। टी20 में 150 से अधिक का स्ट्राइक रेट रखने वाले गुरबाज बहु उपयोगी खिलाड़ी है। वह अब तक 69 टी20 मैचों में 113 छक्के लगा चुके है।

## फुटबॉल मैच के दौरान झड़प पर मैक्सिको के पांच अधिकारी निलंबित

**मैक्सिको सिटी।** सप्ताह के आखिर मे एक फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच हुई हिंसा में 26 लोगों के घायल होने के बाद मैक्सिको प्रदेश प्रशासन ने पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इसके अलावा स्टेडियम की सुरक्षा के लिए नियुक्त निजी कंपनी का भी अनुबंध रद्द कर दिया गया है। मेजबान क्वेरेतारो और एटलस के बीच शनिवार को मैच के दौरान हिंसा हुई तब पुलिस भी वहां मौजूद थी लेकिन हालात पर काबू नही पा सकी। पांच निलंबित अधिकारियों में पुलिस और नागरिक सुरक्षा अधिकारी शामिल है।

## रीयाल मैड्रिड के खिलाफ मैच से पहले घायल हुए एमबाप्पे

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन के स्ट्राइकर काइलियान एमबाप्पे के बाएं पैर में अभ्यास के दौरान चोट लग गई जबकि उनकी टीम को दो दिन बाद चैम्पियंस लीग के मैच में रीयाल मैड्रिड से खेलना है। फ्रेंच लीग क्लब ने कहा कि एमबाप्पे को सोमवार को अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगी लेकिन शुरूआती मेडिकल जांच से पता चला है कि चोट गंभीर नही है। पीएसजी ने कहा कि वह उपचार कराएंगे और मंगलवार को उनका फिटनेस टेस्ट फिर कराया जाएगा।

## डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**बेलग्रेड।** ओलंपिक चैम्पियन मोंडो डुप्लांटिस ने बेलग्रेड इंडोर मीटिंग में 6 . 19 मीटर की कूद के साथ पोलवॉल्ट में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। डुप्लांटिस ने फरवरी 2020 में ग्लास्गो में 6 . 18 मीटर का रिकॉर्ड बनाया था। स्वीडन के इस एथलीट ने कहा , मैने 6 . 19 मीटर लगाने का पचासों बार प्रयास किया। उन्होंने कहा , मेरा कद कभी ऐसा नही था कि मुझे बहुत मुश्किल आए।

# सिंधू और श्रीकांत जर्मन ओपन के दूसरे दौर में



**भाषा।** मुएलहेम एन डेर रूहर

**ओलंपिक में** दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को यहां 180,000 डालर इनामी राशि के जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने एकतरफा मुकाबले में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 21-8, 21-7 से शिकस्त दी जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने फ्रांस के विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी ब्राइस लीवरडेज़ को 48 मिनट में 21-10, 13-21, 21-7 से पराजित किया। सिंधू की यह थाईलैंड की विश्व में 11वें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ 15वीं जीत है जबकि श्रीकांत ने लीवरडेज के खिलाफ अपना रिकार्ड 4-0 कर दिया। सिंधू का अगला मुकाबला स्पेन की बीट्रिज कोरालेस या चीन के च्यांग ई मान से जबकि श्रीकांत का सामना चीन के लू गुआंग ज़ू से होगा। श्रीकांत का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 2-0 का है। श्रीकांत कोरोना संक्रमण के कारण जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। साई प्रतीक के और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को हालांकि थाईलैंड के डेचापोल पुवारानुक्रोह और सप्सिरी तेरत्तनाचाई की शीर्ष वरीय जोड़ी से पहले दौर में ही 19-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में बुसानन के खिलाफ सिंधू शुरू से हावी हो गई और उन्होंने केवल 32 मिनट में जीत दर्ज की। सिंधू ने पहले गेम में जल्द ही 11-4 से बढ़त बनाई जबकि दूसरे गेम में 7-5 से आगे होने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पुरुष एकल में श्रीकांत ने अच्छी शुरूआत करते हुए जल्द ही 19-8 की बढत बना ली और पहला गेम आसानी से जीता। दूसरे गेम में फ्रांस के खिलाड़ी ने वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में श्रीकांत ने दोबारा लय हासिल करके जीत अपने नाम की।

## टी20 महिला विश्व कप जीत की कलाकृति लगेगी एमएसजी पर

**भाषा।** मेलबर्न

**दो साल** पहले टी20 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलियाई महिला टीम की भारत पर रिकॉर्ड दर्शकों के सामने जीत की कलाकृति मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर स्थाई नुमाइश के लिए रखी जाएगी और महिलाओं के खेल में किसी भी टीम की यह पहली कलाकृति होगी। इस कलाकृति का अनावरण सोमवार को एमसीजी पर किया गया। यह एमसीजी टूर का हिस्सा होगी जिसे देखने हर साल करीब 130000 लोग आते हैं। इसे आस्ट्रेलियाई चित्रकार विंसेंट फेंटाउजो ने बनाया है। इस चित्र में टीम के 16 सदस्यों को ट्रॉफी थामे दिखाया गया हैजबकि आसमान आस्ट्रेलियाई जर्सी के पीले और हरे रंग से रंगा है। आस्ट्रेलिया ने भारत को 85 रन से हराकर खिताब जीता था। आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लानिंग ने एक , आईसीसी महिला विश्व कप फाइनल खास था और अब उसे कलाकृति के रूप में स्थाई स्मृति बनाना और भी विशेष है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन पहले इसका अनावरण याद दिलाएगा कि क्या हासिल किया।

# मिताली और मंधाना दो पायदान खिसकी

● वनडे रैंकिंग लानिंग दूसरे पर

**भाषा।** दुबई





**कप्तान मिताली** राज और स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग में दो पायदान खिसककर क्रमश: चौथे और दसवें स्थान पर पहुंच गई। मिताली महिला विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ नौ ही रन बना सकी जबकि मंधाना ने 75 गेंद में 52 रन बनाए। भारत की स्नेह राणा (नाबाद 53) और पूजा वस्त्राकर (67 रन) ने अर्धशतक बनाए।भारत ने पाकिस्तान पर 107 रन से जीत दर्ज की। वस्त्राकर 64वें स्थान पर है जबकि राणा शीर्ष 100 में नहीं है। गेंदबाजों में झूलन गोस्वामी चौथे स्थान पर बनी हुई है जबकि हरफनमौला दीप्ति शर्मा हरफनमौलाओं की रैंकिंग में छठे स्थान पर है। विश्व कप के पहले पांच मैचों के बाद रैंकिंग में काफी उतार चढाव आया है। आस्ट्रेलिया की मेग लानिंग बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर आ गई। वह शीर्ष पर काबिज हमवतन एलिसा हीली से 15 रेटिंग अंक ही पीछे है। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज बल्लेबाजों, गेंदबाजों और हरफनमौलाओं की रैंकिंग में भी आगे आई हैं। वह हरफनमौलाओं की रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंचकर चौथे स्थान पर है। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 12 पायदान चढकर 20वें और गेंदबाजों में तीन पायदान चढकर 10वें नंबर पर है।

## सानिया, अंकिता, करमन भारतीय बिली जीन किंग कप टीम में

**भाषा।** नई दिल्ली

**अनुभवी सानिया** मिर्जा और एकल खिलाड़ी अंकिता रैना तथा करमन कौर थंडी को तुर्की के अंताल्या में 12 अप्रैल से शुरू होने वाले बिली जीन किंग कप एशिया ओशियाना ग्रुप वन स्पर्धा के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। रूतुजा भोसले भी टीम में है जबकि रिया भाटिया ने जील देसाई की जगह ली है। भारत को पिछले साल अप्रैल में प्लेआफ मुकाबले में लाटविया ने 3 . । से हराया था। भारत इसमें चीन, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य और न्यूजीलैंड के साथ खेलेगा। शीर्ष दो टीमें प्लेआफ में पहुंचेंगी। कप्तान विशाल उप्पल ने कहा कि अगले चरण में पहुंचने के लिए टीम को काफी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा , चयन समिति का मानना था कि ऊंची रैंकिंग होने के कारण रिया को मौता मिलना चाहिए।वह पिछली बार कोरोना महामारी के कारण नहीं खेल सकी थी। क्वालीफिकेशन जोन कठिन है जिसमें चीन और जापान से खतरा होगा।

# इमान ने ड्रा टेस्ट की दोनों पारियों में जड़े शतक

● शफीक के साथ बनाया रिकार्ड

**भाषा।** रावलपिंडी



**पाकिस्तान** के सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां ड्रा छूटे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़े और अपने सलामी जोड़ीदार अब्दुल्ला शफीक के साथ मिलकर नया रिकार्ड भी बनाया। आस्ट्रेलिया के गेंदबाज पूरे मैच में विकेट लेने के लिए जूझते रहे और उन्होंने केवल चार विकेट हासिल किए। इमाम ने नवंबर 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलते हुए पहली पारी में 157 रन बनाए जिसे पाकिस्तान ने चार विकेट पर 476 रन बनाकर समाप्त घोषित किया था। वह दूसरी पारी में 111 रन बनाकर नाबाद रहे। शफीक ने भी दूसरी पारी में नाबाद 136 रन बनाए जो उनके टेस्ट करियर का पहला शतक है।

जब दोनों टीम निर्धारित समय से एक घंटा पहले मैच ड्रा करने पर सहमत हुई तब पाकिस्तान ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 252 रन बनाए थे और उसकी कुल बढ़त 269 रन हो गई थी। शफीक ने अपनी 242 गेंद की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया जबकि इमाम की 223 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के शामिल हैं। शफीक और इमाम पाकिस्तान की पहली सलामी जोड़ी बन गई है जिसने आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी निभाई। इन दोनों ने पाकिस्तान की पहली पारी में 105 रन की भागीदारी की थी। दूसरी पारी की उनकी साझेदारी पाकिस्तान की तरफ से आस्ट्रेलिया के खिलाफ नया रिकार्ड है।

उन्होंने खालिद इबादुल्ला और अब्दुल कादिर के बीच 1964 में कराची में बने 249 रन के रिकार्ड को तोड़ा। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी पहली पारी सात विकेट पर 449 रन से आगे बढ़ाई और पहले घंटे में ही उसकी टीम 459 रन बनाकर आउट हो गई। इस तरह से पाकिस्तान ने पहली पारी में 17 रन की बढ़त बनाई। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 रन देकर छह विकेट लिए। अपना आठवां टेस्ट खेल रहे 35 वर्ष के नोमान ने आखिरी तीन में से दो विकेट लिए।

# आस्ट्रेलिया ने पाक को दी मात

● महिला विश्व कप

**भाषा।** माउंट मोनगानुई




**सलामी बल्लेबाज** एलिसा हीली की शानदार बल्लेबाजी और अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर छह बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला विश्व कप में मंगलवार को पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लिए।पाकिस्तान के लिए कप्तान बिस्माह मारूफ (नाबाद 78) और हरफनमौला आलिया रियाज (53) को छोड़कर कोई बल्लेबाज नहीं चल सकीं। दोनों ने 99 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से पाकिस्तान ने छह विकेट पर 190 रन बनाए। इससे पहले आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लानिंग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। आस्ट्रेलिया के लिए स्टार विकेटकीपर हीली (72) ने अर्धशतक जमाया। आस्ट्रेलिया ने 15 . 3 ओवर बाकी रहते मैच जीत लिया। पहले मैच में इंग्लैंड को हराने वाली आस्ट्रेलियाई टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गईहै जबकि पाकिस्तान दोनों मैच हारकर सबसे नीचे है।पहले मैच में उसे भारत ने हराया था। जीत के लिए 191 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया के लिए हीली और रशेल हैंस (34) ने 60 रन की साझेदारी की। पहले मैच में शतक जमाने वाली हैंस ने अपनी पारी में 34 गेंदों का सामना किया। उन्हें नशरा संधू ने आउट किया। हीली और लानिंग (35) ने उपयोगी साझेदारी करके टीम को जीत की राह पर रखा।स्पिनर ओमैमा सोहेल ने 22वें ओवर में लानिंग को आउट किया और 28वें ओवर की शुरूआत में हीली को पवेलियन भेजा। एलिसे पेरी (नाबाद 26) और बेथ मूनी(नाबाद 23) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले कप्तान मारूफ और रियाज ने पाकिस्तान को शुरूआती झटकों से निकालकर सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान ने 13 ओवर में चार विकेट 44 रन पर गंवा दिए थे।

## ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन के बाद महिला हॉकी को लेकर धारणा बदली : भारतीय खिलाड़ी

**भाषा।** भुवनेश्वर

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी वंदना कटारिया, नवजोत कौर और गुरजीत कौर ने मंगलवार को कहा कि तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रहने से देश में महिला हॉकी को लेकर लोगों की धारणा बदली है। भारत पिछले साल कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में ग्रेट ब्रिटेन से हारने के बाद तोक्यो खेलों की महिला हॉकी में चौथे स्थान पर रहा था। यह 1980 के मास्को ओलंपिक में भी चौथे स्थान पर रहने के बाद पिछले 41 वर्षों में टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। मिडफील्डर नवजोत कौर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले साल तोक्यो ओलंपिक के बाद से निश्चित रूप से लोगों की मानसिकता में बदलाव आया है।

अब सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे खेल खेलें। अधिकतर माता-पिता मानते हैं कि उनके बच्चे यदि पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के साथ खेल खेलेंगे तो उनका भविष्य बेहतर होगा। फारवर्ड वंदना कटारिया ने भी उनकी हां में हां मिलाते हुए कहा कि वह उत्तराखंड में अपने गृह नगर रोशनाबाद में कई लड़कियों के हॉकी के प्रति लगाव को देखकर हैरान थी। उन्होंने कहा, ओलंपिक के बाद 250 से अधिक खिलाड़ियों को रोशनाबाद (उत्तराखंड) में हॉकी खेलते हुए देखना शानदार रहा और इन 250 खिलाड़ियों में अधिकतर लड़कियां हैं।

# माही व पलक सहित चार मुक्केबाज फाइनल में

● एशियाई युवा एवं जूनियर चैम्पियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली




माही सिवाच और पलक जाम्ब्रे सहित चार भारतीय लड़कियों ने जॉर्डन की राजधानी अम्मान में चल रही एएसबीसी एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को फाइनल में प्रवेश किया। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के सातवें दिन फाइनल में जगह बनाने वाली अन्य दो मुक्केबाज विनी (50 किग्रा) और यक्षिका (52 किग्रा) हैं। माही ने 46 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में जॉर्डन की सादेन अलरामही को हराकर भारत के लिए दिन अच्छी की शुरुआत की। माही ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और रेफरी ने तीसरे राउंड में मुकाबला रोककर भारतीय मुक्केबाज को विजेता घोषित किया। पलक ने भी 48 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में आक्रामक रवैया दिखाया और कजाकिस्तान की गौखर जरडेन को आसानी से 5-0 के शिकस्त दी। विनी और यक्षिता ने भी आसान जीत से फाइनल में प्रवेश किया। विनी (50 किग्रा) ने इराक की दल्या अल-समररे को हराया, वहीं यक्षिका ने कजाकिस्तान की शखनाज तेरझानोवा को 5-0 पराजित किया। भारत ने इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में 21 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं। इस टूर्नामेंट में पुरुषों और महिलाओं के दोनों आयु वर्ग (युवा और जूनियर) के मुकाबले एक साथ खेले जा रहे हैं। लड़कियों के वर्ग में 11 मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए, जबकि निर्झरा बाना (80 किग्रा से अधिक) सीधे फाइनल में खेलेंगी। जूनियर बालक वर्ग में नौ मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के किए।

देश के युवा पुरुष मुक्केबाज वंशज (63.5 किग्रा) और आनंद यादव (54 किग्रा) ने सोमवार की रात को अपने मुकाबलों में समान 5-0 से अंतर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। पिछली बार रजत पदक जीतने वाले वंशज ने ईरान के मोहम्मद पारसी को जबकि आनंद ने ताजिकिस्तान के बुजुर्गमेखर इक्सानोव को हराया।

## जर्मन पुरुष टीम पर कोविड का प्रकोप, भारत के खिलाफ प्रो लीग के मैच स्थगित

**भुवनेश्वर।** जर्मनी के टीम में कोविड-19 के मामले पाए जाने के बाद उसके और भारतीय पुरुष हाकी टीम के बीच इस सप्ताह के आखिर में होने वाले प्रो लीग के दोनों मैच को स्थगित कर दिए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन मैचों का आयोजन 12 और 13 मार्च को किया जाना था लेकिन जर्मन टीम में कोविड के कई मामले पाए जाने के बाद इन्हें स्थगित कर दिया गया है। एफआईएच ने बयान में कहा, एफआईएच, हॉकी इंडिया और हॉकी जर्मनी ने नए सिरे से कार्यक्रम तैयार करने पर काम कर रहे हैं। भारत का प्रो लीग में अब तक का प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है।